RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 14
नई दिल्ली, बुधवार, 16 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



धनशोधन मामले में जैकलीन फर्नांडीज को जमानत

राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# पुलिस जोड़ रही हत्या की कड़ियां परिवार को साजिश की आशंका

**श्रद्धा हत्याकांड**

- पुलिस आरोपी आफताब को महरौली के उस जंगल में लेकर गई, जहां उसने शव के टुकड़े फेंके
- पुलिस, सीबीआई व फॉरेंसिक टीमें तलाश रहीं सबूत, पिता ने लव जिहाद का मामला बताया



नई दिल्ली में छतरपुर के जंगल में श्रद्धा हत्यांकांड से जुड़ी कड़ियों को जोड़ने पहुंची पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मुम्बई** की रहने वाली श्रद्धा वालकर की हत्या ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। दिल्ली पुलिस, सीबीआई और फॉरेंसिक टीमें हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने में लगी हैं। पुलिस मंगलवार को हत्या के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला को महरौली के पास छतरपुर स्थित उस जंगल में ले गई जहां, उसने एक-एक कर शव के टुकड़े फेंके थे। दर्जनों पुलिसकर्मियों की टीम ने लगभग तीन घंटे तक वहां छानबीन की और शव के 14-15 हिस्से बरामद किए। हत्या में प्रयुक्त हथियार अभी नहीं मिला है। इस बीच, श्रद्धा के परिवार और दोस्तों ने हत्याकांड में साजिश की आशंका जताई है। मालूम हो कि श्रद्धा वालकर की उसके लिव-इन में रहने वाले प्रेमी आफताब पूनावाला ने इसी साल 18 मई को हत्या कर शव के 35 टुकड़े कर दिए थे और उन्हें बड़े फ्रिज में छुपा दिया था। वह रोज रात में शव का एक हिस्सा निकालता और छतरपुर के पहाड़ी जंगल में फेंक आता। श्रद्धा और आफताब पालघर के वसई शहर में रहते थे। दोनों के परिवार वाले जब उनकी शादी के लिए राजी नहीं हुए तो वे दिल्ली आकर महरौली में एक साथ रहने लगे थे। पुलिस सीबीआई और फॉरेंसिक टीमें हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने में लगी हैं।

मंगलवार को सीबीआई की फॉरेंसिक टीम भी महरौली थाने पहुंची और शव छुपाने में इस्तेमाल किए गए फ्रिज की जांच की। रोहिणी स्थित एफएसएल प्रयोगशाला में क्राइम सीन मैनेजमेंट विभाग के अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने बताया कि उनकी दो सदस्य टीम ने भी घटना स्थल का दौरा किया। महिला की शिनाख्त के लिए घटना स्थल से मिली हड्डियों का डीएनए टेस्ट किया जाएगा। अब यह पूरा मामला क्राइम ब्रांच को सौंपा जा सकता है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त-प्रथम (दक्षिण जिला) अंकित चौहान ने बताया कि आफताब से लगातार पूछताछ की जा रही है। इसका पता लगाया जा रहा है कि उसने इस जंगल के अलावा और कहां-कहां शव के हिस्से फेंके थे। इसलिए पुलिस टीम उसे जंगल लेकर गई थी। जिस ऐप पर श्रद्धा और आफताब के बीच जान-पहचान हुई थी, उसकी भी गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस आफताब को उस दुकान पर भी लेकर गई जहां से उसने शव के टुकड़े करने के लिए हथियार खरीदा था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने दुकान से चाकू और कूड़ा रखने वाला बैग खरीदा था। हालांकि यहां की कोई सीसीटीवी फुटेज नहीं मिल सकी। इस बीच, श्रद्धा के पिता ने इस मामले को लव जिहाद का मामला बताते हुए आरोपी के लिए मौत की सजा की मांग की है। दूसरी ओर, श्रद्धा ( शेष पेज 8 )

## आरोपी ने मई में ही कराया था चाकू से लगे घाव का इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अपनी** लिव-इन पार्टनर की हत्या करने और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला इसी साल मई में घाव का इलाज कराने के लिए एक डॉक्टर के पास गया था। यह वही समय था जब उसने हत्याकांड को अंजाम दिया। पुलिस ने उस डॉक्टर को खोज निकाला है। उनका नाम डॉ. अनिल कुमार है। इस डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि वह मई में एक सुबह घाव का इलाज कराने उनके पास आया था। डॉक्टर ने बताया कि पूनावाला जब इलाज के लिए उनके पास आया था तो बहुत आक्रामक और बेचैन था तथा उन्होंने उससे चोट के बारे में पूछा तो उसने बताया कि फल काटते वक्त उसे चोट लग गई। वह चाकू का छोटा सा घाव था, इसलिए उन्हें कोई शक भी नहीं हुआ।

# मोदी ने यूक्रेन-रूस के बीच युद्ध विराम की अपील की

**जी20 शिखर सम्मेलन**

**भाषा।** बाली (इंडोनेशिया)

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यूक्रेन विवाद को सुलझाने के लिए युद्धविराम और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया। साथ ही रूसी तेल व गैस खरीद के खिलाफ पश्चिमी देशों के आह्वान के बीच उन्होंने ऊर्जा की आपूर्ति पर किसी भी प्रतिबंध को बढ़ावा देने का विरोध किया। मोदी ने वार्षिक जी20 शिखर सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन, कोविड-19 वैश्विक महामारी और यूक्रेन संकट के कारण उत्पन्न वैश्विक चुनौतियों ने दुनिया में तबाही मचा दी है और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला चरमरा गई है।

भारत की जी-20 की आगामी अध्यक्षता का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि जब (गौतम) बुद्ध और (महात्मा) गांधी की धरती पर जी-20 की बैठक होगी, तो हम सभी एकसाथ विश्व को शांति का ठोस संदेश देंगे। खाद्य व ऊर्जा सुरक्षा पर बुलाए गए सत्र में मोदी ने वैश्विक समस्याओं के असर को रेखांकित किया और कहा कि पूरी दुनिया में आवश्यक वस्तुओं का संकट है और हर देश के गरीब नागरिकों के लिए चुनौतियां अधिक बढ़ गई हैं। मोदी ने कहा कि भारत की ऊर्जा-सुरक्षा वैश्विक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा, हमें ऊर्जा की आपूर्ति पर किसी प्रतिबंध ( शेष पेज 8 )

## चीनी राष्ट्रपति से मिले प्रधानमंत्री



बाली में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से बातचीत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**बाली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने मंगलवार को यहां जी20 शिखर सम्मेलन के एक कार्यक्रम में हाथ मिलाया। सीमा गतिरोध को लेकर दोनों देशों के तनावपूर्ण संबंधों के बीच दोनों नेताओं की इस मुलाकात ने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया।

इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो ने जी20 प्रतिनिधियों के लिए स्वागत रात्रिभोज दिया था। मीडिया के लिए उस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया जिसमें दोनों नेताओं को हाथ मिलाते देखा गया।

जी20 शिखर सम्मेलन से इतर दोनों नेताओं की संभावित द्विपक्षीय बैठक को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। लेकिन दोनों पक्षों द्वारा साझा किए गए एजेंडा में ऐसी किसी बैठक का उल्लेख नहीं है। मोदी और शी इंडोनेशियाई राष्ट्रपति द्वारा आयोजित रात्रिभोज में भाग ले रहे थे। दोनों ( शेष पेज 8 )

# मोरबी हादसे पर गुजरात सरकार को फटकार

- उच्च न्यायालय ने पूछा, संचालन और रखरखाव का ठेका बिना निविदा निकाले क्यों दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद



**गुजरात** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को मोरबी पुल त्रासदी मामले में स्वत: संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा कि ब्रिटिश काल की इस संरचना के संरक्षण एवं संचालन के लिए किस आधार पर रुचि पत्र के लिए कोई निविदा नहीं निकाली गई और बिना निविदा निकाले ही किसी व्यक्ति विशेष पर कृपा क्यों की गई। मामले की अगली सुनवाई बुधवार को होगी।

गुजरात के मोरबी जिले में मच्छु नदी पर बना ब्रिटिश काल का पुल मरम्मत के बाद खोले जाने के पांच दिन बाद 30 अक्टूबर को ढह गया था और हादसे में महिलाओं, बच्चों सहित 135 लोगों की जान चली गई थी। स्वत: संज्ञान के आधार पर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए अदालत ने जानना चाहा कि क्या राज्य सरकार ने अजंता मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड (ओरेवा समूह) के साथ 16 जून, 2008 के समझौता ज्ञापन (एमओयू) और वर्ष 2022 के समझौते में फिटनेस प्रमाणपत्र के संबंध में किसी तरह की शर्त लगाई थी, यदि ऐसा था तो इसे करने के लिए सक्षम प्राधिकार कौन था?

मुख्य न्यायाधीश अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति आशुतोष शास्त्री ने कहा, यह समझौता सवा पन्ने का है जिसमें कोई शर्त नहीं है। यह समझौता एक सहमति के रूप में है। राज्य सरकार की यह उदारता 10 साल के लिए है, कोई निविदा नहीं निकाली गई, किसी तरह की रुचि की अभिव्यक्ति नहीं है। अदालत ने पूछा, 15 जून, 2017 को अवधि बीतने के बाद राज्य सरकार और मोरबी नगरपालिका द्वारा निविदा निकालने के लिए कौन से कदम उठाए गए? क्यों अभिव्यक्ति की रुचि के लिए कोई निविदा नहीं निकाली गई और कैसे बिना निविदा निकाले किसी व्यक्ति विशेष पर कृपा की गई। अदालत ने कहा कि 15 जून, 2017 को अवधि बीतने के बावजूद अजंता (ओरेवा समूह) को पुल के रखरखाव और प्रबंधन का काम बिना किसी समझौते के जारी रखने के लिए कहा गया।

कंपनी के साथ वर्ष 2008 में एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे जिसकी अवधि वर्ष 2017 में समाप्त हुई। उच्च न्यायालय ने जानना चाहा कि क्या यह अवधि समाप्त होने के बाद संचालन और रखरखाव के उद्देश्य से निविदा निकालने के लिए स्थानीय प्राधिकारियों ने कोई कदम उठाए? उच्च न्यायालय ने सात नवंबर को कहा था कि इसने एक खबर के आधार पर पुल हादसा मामले में स्वत: संज्ञान लिया था और इसे जनहित याचिका के रूप में दर्ज किया था। अदालत ने रजिस्ट्री को निर्देश दिया था कि गुजरात सरकार (जिसका प्रतिनिधित्व मुख्य सचिव करते हैं), राज्य के गृह विभाग, नगर पालिका आयुक्त, मोरबी नगरपालिका, जिला कलेक्टर और राज्य मानवाधिकार आयोग को पक्षकार बनाया जाए। पुल हादसे के ( शेष पेज 8 )

# मैनपुरी में डिंपल यादव को चुनौती देंगे रघुराज शाक्य



रघुराज शाक्य

- भाजपा ने उप चुनाव के लिए रामपुर से आकाश सक्सेना और खतौली से राजकुमारी को टिकट दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** सांसद रह चुके रघुराज शाक्य मैनपुरी लोकसभा उप चुनाव में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को चुनौती देंगे। भाजपा ने रघुराज शाक्य को मैनपुरी उप चुनाव में पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया है।

पार्टी ने मंगलवार को उप चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। प्रसपा के अध्यक्ष शिवपाल यादव के करीबी रहे रघुराज शाक्य विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए थे। रघुराज को पार्टी ने मैनपुरी में प्रत्याशी बनाकर सपा के लिए मुकाबले को कांटे का बनाने की कोशिश की है। बीजेपी के इस दांव से अब यहां का चुनाव काफी दिलचस्प हो ( शेष पेज 8 )

## सपा ने आसिम राजा को रामपुर से प्रत्याशी बनाया

**रामपुर (भाषा)।** समाजवादी पार्टी ने रामपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए आसिम राजा को मंगलवार को अपना उम्मीदवार घोषित किया। सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान ने पार्टी के जिला कार्यालय दारूल आवाम में आयोजित बैठक में आसिम राजा के नाम की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि आसिम राजा पिछले महीने सपा के टिकट पर रामपुर लोकसभा उपचुनाव लड़े थे। भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी ने आसिम राजा को भारी मतों से हरा दिया था।

## मधुमेह समेत अन्य रोगों से ग्रसित लोगों के लिए वैकल्पिक भोजन देगा रेलवे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रेलवे** बोर्ड ने अपनी खानपान और पर्यटन शाखा आईआरसीटीसी को स्थानीय और क्षेत्रीय व्यंजनों के साथ-साथ मधुमेह रोगियों, शिशुओं और पौष्टिक आहार के इच्छुक लोगों के लिए उपयुक्त भोजन को अपने मेन्यू में शामिल करने की छूट दी है। रेलवे बोर्ड द्वारा भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) को भेजे गए एक परिपत्र के मुताबिक, इस कदम का उद्देश्य ट्रेनों में खानपान सेवाओं में सुधार करना और यात्रियों को अधिक विकल्प देना है। इसके मुताबिक, ट्रेन में खानपान सेवाओं में सुधार के मद्देनजर आईआरसीटीसी के मेन्यू को अधिक लचीला बनाने का निर्णय लिया गया है ताकि क्षेत्रीय व्यंजनों, मौसमी व्यंजनों, त्योहार के दौरान की जरूरी वस्तुओं, मधुमेह रोगियों और शिशुओं के लिए भोजन को शामिल किया जा सके। परिपत्र में यह भी कहा गया कि प्रीपेड ट्रेन के यात्रियों के लिए भोजन के तय शुल्क के मुताबिक बदलाव किया जा सकता है। प्रीपेड ट्रेन के यात्री किराए में भोजन शुल्क शामिल होता है।

# जलवायु सुरक्षा में भारत की रैंकिंग सुधरी, 8वें स्थान पर

- निम्न उत्सर्जन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के बढ़ते उपयोग से दो पायदान का हुआ फायदा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक, 2023 में 63 देशों/संघों की सूची में दो पायदान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर आ गया है और इसका श्रेय उसके निम्न उत्सर्जन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के लगातार बढ़ते उपयोग को जाता है। पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले तीन गैर सरकारी संगठनों ने सोमवार को यह रिपोर्ट जारी की। ये तीनों संगठन यूरोपीय संघ तथा 59 देशों के जलवायु संबंधी कार्य प्रदर्शन पर नजर रखते हैं।

विश्व में ग्रीन हाउस गैस का 92 फीसद उत्सर्जन इन्हीं देशों में होता है। जर्मन वाच, न्यू क्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाईमेट एक्शन नेटवर्क की यह रैंकिंग इस बात पर आधारित है कि किस तरह ये देश 2030 तक अपना उत्सर्जन आधा करने तथा खतरनाक जलवायु परिवर्तन को रोकने दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और इस संबंध में क्या कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में पहले तीन स्थान खाली रखे गए हैं क्योंकि किसी भी देश ने सूचकांक की सभी श्रेणियों में इतना प्रदर्शन नहीं किया है कि उन्हें संपूर्ण अच्छी रेटिंग दी जाए। सूची में डेनमार्क को चौथे, स्वीडन को पांचवें और चिली को छठे स्थान पर रखा गया है।

भारत को ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन एवं ऊर्जा उपयोग श्रेणियों में अच्छी रेटिंग मिली है जबकि उसे जलवायु नीति तथा नवीकरणीय ऊर्जा खंडों में मध्यम रेटिंग मिली है। दुनिया में सबसे बड़ा प्रदूषक देश चीन 13 पायदान नीचे गिरकर 51 वें नंबर पर आ गया है तथा उसे कोयला आधारित नए विद्युत संयंत्रों की योजना के चलते खराब रेटिंग मिली है। अमेरिका तीन पायदान चढ़कर 52 वें नंबर पर है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,872 ↑ 248 | |
| निफ्टी | 18,403 ↑ 74 | |
| सोना | 53,275 ↑ 294 | /10g |
| चांदी | 63,148 ↑ 366 | /kg |

## क्विक न्यूज

### चित्रा रामकृष्ण की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के कर्मचारियों की कथित अवैध फोन टैपिंग और जासूसी से जुड़े धन शोधन के मामले में चित्रा रामकृष्ण की जमानत याचिका पर फैसला मंगलवार को सुरक्षित रख लिया। एनएसई की पूर्व प्रबंध निदेशक ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इस दावे पर आपत्ति जताई कि वह मुख्य षडयंत्रकारी थी और उन्होंने रेखांकित किया कि उन्होंने चार महीने हिरासत में बिताए है। रामकृष्ण की वरिष्ठ वकील की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा, दलीलें सुनी गईं। फैसला सुरक्षित रखा जाता है। वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन ने रामकृष्ण की ओर से पेश होते हुए दलील दी कि ईडी का यह दावा कि वह मुख्य षडयंत्रकारी है।

# सेंसेक्स सर्वकालिक उच्चस्तर पर

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**वैश्विक** बाजारों में मजबूती के रुख के बीच बैंकिंग और ऊर्जा शेयरों में अंतिम घंटे में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार बीएसई का सेंसेक्स 248 अंक की बढ़त के साथ अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। कारोबारियों के अनुसार, रुपए में मजबूती, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों में सुधार और विदेशी निवेशकों की लगातार लिवाली से भी निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला।

उतार-चढाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 248.84 अंक यानी 0.40 प्रतिशत चढ़कर 61,872.99 अंक पर बंद हुआ। इसी के साथ सेंसेक्स 11 नवंबर के अपने पिछले रिकॉर्ड स्तर 61,795.04 अंक को पार कर गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 61,955.96 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 74.25 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,403.40 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में सकरात्मक रुख ने घरेलू शेयर में शुरूआती कारोबार के दौरान आई गिरावट को बढ़त में बदल दिया। बैंकिंग शेयरों में लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला। उन्होंने कहा, खाद्य और जिंस उत्पादों की कीमतों में गिरावट ने घरेलू मुद्रास्फीति को सात प्रतिशत से नीचे रखने में मदद की है।

हालांकि, खुदरा मुद्रास्फीति आरबीआई के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से अब भी ऊपर बनी हुई है। इसके अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही से ही नरम होने की संभावना है। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड के शेयर में सबसे अधिक 2.20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, एसबीआई, डॉ. रेड्डीज, टाइटन, एमएंडएम और एचडीएफसी लिमिटेड और एचडीएफसी बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

# धरती बनी आठ अरब सदस्यों का परिवार

- दुनिया ने किया विशिष्ट सदस्य का स्वागत, भारत अगले साल होगा सबसे अधिक आबादी वाला देश
- जनसंख्या बढ़ोतरी में भारत का सर्वाधिक योगदान

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र



प्रतीकात्मक चित्र

**मानवता** के विकास में 15 नवंबर मंगलवार का दिन विशिष्ट बन गया, जब धरती आठ अरब सदस्यों का परिवार बनीं। विश्व की जनसंख्या में एक अरब लोगों को जोड़ने में मात्र 12 साल लगे।

बहरहाल, बढ़ती वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत का अगले साल चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बनना तय है। वैश्विक जनसंख्या के आठ अरब के आंकड़े को छूने में भारत का सबसे अधिक योगदान रहा। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के मुताबिक दुनिया की जनसंख्या सात अरब से आठ अरब तक पहुंचने में 17.7 करोड़ लोगों का सर्वाधिक योगदान भारत का है जबकि दूसरे नंबर पर चीन है, जिसने इसमें 7.3 करोड़ लोग जोड़े। जनसंख्या घड़ी ने 15 नवंबर को 80,000,000,000 (आठ अरब) का आंकड़ा दर्शाया। खास बात यह है कि इनमें से एक अरब लोग तो पिछले 12 वर्षों में जुड़े हैं।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने ट्वीट किया, आठ अरब उम्मीदें, आठ अरब सपने, आठ अरब संभावनाएं। हमारा ग्रह अब आठ अरब लोगों का घर है। संयुक्त राष्ट्र ने जनसंख्या के आठ अरब तक पहुंचने को मील का एक उल्लेखनीय पत्थर करार दिया। मानव आबादी लगभग 1800 ईस्वी तक एक अरब से कम थी, एक से दो अरब तक बढ़ने में 100 से अधिक वर्ष लगे। यूएनएफपीए ने कहा कि हमारी आबादी की ( शेष पेज 8 )

## भारत से जुड़े प्रमुख तथ्य और आंकड़े

**अच्छी** खबर यह है कि भारत की जनसंख्या वृद्धि स्थिर होती दिख रही है। कुल प्रजनन दर, कमोबेश प्रति महिला प्रजनन दर की औसत संख्या राष्ट्रीय स्तर पर 2.2 से घटकर 2.0 हो गई है। कुल 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (देश की आबादी का 69.7 फीसदी) ने 2.1 के स्तर से नीचे प्रजनन दर हासिल की है।

-प्रजनन क्षमता में गिरावट के मुख्य कारणों में शामिल हैं- परिवार नियोजन की आधुनिक विधियों को अपनाने में बढ़ोतरी (2015-16 में 47.8 फीसदी से 2019-21 में 56.5 फीसदी तक) और इसी अवधि में परिवार नियोजन की कम आवश्यकता में 4 फीसदी अंकों की कमी। यह परिवार नियोजन संबंधी जानकारी और सेवाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार का संकेत देता है। संक्षेप में, यह दर्शाता है कि भारत की राष्ट्रीय जनसंख्या नीतियां और स्वास्थ्य प्रणालियां काम कर रही हैं।

-भारत एक युवा राष्ट्र है जिसके पास दुनिया के किसी भी देश से युवा लोगों का सबसे बड़ा समूह है, जिसमें जनसांख्यिकीय लाभांश प्राप्त करने की बड़ी क्षमता है। जबकि दुनिया के कई हिस्से बुजुर्ग हो रहे हैं, भारत की युवा आबादी वैश्विक समस्याओं को हल करने के लिए एक वैश्विक संसाधन हो सकती है।

# नोएडा को स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन बनाने की पहल, प्राधिकरण ने विभागों को बांटे काम

● जिले में सफाई व्यवस्था पर दिया जोर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में भी प्रतिभाग कर रहा है। इस बार सर्वेक्षण में नंबर-1 का खिताब मिले इसके लिए एक बैठक सेक्टर-6 इंदिरा गांधी कलाकेंद्र में आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने विभागों को निर्देशित किया और बताया कि किस तरह से हम पहली रैंकिंग हासिल कर सकते है।

बैठक अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। डीजीएम हेल्थ एसपी सिंह ने बताया कि पिछली बार जो भी गैप रहा गया था उसका एनालिसिस किया गया। साथ ही ये तय किया गया कि जहां भी कम्युनिकेशन में कमी रह गई उसको दूर किया जाएगा। इस मौके पर परियोजना अभियंता विजय रावल, आर के शर्मा मौजूद रहे।

सिविल विभाग, नोएडा क्षेत्र में कहीं भी शौचालयों एवं रोड के डिवाइडर पर टूट-फूट होती है तो उस समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। उद्यान विभाग, नोएडा क्षेत्र में जहां कहीं भी गमलों की आवश्यकता हो उसकी तुरंत आपूर्ति की जाए। विद्युत एवं यांत्रिक विभाग, नोएडा क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट से संबंधित समस्या एवं शौचालयों में बिजली आपूर्ति की समस्या का समाधान किया जाए।

जल एवं सीवर विभाग, शौचालयों में जला पूर्ति एवं सीवर संबंधित समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए। वर्क सर्किल एवं जन स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि नोएडा क्षेत्र में सफ ाई व्यवस्था बनाए रखे। प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर चलाया जाए अभियान सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णत: प्रतिबंधित करने के आदेश है।

इसका शत प्रतिशत अनुपालन कराया जाए। साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर अभियान चलाया जाए। नोएडा में अनेक स्थानों पर सुंदर एवं आकर्षक पेंटिंग बनाई गई है। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने सभी विभागों से अपील की कि अपने.अपने स्तर पर नोएडा को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नंबर-1 बनाया जाए।

**पहले की स्थिति**

- 2019 में 150वीं रैंक
- 2020 में 25वीं रैंक प्राप्त
- 2021 में नोएडा ने क्ली नेस्ट मीडियम सिटी का अवॉर्ड
- 2022 में बेस्ट सस्टेनेबल सिटी की उपाधि हासिल
- गार्बेज फ्री शहरों की रैंकिंग में फाइव स्टार रैंकिंग हासिल

# तालाब की जमीन से कब्जा हटाने गई टीम के सामने हुआ हंगामा

● महिलाओं ने खुद को घर में बंद कर फूस में लगाई आग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

खोड़ा गांव में तालाब की जमीन से अवैध कब्जा हटाने के दौरान दो महिलाओं ने हंगामा करते हुए खुद को घर में बंद कर घास फूस में आग लगा दी। इसके बाद खोड़ा नगर पालिका परिषद और प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्रवाई रोक दी। अधिकारियों ने सरकारी काम में बाधा डालने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने के आरोप में दोनों महिलाओं समेत छह लोगों के खिलाफ खोड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

खोड़ा नगर पालिका परिषद की टीम मंगलवार दोपहर खोड़ा गांव में तालाब की जमीन से अवैध हटवाने पहुंची। टीम ने चार घरों की दीवारों को जेसीबी से तोड़ा गया। इसी दौरान कविता और अनीता नाम की महिलाओं ने खुद को घर में बंद कर लिया और घास में आग लगाकर आगजनी का प्रयास किया। हालांकि आग बुझा दी गई। हंगामे के चलते अतिक्रण हटाने की कार्रवाई रोकनी पड़ी। इसके बाद दोनों महिलाएं बाहर घर से बाहर निकलीं। नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता की शिकायत पर खोड़ा थाना पुलिस ने सरकारी काम में बाधा डालने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। खोड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आगजनी का प्रयास करने वाली महिलाएं कविता पत्नी पिंटू, अनीता पत्नी सुंदर के साथ तीन भाइयों. विजय, सुंदर, पिंटू पुत्र डूगर और सुबोध पुत्र बैजनाथ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। सुबोध ने भी घर में आग लगाने की धमकी दी थी। अधिकारियों के मुताबिक खोड़ा गांव में तालाब की जमीन पर 19 लोगों ने कब्जा किया हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार



ग्रेटर नोएडा वेस्ट में लगा जांच शिविर, 3 हजार लोगों हुई जांच।

### अपर मुख्य सचिव आज एयरपोर्ट का जाजया लेंगे

**नोएडा।** नागरिक उड्डयन विभाग के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल बुधवार को जेवर एयरपोर्ट का जायजा लेंगे। वह वहां चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट को जानेंगे। साथ ही, आगामी कार्यों की समय सीमा तय करेंगे। निरीक्षण के दौरान नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह भी रहेंगे। जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण का निर्माण कार्य चल रहा है। सितंबर 2024 तक यहां से उड़ान शुरू होने की उम्मीद है।

### भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने मांगी सुरक्षा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के भाजपा मंडल अध्यक्ष ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। हमले के बाद से मंडल अध्यक्ष काफी भयभीत है। मंडल अध्यक्ष ने बीटा दो कोतवाली प्रभारी और डीसीपी से मुलाकात कर सुरक्षा की मांग की है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष महेश चंद शर्मा ने पुलिस को बताया कि घटना के बाद से वह काफी डरे हुए हैं। भाजपा नेता ने बताया कि तीन नवंबर को हमलावरों ने उनपर पिस्टल तान दी थी, जबकि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता शिवम और सिंगा पंडित पर हमला किया था। सिंगा पंडित को बुरी तरह पीटा गया था। इस घटना के बाद से वह काफी डरे हुए हैं। वह इस केस के वादी भी हैं।

### फर्जी बिल के इस्तेमाल से आयकर की कर रहे थे चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-11 स्थित कियाल एंपायर डिजाइन प्राइवेट की उत्पादन इकाई पर आयकर विभाग की कार्रवाई सोमवार को पूरी हो गई। जानकारी के अनुसार फर्जी बिल के इस्तेमाल से कंपनी आयकर चोरी कर रही थी। आयकर विभाग की टीमों ने देश में अलग.अलग स्थानों पर एक साथ छापेमारी की थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जांच टीम को कार्रवाई में पता चला है कि कंपनी माल की खरीद के फर्जी बिल इस्तेमाल करती थी। उस माल की खरीद जो कि किया ही नहीं है, उसका चेक को भुना लेती थी। कंपनी काफी समय ये यह फर्जीवाड़ा कर रही थी। जानकारी के अनुसार इसमें आयकर विभाग की टीम कारोबारी को दफ्तर बुलाकर भी पूछताछ कर सकती है।

### किसान आयोग बनाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन भानु ने किसानों को कृषि के साथ आत्मनिर्भर बनाने की मांग की है। अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन किसानों ने जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम सौंपा। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भाकियू भानु ने किसान आयोग का गठन, आयोग में सभी पद पर किसानों की तैनाती, अध्यक्ष किसान, किसानों के सभी कर्ज माफ और किसानों को फसल के लिए मुफ्त बिजली की मांग रखी है। ज्ञापन देने वालों में उपाध्यक्ष केशव चौधरी, जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, जयचंद्र प्रधान, राहुल शर्मा, विवेक यादव, संदीप कुमार, प्रमोद कुमार, जितेन्द्र शर्मा, सीमा राणा, पूनम, कपिल त्यागी, तरूण मानव, नदीम, नसीम आदि मौजूद रहे।

### जागरूकता अभियान में डीसीपी ट्रैफिक ने बताए नियम

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के आईआईएमटी कॉलेज में आज यातायात जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा में आईआईएमटी कॉलेज के साथ मिलकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में डीसीपी ट्रैफिक, डीसीपी ग्रेटर नोएडा उसके अलावा रोटरी क्लब के सदस्य मौजूद रहे। गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट के द्वारा नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसको लेकर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### अचानक बदला वेंडिंग कमेटी की बैठक का समय

**गाजियाबाद।** नगर निगम में आज सुबह प्रस्तावित वेंडिंग जोन की बैठक अचानक टल गई है और इसका टाइम बदल दिया गया है। अब वेंडिंग जोन की बैठक सायं को साढ़े सात बजे नगर निगम सभागार में होगी। वेंडिंग जोन की यह बैठक कई वर्ष बाद होने जा रही है। इस बैठक में ही कई वर्ष पहले शहर में पांच स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने का फैसला लिया गया था। हालांकि, शहर में कहीं भी पास हुए प्रस्ताव के आधार पर वेंडिंग जोन नहीं बनी है। इसके बावजूद वेंडिंग जोन को लेकर जगह.जगह विवाद भी होते रहे हैं।

### बस-टेम्पो की भिड़ंत में चालक की मौत, चार घायल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद से मोदीनगर आ रही एक अज्ञात बस ने एक टेम्पो में टक्कर मार दी। हादसे में टेम्पो चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि टेम्पो सवार चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुरादनगर की गंगाविहार कॉलोनी निवासी सूरजमल 50 टेम्पो चलाता है। मंगलवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे वह टेम्पो में सवारी लेकर मोदीनगर की ओर जा रहा था।

# संभव कार्यक्रम में लोगों ने दर्ज कराई शिकायतें

● कूड़े और मलबा नहीं उठने से स्थानीय लोग हो रहे परेशान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




नगर निगम गाजियाबाद सभागार में संभव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं।

संभव कार्यक्रम में लगभग सभी विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बता दें कि संभव कार्यक्रम सुबह दस बजे शुरू होकर दो बजे तक चलता है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या दर्ज करा सकता है। इसी क्रम में नगर निगम में कई लोगों ने शिकायतें दर्ज कराई। आधा दर्जन शिकायत दर्ज कराई जा चुकी थीं। इनमें कूड़ा नहीं उठाने, सीवर ओवर फ्लो और कई जगह अतिक्रमण को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है।

इनमें से कई शिकायतों का निस्तारण तुरंत दूर करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ट्रेनिंग के लिए दिल्ली में हैं जिसके चलते वह संभव कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। इसलिए संभव कार्यक्रम का आयोजन अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है।

### नोएडा में ओकेजन बार लाइसेंस लेना ज़रुरी

**नोएडा।** शादी समारोह या किसी अन्य आयोजन में लोगों को शराब परोसनी है तो इसके लिए अब आबकारी विभाग से परमिशन लेनी होगी। डीएम सुहास एलवाई ने स्पष्ट कहा कि जनपद के होटल, रेस्टोरेंट, क्लब एवं मैरिज हॉल में पार्टी आयोजित की जाती है। जिसमें शराब परोसने की शिकायत आ रही है।

ऐसा करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए आबकारी विभाग से नियमानुसार ओकेजन बार लाइसेंस लेना होगा। इसके लिए आबकारी विभाग की वेबसाइट में जाकर आइकॉन पर क्लिक कर ओकेजन बार लाइसेंस के आइकॉन अंदर प्रथम बॉक्स में रजिस्ट्रेशन करे।

**एक बार फिर सगे रिश्ते हुए तार-तार**

# भाई के नाबालिग पोते ने 5 साथियों के साथ मिलकर की थी दादी की हत्या, पकड़े गए

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र के गांव सीकरी में 10-11 अक्टूबर को हुई सरोज शर्मा नामक अधेड़ महिला की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने नाबालिग समेत तीन हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस द्वारा किये गये चौकाने वाले खुलासे के दौरान दादी.पोते जैसे अटूट रिश्ते एक बार फि र से टूटते दिखाई दिये। पुलिस के मुताबिक जिस महिला सरोज शर्मा की हत्या हुई वह पुत्र के प्रेम विवाह करने से बेटे व उसके पत्नी से क्षुब्ध हो गई थी। इसके बाद उसका पुत्र अपनी पत्नी के साथ कहीं बाहर रहने लगा था। उसी समय महिला ने अपने भाई के नाबालिग पोते अन्नू परिवर्तित नाम को अपने पास रख लिया था। कुछ समय महिला ने अपनी जमीन का हिस्सा बेचा था जिसकी एवज में उसे मोटी रकम मिली थी। इस रकम को डकारने के लिये ही अन्नू ने अपनी दादी की हत्या की साजिश रच डाली। शातिर दिमाग अन्नू ने पिता की बहन की हत्या करने के लिये अपने साथ के चार और लडकों, युवकों को पैसे का लालच देकर अपने साथ मिला लिया। इसके बाद अन्नू ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपनी दादी सरोज शर्मा का मर्डर 10,11 अक्टूबर को कर दिया। पुलिस के अनुसार उक्त ब्लाइंड मर्डर की रिपोर्ट मृतका के पुत्र ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज करवाई थी। पुलिस तभी से सरोज मर्डर केस का खुलासा करने का प्रयास कर रही थी। सूत्रों की माने तो इस मर्डर केस के खुलासे में एसपी देहात डॉ राजा व उनकी टीम की भी अहम भूमिका रही।

### प्रॉपर्टी के चलते बेटे ने ही किया था मां का कत्ल, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** भोजुपर थाना पुलिस ने 10 नवंबर को हृदयपुर भंडोला गांव में हुई अनीसा बेगम नामक वृद्धा की हत्या का खुलासा करते हुए उसके पुत्र जावेद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक वृद्धा की हत्या के पीछे मां-बेटे में प्रॉपर्टी को लेकर हुआ विवाद रहा। पुलिस की माने तो गिरफ्त में आये जावेद ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसने अपनी मां से टेंपू दिलवाने की बात कही थी, लेकिन मां ने इन्कार कर दिया। इसके बाद पहले तो उनके बीच विवाद हुआ और फिर बेटे ने अपनी मां की पिटाई कर दी। इस घटना के बाद मां ने अपने पुत्री बुला लिया। मां ने पुत्र को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह नहीं सुधरा तो अपनी सारी संपत्ति पुत्री के नाम कर देगी। बस तभी जावेद ने अपनी मां की हत्या करने की ठान ली। 10 नवंबर को दिन के समय जावेद ने गला घोटकर मां की हत्या कर दी और रात को उसके शव को खेत में फेंक आया। इसके बाद उसने अपने पड़ोसियों को फंसाने के लिये रिपोर्ट में उनके नाम दर्ज करवा दिए। भोजपुर थाना पुलिस ने हत्या की गुत्थी तो सुलझ ली है लेकिन एक बार फिर एक बार फिर से मां और बेटे जैसे पवित्र व अटूट रिश्ता तार-तार हो गया।

### मुआवजे के पैसे के बंटवारे को लेकर भाई को मारा

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के रोजा याकूबपुर गांव में बड़े भाई के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि परिवार को मिले चार करोड़ रुपये मुआवजे के बंटवारे में उसे बराबर का हिस्सा नहीं मिलने से वह नाराज था। परिवार द्वारा उसकी पत्नी का सही इलाज भी नहीं करवाया गया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस बात को लेकर भी वह भाई से नफरत करने लगा था। बिसरख कोतवाली प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि रोजा याकूबपुर गांव में अनिल नागर की हत्या करने वाले आरोपी कपिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निशांत वर्मा/ आस्था- LBMRT00005674558 | प्लॉट नंबर 131, पर निर्मित फ्लैट, ग्रीन सिटी, खसरा नंबर 328, ग्राम विद्यापुर सफियाबाद, परगना जलालाबाद, तहसील मोदीनगर, जिला ग़ाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश/ नवंबर 10, 2022 | जनवरी 29, 2022 रु. 23,09,629/- | ग़ाज़ियाबाद/ मेरठ/ मोदीनगर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 16, 2022
स्थान : ग़ाज़ियाबाद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पुष्पेंद्र चौधरी/ राजीव कुमार श्रीवास्तव/ LBDEL00002478709 | फ्लैट नंबर- 1103, 11वीं मंज़िल, टॉवर- ए, अल्पाइन हाइट्स, हाउंस्लो बिल्डर्स, मेन दिल्ली रोड, राजवाड़ा फार्म हाउस के सामने, रीतानी मेरठ/ नवंबर 11, 2022 | अप्रैल 30, 2019 रु. 25,08,795/- | दिल्ली/ मेरठ |
| 2. | प्रवीण ठाकुर/ सचिन ठाकुर/ LBDEL00002392530 | फ्लैट नंबर 601, छठी मंज़िल, आर्क रेजीडेंसी, ई-ब्लॉक, कमर्शियल प्लॉट पॉकेट ई शारदापुरी फेज़ 2, मेरठ, उत्तर प्रदेश/ नवंबर 11, 2022 | मार्च 25, 2021 रु. 37,36,600/- | दिल्ली/ मेरठ |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 16, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**भौतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों, (दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के विषय में मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या (डीएचएफएल ओल्ड एलएएन एवं आईसीआईसीआई न्यू एलएएन) | सम्पत्ति का वर्णन/कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संतोष सिंह/ममता सिंह/ खाता सं. : 28300000490, खाता सं. : क्यूजैडआरओएच00005029570 | पी बर 27 एवं 27-ए, तृतीय तल (फ्रंट साइड) छत के अधिकार सहित, ब्लॉक-बी, खसरा नंबर 876, गली नंबर 9, ग्राम नवादा, सेवक पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली- 110059 / 10-11-2022 | 28-11-2019 रू. 35,30,834/- | दिल्ली |

उपरोक्त कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 16-11-2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201-बी, द्वितीय तल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर बी 3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, थाने,महाराष्ट्र-400604

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गोटे राहुल यशवंत/शोभा यशवंत गोटे, LBPUN00005914372/ पुणे ससवाड रोड, प्लॉट नंबर 201 डी 4 बिल्डिंग त्रिमूर्ति नगर, जकात नाका के पीछे, महाराष्ट्र, पुणे-412308 | फ्लैट नंबर 104, प्रथम तल, वैष्णवी सिटी फेज नंबर 1, महिला को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, विंग "ए" एसआर नंबर 21, हिस्सा नंबर 1, मौजे उरूली देवाचिताल हवेली, जिला पुणे, महाराष्ट्र, पुणे-412307 | 07-10-2022 रू. 21,65,745/- | 06-08-2022 |

सूचना की वैकल्पिक तामील के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 16 नवम्बर, 2022
स्थान : नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्जदार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुशरण में मंज़ूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समुनदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने की माँग की गई थी।

कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।

कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नीरज/ ज्योति (19600043191 & QZGRN00005035500) | प्रॉपर्टी नंबर आरजेड 136, दूसरी मंज़िल, फ्रंट साइड केएच नंबर 616 और 617, गाँव नसीरपुर, कैलाश पुरी, पालम कॉलोनी, दिल्ली/ नवंबर 10, 2022 | जून 03, 2021/ ₹ 31,74,268/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | गौरव मदान/ पल्लवी मदान (26600001228 & QZDEL00005017511) | प्रोपटी नंबर- 24-ए, पुराना प्लॉट नंबर-24, पहली मंज़िल, रियर साइड विदाउट रूफ, ब्लॉक-बी-1, गली नंबर 5, केएच नंबर 104/13, गाँव- पालम, राजापुरी उत्तम नगर, दिल्ली/ नवंबर 10, 2022 | जून 03, 2021/ ₹ 17,39,592/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 16, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : आर-13, एस/एफ ग्रेटर कैलाश-I, नई दिल्ली-110048, भारत
सीआईएन : एल34102डीएल1985पीएलसी020156
ई-मेल : sidhindia1985@gmail.com, वेबसाइट : www.sidhgroup.in
30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु
अ-लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का विवरण

(राशि लाख रु. में)

| विवरण | तिमाही समाप्त 30-09-2022 (अ-लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30-09-2021 (अ-लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 4.10 | 4.57 | 13.02 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 0.13 | 2.33 | (4.27) |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 0.13 | 2.33 | (4.27) |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 0.13 | 2.33 | (4.27) |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्वात) सम्मिलित है] | 0.13 | 2.33 | (4.27) |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 296.23 | 296.23 | 296.23 |
| संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) | | | |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/-प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) (क) मूल : | 0 | 0.08 | -0.14 |
| (ख) तनुकृत : | 0 | 0.08 | -0.14 |

नोट्स :
1. उपरोक्त परिणाम निदेशक मंडल द्वारा 14 नवम्बर, 2022 को सम्पन्न उनकी बैठक में अभिलेखबद्ध किया गया था।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है।
3. अलेखापरीक्षित वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) पर तथा कम्पनी की वेबसाइट www.sidhgroup.in पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड
हस्ता./-
(अनिल शर्मा)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 02928210

तिथि : 14-11-2022
स्थान : दिल्ली

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# भाजपा और आप ने जारी किए अपने प्रचार गीत

## भाजपा का मतलब सेवा है सेवक अपना बनाए रखना

## जनता की तैयारी है केजरीवाल की बारी है


थीम सांग जारी करते प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता, साथ में नेता प्रतिपक्ष रामवीर व सांसद मनोज तिवारी।


थीम सांग जारी करने के दौरान डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया व अन्य। फोटो: रंजन डिमरी

### ● इस विजय गीत ने दिल्ली की व्यथा और कथा को सामने रख दिया है : आदेश गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा ने दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए अपना प्रचार गीत जारी किया। इसमें कोरोना महामारी के दौरान मोदी सरकार और भाजपा शासित निगमों के सेवाओं का जिक्र किया गया है। साथ ही आम आदमी पार्टी पर प्रदूषण और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने इस प्रचार गीत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा का मतलब सेवा है।

गीत को सांसद मनोज तिवारी ने अपनी आवाज दी है। यह प्रचार गीत दिल्ली की हकीकत और एमसीडी चुनावों में भाजपा की जीत को बयां करता है।

गीत की पहली लाइन भाजपा का मतलब सेवा है, सेवक अपना बनाए रखना है। इस गीत में मोदी सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों की सेवा की, उन्हें भोजन उपलब्ध कराया और नि:शुल्क वैक्सीन मुहैया कराया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने महामारी के दौरान लोगों की सेवा की। इसके बारे में जिक्र है।

भाजपा ने इस गीत में नगर निगमों के आवासीय क्षेत्रों में कूड़ाघर को हटाने और लैंडफिल साइटों की ऊंचाई कम करने के प्रयासों का भी जिक्र किया है। यह गीत यह भी बताता है कि मोदी सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी के विकास के लिए कैसे काम किया, जिसमें मेट्रो नेटवर्क का विस्तार और प्रगति मैदान के पास एक सुरंग का निर्माण भी शामिल है। आदेश गुप्ता ने बताया कि मनोज तिवारी के गाए इस गीत में जहां एक ओर केजरीवाल सरकार के कुशासन वायु प्रदूषण, मैली यमुना, शराब घोटाले आदि को दर्शाया गया है वहीं दूसरी ओर भाजपा एवं नगर निगम द्वारा कोविड काल में की गई सेवा कार्य एवं विभिन्न अन्य कार्यों का उल्लेख किया गया है। पिछली बार भी तिवारी द्वारा गाने के सहारे ही भाजपा ने निगम चुनाव लड़ा था और अपने कार्यों एवं विकास के नए आयामों के आधार पर तीसरी बार जीतें थे।




**नई दिल्ली।** नगर निगम चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने भी अपना थीम सॉन्ग जारी किया है। थीम सॉन्ग जारी करते हुए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि एमसीडी चुनाव में हर तरफ एक ही आवाज सुनाई दे रही है कि हर तरफ केजरीवाल। भाजपा से दुखी जनता कह रही है कि एमसीडी में भी केजरीवाल। मनीष सिसोदिया ने संवाददाता सम्मेलन में भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी ने दिल्ली वालों को तीन कूड़े के पहाड़ दिए। गली-गली में आवारा पशुएं व टूटी हुई गलियां दी।

भाजपा को मौका मिला तो एमसीडी की हालत खराब हो गई। लोग सवाल कर रहे हैं कि 15 साल तक भाजपा को मौका देने का क्या फायदा हुआ। अब इस एमसीडी चुनाव का थीम सॉन्ग जनता ने दिया है। एमसडी में भी केजरीवाल, इस उम्मीद से कि अगर गलती से भी भाजपा आ गई तो 5 साल तक गलियों में कूड़ा रहेगा। कूड़े के जो अभी तीन पहाड़ हैं वो

### ● लोगों ने तय किया दिल्ली को साफ करना है तो एमसीडी से भाजपा को साफ करना पड़ेगा: मनीष सिसोदिया

बढ़कर 16 पहाड़ हो जाएंगे। इसलिए एमसीडी में भी केजरीवाल जनता की तैयारी है केजरीवाल की बारी है। इस थीम सॉन्ग को लेकर वो चुनाव से पहले आप कार्यकर्ता गली-गली जाएंगी और लोगों से अपील करेंगे कि वे एमसीडी चुनाव में अरविंद केजरीवाल के पक्ष में मतदान करें।

मनीष बताया कि एनसीडी चुनावों के लिए आप का थीम सॉंग जनता की तैयारी है, केजरीवाल की बारी को आप, बिहार के कार्यकर्ता लोकेश सिंह ने लिखा है और सुशांत अस्थाना इसके म्यूजिक डायरेक्टर है जबकि विधायक दिलीप पाण्डेय ने इसे आवाज दी है। सिसोदिया ने कहा कि जनता ने एक मौका दिया तो मुख्यमंत्री ने सरकारी स्कूल-अस्पताल शानदार बनाये, मुफ्त बिजली दी, बुजुर्गों को फ्री तीर्थ-यात्रा करवाई लेकिन भाजपा ने 17 सालों से एमसीडी में कूड़े के तीन पहाड़ दिए।

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में दिल्ली पवेलियन बना आकर्षण का केंद्र

### ● एनसीआरटीसी स्टॉल में रीजनल रेल के पहले यात्री बनने का मिल रहा मौका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे 41वें ट्रेड फेयर में दिल्ली पवेलियन भारी भीड़ के साथ लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन रहा है। यहां आने वाले दर्शकों का गीत-संगीत के माध्यम से मनोरंजन किया जा रहा है।

दिल्ली पवेलियन के बाहर राजधानी में मौजूद ऐतिहासिक इमारतों के दीदार के साथ ही दिल्ली लिखा हुआ एक कटआउट लगाया गया है. साथ ही दिल्ली पवेलियन में प्रदूषण से बचाव के लिए इलेक्ट्रिक बाइक को प्रमोट करने के लिए दो स्टॉल लगाए गए हैं।

वहीं अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में भारत की प्रथम रीजनल रेल को लागू करने वाली संस्था, एनसीआरटीसी का स्टॉल दर्शकों के लिए उत्सुकता का केंद्र बन गया है। प्रदर्शनी बूथ का डिज़ाइन आरआरटीएस की कम्प्यूटर-केंद्रित विशेषताओं पर केन्द्रित हैं।

व्यापार मेले में एनसीआरटीसी स्टॉल का उद्घाटन मंगलवार को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी ने एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में किया। हॉल नंबर 5 के इस स्टॉल का मुख्य आकर्षण भारत की प्रथम रीजनल रेल के प्रथम यात्री बनने का मौका। इसके लिए स्टॉल देखने आ रहे लोगों को केवल एक क्यूआरकोड स्कैन करना होगा जो उन्हें एक फॉर्म पर ले जाएगा जिसमें दिए कुछ आसान सवालों के जवाब देने होंगे।

एनसीआरटीसी इनमें से 20 भाग्यशाली लोगों का चयन करेगा, जिन्हें मार्च 2023 में प्रायोरिटीसेक्शन में आरंभ हो रहे आरआरटीएस के संचालन के समय प्रथम यात्री बनने का अवसर मिलेगा। ज्ञात हो कि इंटरनेशनल ट्रेड फेयर को लगाए जाने का बड़ा फायदा यही है कि लोग उन चीजों को खरीद सके, जिन्हें वह विदेश या दूसरे राज्यों में जाकर नहीं खरीद पाते हैं। ट्रेड फेयर से चीजों को खरीदारी से आप स्मार्ट कहलाएंगे, क्योंकि हजारों या लाखों रुपये खर्च किए मनचाही और यूनिक आइटम्स को खरीद सकते हैं। यहां झारखंड, बिहार समेत कई विदेशी स्टॉल लगते हैं, जिनमें आपको सस्ती और स्पेशल फूड आइटम्स मिल जाएंगी। इसमें मसाले तक शामिल हैं।


एनसीआरटीसी स्टॉल के उद्घाटन के मौके पर प्रबंध निदेशक विनय सिंह व अन्य

### विदेशी व्यापार का प्रतीक है केरल की विशाल नौका

*प्रगति मैदान के हॉल नंबर 5 में केरल राज्य के पवेलियन के बाहर रखी विशाल नौका प्राचीन काल से होने वाले विदेशी व्यापार को दर्शाती है। व्यापार मेले में केरल ने 'वोकल फॉर लोकल, लोकल टू ग्लोबल' थीम पर तैयार किया गया है। इसका आयोजन सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा किया गया है। उत्तर प्रदेश के साथ-साथ केरल भी इस बार फोकस स्टेट है।*

सीवर में मौत का मामला

# पीड़ितों को नहीं मिला मुआवजा कोर्ट ने कहा, सिर शर्म से झुका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इस साल सीवर के अंदर मारे गए दो लोगों के परिवारों के प्रति दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के सर्वथा असहानुभूति रवैए पर खेद प्रकट करते हुए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने कहा, मेरा सिर शर्म से झुक गया है।

उच्च न्यायालय छह अक्टूबर के उसके आदेश का पालन नहीं किए जाने के लेकर अप्रसन्न था। उस आदेश में डीडीए को मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए क्षतिपूर्ति के रूप में देने का निर्देश दिया गया था। उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उसने अधिकारियों से मृतक के परिवारों को इस राशि का भुगतान करने को कहा था क्योंकि उन्होंने इस घटना में पीड़ित परिवारों ने आय अर्जित करने वाले अपने एकमात्र सदस्य को गंवा दिया था। उच्च न्यायालय के आदेश पर आज डीडीए के उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता सुनवाई के दौरान मौजूद थे। मुंडका में नौ सितंबर को जहरीली गैस से दम घुटने के कारण एक सफाईकर्मी एवं एक सुरक्षागार्ड की मौत हो गई थी।

# जी-20 के लिए सज रही धौला कुआं-एयरपोर्ट सड़क

### ● इसी माह पूरा होगा काम, आठ किमी सड़क पर लगेंगे पूरे साल खिलने वाले फूलों के पौधे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अगले साल होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए सज रही है दिल्ली। यहां की कई सड़कों को इस तरह से सजाया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की राजधानी की बेहतर छवि सामने आए। इसी कड़ी में धौला कुआं से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को जोड़ने वाले सरदार पटेल मार्ग का सौदर्यीकरण किया जा रहा है। सड़क के दोनों तरफ ऐसे फूल और पेड़-पौधे लगाएं जायंगे जो साल भर हरेभरे रहेंगे। जिसकी खूबसूरती विदेश से आने वाले राजनयिकों, मेहमानों के अलावा अधिकारी, राज्य सरकारों के प्रतिनिधि मंडल समेत लाखों घरेलू आगंतुक और पर्यटक निहारेंगे। सड़क शानदार बनाने और विस्तार का काम नवंबर के अंत तक पूरा होने की संभावना है। आईजीआई पर उतरकर नई दिल्ली क्षेत्र में जाने वाले देश-विदेश के अति महत्वपूर्ण लोग सरदार पटेल मार्ग का इस्तेमाल करते हैं।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के निर्देश पर इस काम दिल्ली नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और दिल्ली जल बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। मंगलवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने



निर्माण स्थल का दौरा कर काम का निरीक्षण किया। आईजीआई से शहर में आने वालों को इस मार्ग पर शेर भी दिखाई देगा। करीब आठ किलोमीटर लंबे इस हिस्से के विभिन्न स्थानों पर असली शेर की ऊंचाई वाले शेर लगाने की योजना बनाई है। ये शेर मेक इन इंडिया अभियान के शेर के लोगों की आकृति वाले होंगे। सड़क सौंदर्यीकरण योजना के तहत इन्हें स्थापित किया जाएगा।

शेर को छह से आठ फीट ऊंचे और इतनी लंबाई-चौड़ाई वाले फाउंडेशन पर स्थापित किया जाएगा। शेर की ऊंचाई तीन फीट और लंबाई करीब साढ़े छह फीट की होगी। ये स्टील के बनाए जाएंगे। एक शेर पर करीब सात लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इन शेरों पर कुल 28 लाख 89 हजार 945 रुपए खर्च होने का अनुमान है। इस मार्ग के पुनर्विकास और सुंदरीकरण का काम अंतिम चरण में है। शेर को लगाने के लिए टेंडर आमंत्रित करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जल्द ही इस कार्य को निजी कंपनी को सौंपा जाएगा।

नए सिरे से तैयार की जा रही सड़क योजना के पीछे का मकसद इस सड़क से गुजरने वालों का ध्यान आकर्षित करना है, जिससे वे अच्छा महसूस कर सकें। इस परियोजना के तहत सड़क को पुनर्विकसित और मजबूत किया जा रहा है और फुटपाथ और नाले नालियों को फिर से डिजाइन कर बनाया जा रहा है। इसके अलावा खाली स्थानों पर 11 फव्वारे लगाए जाएंगे और किनारे लगभग 30,000 मौसमी पौधों से सजाए रखा जाएगा। जो पूरे साल हराभरा रहेंगे। पीडब्ल्यूडी ने चौराहों पर संगमरमर की मूर्तियों को स्थापित करने की भी योजना बनाई है। इसके अलावा पूरे खंड पर रंगीन रोशनी और डिजाइनर स्ट्रीट लैंप व स्मार्ट पोल स्थापित किए जाएंगे।

# डॉक्टर और इंजीनियर बना रहे थे कैंसर की नकली दवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### ● अपराध शाखा ने किया अंतरराष्ट्रीय गैंग का पर्दाफाश, 7 गिरफ्तार

डॉक्टर, इंजीनियर और एमबीए प्रोफेशनल कैंसर की नकली दवा बना रहे थे। ये लोग दिल्ली एनसीआर उत्तर प्रदेश, हरियाणा समेत अन्य राज्यों से ऑनलाइन ऑर्डर लेते और फिर ग्राहकों को नकली दवा यह कहकर बेचते थे कि यह भारत में नहीं मिलती है।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एमबीबीएस डॉक्टर, इंजीनियर और एमबीए प्रोफेशनल समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से कैंसर की 20 तरह की अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की 8 करोड़ रुपये की नकली दवाईयां, उत्पादन में इस्तेमाल उपकरण, मशीन, पैकेजिंग मैटेरियल आदि जब्त किए हैं।

विशेष आयुक्त रविंद्र सिंह यादव के मुताबिक नकली कैंसर और जीवन रक्षक दवा बनाने वाले गिरोह को पकड़ा गया है। इसमें सात लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जिसमें डॉक्टर, इंजीनियर, एमबीए करे हुए लोग शामिल हैं। कुछ लोग फरार हैं, जिनको जल्द पकड़ा जाएगा। यह लोग कीमती दवाओं को यह कहकर बेचते थे कि यह भारत में नहीं मिलती है। सोनीपत आदि जगहों में फैक्ट्री पकड़ी है। गाजियाबाद में एक गोदाम पकड़ा है, जिसकी वहीं अलग प्राथमिकी दर्ज हुई है। यह विभिन्न स्रोतों से दवाओं को बेचते थे। अभी जो खेप पकड़ी है उसकी कीमत आठ करोड़ रुपये है। यह लोग तीन से चार वर्ष से धंधा कर रहे थे। ये शातिर गिरोह दिल्ली एनसीआर समेत कई राज्यों में सक्रिय है और नकली दवाइयों की सप्लाई करता है।

पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच के मुताबिक, आरोपियों की पहचान डॉ. पवित्र नारायण प्रधान, शुभम मन्ना, पंकज सिंह बोहरा, अंकित शर्मा उर्फ अंकू उर्फ भज्जी, राम कुमार उर्फ हरबीर, एकांशु और प्रभात कुमार के रूप में हुई है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड
**उत्तराखण्ड जल संस्थान**
लेन नं.-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001
Phone No.: 0135-2671940, E-mail - eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक: 3552/ई-निविदा सूचना/2022-23 **ई-निविदा सूचना** दिनांक: 14.11.2022

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु ई-निविदा, टू-बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एट कॉमर्शियल बिड) आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :

| निविदा क्र.सं. | विकास खण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रु.में) | निविदा का मूल्य (रु.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सहसपुर | पेलियो नत्थुवाला पेयजल योजना में उर्ध्व जलाशय निर्माण, नलकूप अधिष्ठापन, राईजिंग मेन, पाइप लाइन बिछाने एवं पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 304900.00 | ₹4000 +GST | 09 माह |
| 2 | सहसपुर | धूलकोट पेयजल योजना में उर्ध्व जलाशय निर्माण, नलकूप अधिष्ठापन, राईजिंग मेन, पाइप लाइन बिछाने एवं पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 278000.00 | ₹4000 +GST | 09 माह |
| 3 | सहसपुर | ढाकी मयचक पेयजल योजना में उर्ध्व जलाशय निर्माण, नलकूप अधिष्ठापन, राईजिंग मेन, पाइप लाइन बिछाने एवं पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 310750.00 | ₹4000 +GST | 09 माह |
| 4 | सहसपुर | अब्दुल्लापुर पेयजल योजना में उर्ध्व जलाशय मरम्मत, नलकूप विकास, पाइप लाइन बिछाने एवं पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 217800.00 | ₹4000 +GST | 09 माह |
| 5 | विकासनगर | डाकपत्थर पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, उर्ध्व जलाशय निर्माण, राईजिंग मेन, पाइप लाइन बिछाने एवं पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 368200.00 | ₹4000 +GST | 09 माह |
| 6 | डोईवाला | बडकोट पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, उर्ध्व जलाशय निर्माण, राइजिंग मेन, पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लान्ट की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 312800.00 | ₹4000 +GST | 09 माह |
| 7 | डोईवाला | खैरीकलां पेयजल योजना में उर्ध्व जलाशय मरम्मत , पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लान्ट की सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 137000.00 | ₹4000 +GST | 09 माह |
| 8 | डोईवाला | गौहरी माफी पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, उर्ध्व जलाशय मरम्मत, राईजिंग मेन पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लान्ट की सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 253200.00 | ₹4000 +GST | 09 माह |

निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं:

| क्र.सं. | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि | 17.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि | 17.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि | 22.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि | 27.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि | 02.12.2022 up to17:00 Hrs |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज) | 02.12.2022 upto17:00 Hrs |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | 03.12.2022 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | सूचना पृथक से दी जायेगी |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

''जल संचय-जीवन संचय''

के.सी. पैन्युली
अधिशासी अभियन्ता

SUNLOC

**सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय
38ई/252-ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049
ई-मेल : info@sunilhealthcare.com, वेबसाइट : www.sunilhealthcare.com
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662

30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत एवं समेकित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण (रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | अर्द्ध वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | | | अर्द्ध वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त |
| | | 30 सितम्बर, 2022 | 30 जून, 2022 | 30 सितम्बर, 2021 | 30 सितम्बर, 2022 | 30 सितम्बर, 2021 | 31 मार्च, 2022 | 30 सितम्बर, 2022 | 30 जून, 2022 | 30 सितम्बर, 2021 | 30 सितम्बर, 2022 | 30 सितम्बर, 2021 | 31 मार्च, 2022 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 3,235.65 | 3,441.64 | 2,858.21 | 6,677.29 | 5,494.79 | 11,792.71 | 3,241.24 | 3,432.32 | 2,961.26 | 6,673.56 | 5,636.45 | 12,083.96 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 315.16 | 610.00 | 58.44 | 925.16 | 95.53 | 957.11 | 303.54 | 582.43 | 24.09 | 885.97 | 55.90 | 926.47 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 315.16 | 610.00 | 58.44 | 925.16 | 95.53 | 957.11 | 303.54 | 582.43 | 24.09 | 885.97 | 55.90 | 926.47 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 224.90 | 446.75 | 39.65 | 671.65 | 67.15 | 677.68 | 212.65 | 418.50 | 3.97 | 631.15 | 24.81 | 642.06 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है, | 224.90 | 446.75 | 39.65 | 671.65 | 67.15 | 671.71 | 204.03 | 407.38 | 5.97 | 611.41 | 20.57 | 642.06 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/-प्रत्येक) | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्य संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | - | - | - | - | - | 4,453.49 | - | - | - | - | - | 3,970.01 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों के बाद) (रू. 10/- प्रत्येक का) | | | | | | | | | | | | |
| | (क) मूल (रू.) | 2.19 | 4.36 | 0.39 | 6.55 | 0.65 | 6.61 | 2.07 | 4.08 | 0.04 | 6.15 | 0.24 | 6.26 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 2.19 | 4.36 | 0.39 | 6.55 | 0.65 | 6.61 | 2.07 | 4.08 | 0.04 | 6.15 | 0.24 | 6.26 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/अर्द्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। तिमाही/अर्द्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com पर तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.sunilhealthcare.com) पर उपलब्ध है।
2. चूंकि कम्पनी का व्यवसाय एकल प्राथमिक व्यवसाय खण्ड नामतः कैप्सूल की बिक्री के अंतर्गत आता है, अतः कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के साथ पठित तदधीन जारी प्रासंगिक नियमों के तहत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस-108) "प्रचालन खण्ड" के प्रकटीकरण की आवश्यकता लागू नहीं है।
3. उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 14 नवम्बर, 2022 को सम्पन्न उनकी संबंधित बैठकों में किया गया था।
4. पूर्व अवधियों के आंकड़े, जहां कहीं आवश्यक है, उन्हें चालू अवधि वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए, पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किए गए हैं।


स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 14-11-2022

अनिल खेतान
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00759951

# प्रदूषण बढ़ने से एंग्जाइटी और डिप्रेशन के मरीज बढ़े

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**प्रदूषण से अन्य बीमारियों के साथ मानसिक बीमारियां भी होती हैं**




**आपको** जानकार हैरानी होगी कि वायु प्रदूषण ज्यादा होने से कई मानसिक बीमारियां भी होती हैं। दिल्ली/एनसीआर में वायु प्रदूषण होने से पिछले महीने डिप्रेशन, एंग्जाइटी और स्ट्रेस जैसी मानसिक बीमारियों की घटनाएं बढ़ी हैं। जब वातावरण में वायु प्रदूषण बहुत ज्यादा बढ़ जाता है तो हवा दूषित होने के कारण शरीर में कई गंभीर बीमारियों के होने का खतरा बढ़ जाता है।

इस मुद्दे पर हुई कई तरह की स्टडी से पता चला है कि प्रदूषण का एक्यूआई स्तर पीएम 2.5 में ज्यादा समय तक रहने से रक्त वाहिकाओं में सूजन हो सकता है। ब्लड ब्रेन बैरियर भी डैमेज हो सकता है। ब्लड ब्रेन बैरियर एक पतला नाजुक मेम्ब्रेन होता है, जो ब्रेन को विषाक्त तत्वों से बचाता है। एंग्जाइटी, डिप्रेशन, अल्जाइमर की बीमारी, पर्किंसन की बीमारी, सिजोफ्रेनिया और बाइपोलर डिसऑर्डर आदि वायु प्रदूषण से होने वाली मानसिक बीमारियां हैं।

### शारीरिक के साथ होती है मानसिक बीमारियां भी

**चिकित्सकों** का कहना है कि पिछले महीने से हम एंग्जाइटी और डिप्रेशन के कई सारे केस प्राप्त कर रहे हैं। ये केस उन लोगों में देखने को मिल रहे हैं, जो ऑफिस आते जाते हैं या यात्रा करते हैं। कोई भी चीज हो, अगर उससे कोई शारीरिक बीमारी होती है तो यह जरूरी है कि उससे मानसिक बीमारी भी होंगी। वायु प्रदूषण भी ऐसा ही है। जहां वायु प्रदूषण से कई फेफड़े से सम्बंधित बीमारियां होती हैं तो इससे कई तरह की मानसिक बीमारियां भी होती हैं। इस पर हुए कई अध्ययन में पाया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य पर प्रदूषकों का प्रभाव हानिकारक होता है। यह प्रभाव प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों हो सकता है। सांस से सम्बंधित समस्याओं, शारीरिक बीमारियों का तनाव, नींद का न आना, हवा में धुंध होने से न दिखना आदि से ब्रेन में न्यूरोट्रांसमीटर रिलीज होता है। इसके अलावा प्रदूषक नर्वस सिस्टम पर भी नकारात्मक असर डाल सकते हैं। एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) खराब होने से एंग्जाइटी, डिप्रेशन और पर्सनालिटी डिसऑर्डर हो सकता है। तनाव को सहन करने की क्षमता भी कम हो सकती है। ऐसे माहौल में जितना कम हो सके उतना ही कम बाहर निकलना चाहिए और पीएम 2.5 के संपर्क में बहुत ही कम आना चाहिए।

### शहरों में वायु प्रदूषण कम करने की है जरूरत

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन की वार्षिक सीमा 10यूजी/एम3 पीएम है। अगर इतना भी हम संपर्क में आते हैं तो मानसिक स्वास्थ्य खराब हो सकता है। यह हम सब जानते हैं कि जो भी कामकाजी लोग हैं उनके लिए प्रदूषित हवा में जाना जरूरी हो जाता है। शहरों में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए जनस्तर पर कार्रवाई करने की जरूरत है। वायु प्रदूषण और डिप्रेशन में जो सम्बन्ध है, उसे दरकिनार या नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। वायु प्रदूषण के प्रभाव को दिमाग पर कम करने के लिए सरकारी नीति तो जरूरी है ही, साथ ही साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी कदम उठाने की जरूरत है। घर या काम करने वाली जगह पर वायु में मौजूद विषाक्तता को खत्म करने के लिए ग्रीनरी लगानी चाहिए। भीड़-भाड़ वाली सड़कों पर नहीं चलना चाहिए और सड़कों के पास एक्सरसाइज करने से बचना चाहिए। कम कार्बन उत्सर्जन वाले ईंधनों का इस्तेमाल वाहनों में करना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला खेलकूद प्रतियोगिता में मटका रेस रही खास



गुरुग्राम में महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेती महिलाएं।

**गुरुग्राम।** जिला गुरुग्राम ब्लॉक शहरी-2 की महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी निर्मला की अध्यक्षता में महिला खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में सभी सुपरवाइजर सुमित्रा यादव, रजनी, सुशीला, सुमित्रा व सुरजीत ने अपनी देखरेख में कराई। महिला खेलकूद में छह रेस कराई गई। जिसमें 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 100 मीटर रेस में सिकंदरपुर गांव से सुमन प्रथम, 300 मीटर रेस में नाथुपुर से शिवानी प्रथम, 400 मीटर रेस में खांडसा गांव से चंचल प्रथम, साइकिल रेस में मोहम्मदपुर से स्वाति प्रथम, आलू रेस में समसपुर से सीमा प्रथम, मटका रेस में नाथूपुर से राखी प्रथम रही। प्रथम के अलावा दूसरे, व तीसरे स्थान पर भी विजेता घोषित किए गए। प्रथम स्थान पर आने वाली महिलाओं को 2100 रुपये, दूसरे पर 1100 रुपये और तीसरे स्थान पर आने वाली महिलाओं को 750 रुपये दिए गए। प्रतियोगिता के दौरान डब्ल्यूसीडीपीओ निर्मला द्वारा विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के बारे में जानकारी दी गई।

### भगवान पार्श्वनाथ चेरिटेबल मेडिकेयर सेंटर में लगाया शिविर



भगवान पार्श्वनाथ चेरिटेबल मेडिकेयर सेंटर में शिविर का शुभारंभ करते अतिथि व संस्था के सदस्य।

**गुरुग्राम।** मंगलवार को भगवान पार्श्वनाथ चेरिटेबल मेडिकेयर सेंटर में एक विशाल नि:शुल्क मेडिकल चेकअप शिविर लगाया गया। इस शिविर में लोगों के एक्स-रे, ईसीजी और खून जांच आदि नि:शुल्क किए गए। साथ ही दवाइयां भी नि:शुल्क दी गई। जैन समाज के प्रधान नरेश जैन, महामंत्री अशोक कुमार जैन, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र जैन, सहमंत्री जिनेंद्र जैन, मेडिकेयर सेंटर कार्यकारिणी सदस्य अभय जैन एडवोकेट, विनय जैन सीए और मनीष जैन ने शिविर के संचालन में अहम भूमिका निभाई। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ एवं चेयरमैन डा. एनके जैन, फिजिशियन डा. रमेश भंबानी, दंत रोग विशेषज्ञ डा. सुरभि, होम्योपैथी चिकित्सक डा. संतोष, फिजियोथैरेपिस्ट डा. सीमा पन्नु, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. दीपिका धींगड़ा, स्किन स्पेशियलिस्ट डा. मुकेश रामपाल, आयुर्वेद चिकित्सक डा. मीनाक्षी, श्वेता लैब से डा. श्वेता जैन ने लोगों की जांच की। जैन समाज के प्रवक्ता अभय जैन एडवोकेट ने बताया कि समाजसेवा के क्षेत्र में जैन समाज अग्रणी रहता है। समय-समय पर जांच, वैक्सीनेशन, रक्तदान, दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण आदि वितरित करने के शिविर लगाए जाते हैं।

### आदर्श स्कूल की छात्रा तन्नू बाल महोत्सव में की गई सम्मानित



**फिरोजपुर झिरका।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित अभी हाल ही में 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला स्तर पर किया गया था। जिसमें शहर के आदर्श विद्या मंदिर फिरोजपुर झिरका की कक्षा सातवीं की छात्रा तनू पुत्री रमेश चन्द प्रजापत ने क्ले मॉडलिंग में द्वितीय वर्ग में जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया था तथा राज्य स्तर पर प्रतिभागी बनने का मौका मिला था। बाल दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय सालाहेड़ी, नूंह में आयोजित बाल दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह में छात्रा तनु को जिला स्तर पर प्रशस्ति पत्र एवं इनाम देकर सम्मानित किया गया था। छात्रा तनु ने अपनी इस उपलब्धि पर अपने माता-पिता एवं स्कूल के अध्यापकों का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रबंधक सुदर्शन एवं अन्य सभी अध्यापक छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### अदालत ने अर्जन हत्याकांड के आरोपी को भेजा जेल

**सोहना।** पुलिस ने दमदमा निवासी अर्जन हत्याकांड में दो दिन की रिमांड के बाद रिमांड पर आए हत्यारोपी को अदालत में पेश किया। अदालत ने हत्यारोपी को न्यायिक हिरासत भौंडसी जिला जेल भेज दिया है। पुलिस मामले में संलिप्त तीन अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है। सोहना सदर थाना पुलिस ने मंगलवार को दमदमा निवासी अर्जन हत्याकांड में दो दिन की रिमांड पर आया मनोज को अदालत में पेश किया। अदालत ने मनोज को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मामले की जांच कर रहे एएसआई कुंदन लाल ने बताया कि रिमांड के दौरान मनोज से की गई पूछताछ में कोई नया खुलासा नहीं हो सका है। जिसने पूछताछ के दौरान किसी नई बात का खुलासा नहीं किया है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयसिंह ने बताया कि इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी संदीप उर्फ सूरजन समेत उसका भाई आनंद और बहलपा निवासी पवन की तलाश में पुलिस छापे मार रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को मिली 10 साल की जेल और जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**अदालत ने निर्णय के बाद दोषी को जेल भेज दिया**

**सदर** थाना के अंतर्गत एक गांव में हथियार के बल पर नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म के मामले में एक दोषी को नूह स्पेशल कोर्ट ने 10 साल कारावास सहित दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। दोषी को जेल भेज दिया गया है।

सरकारी अधिवक्ता आकाश तंवर से मिली जानकारी के मुताबिक पोक्सो एक्ट मामले के फास्ट ट्रैक कोर्ट अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश नरेंद्र पाल कि कोर्ट द्वारा दोषी ठहराया गया है। फरवरी 2019 में तावडू सदर थाने के अंतर्गत एक गांव में नाबालिग को अवैध हथियार के बल पर अगवा करने के बाद दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में तावडू सदर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी जमशेद निवासी शिकारपुर को गिरफ्तार किया। लगभग साढ़े साल चले मामले की सुनवाई में सोमवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट के एडिशनल सेशन जज नरेंद्र पाल ने कोर्ट में बहस के दौरान पेश किए गए विभिन्न सबूतों के आधार पर दोषी जमशेद को 10 वर्ष की सजा का फैसला सुनाया। साथ ही दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सजा के निर्णय के बाद दोषी को जेल भेज दिया गया है।

# ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस में दी कुष्ठ रोग की जानकारी



पोषण दिवस मनाने के दौरान उपस्थित महिलाएं।

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**दानों या धब्बों को पेंसिल से दबाने पर दर्द न होने पर हो सकता है कुष्ठ**

**तावडू के मॉडल संस्कृति स्कूल में मना ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस**

**नगर** के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुष्ठ रोग के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। विद्यालय के प्रांगण में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर कार्यकर्ता आशा रानी ने कुष्ठ रोग के लक्षण व पहचान किस प्रकार कर सकते हैं, विस्तार पूर्वक बताया। कुष्ठ रोग के अंतर्गत रोगी को शरीर पर पहले छोटे-छोटे दाने दिखाई पड़ते हैं या सफेद धब्बे त्वचा पर हो जाते हैं। इन दानों या धब्बों को किसी पेंसिल इत्यादि की सहायता से दबाएं। यदि दबाने पर चुभन या दर्द नहीं होता है तो ये कुष्ठ रोग के लक्षण हैं। इसके अतिरिक्त दबाने पर दानों में से सफेद या लाल पानी निकलता है तो यह चर्म रोग के लक्षण है। यदि इस प्रकार के कोई भी लक्षण दिखाई देते हैं तो नजदीकी अस्पताल में जाकर इसकी जांच कराएं। सही समय पर उपचार कराने से यह पूरी तरह ठीक हो सकता है। इस अवसर पर आशा वर्कर मनदीप, मंजू, सहायिका कैलाश देवी, आदि उपस्थित रहे।

## वायु सेना में अग्निवीर वायु चयन परीक्षा के लिए करें आवेदन

**गुरुग्राम।** भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ स्कीम के अंतर्गत होने वाली अग्निवीर वायु चयन परीक्षा के लिए भारतीय अविवाहित लड़के-लड़कियों के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक आवेदनकर्ता 23 नवंबर 2022 को शाम 5 बजे तक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए आवेदनकर्ता का जन्म 27 जून 2002 से 27 दिसंबर 2005 (दोनों दिन सम्मिलित) के बीच होना अनिवार्य है। ऑनलाइन परीक्षा 18 जनवरी 2023 से 24 जनवरी 2023 तक ली जाएगी। आवेदन करने के लिए पंजीकरण और परीक्षा शुल्क 250 रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाएं। भारतीय वायु सेना में चयन निष्पक्ष और पारदर्शी एवं केवल योग्यता के आधार पर होता है। इसलिए ऐसे सभी व्यक्तियों से बचना चाहिए जो एजेंट के रूप में कार्य करते हैं।

# राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में सोहना से जाएंगे 32 खिलाड़ी

**प्रतियोगिता के सभी आयु वर्ग में तीरंदाज प्रदर्शन करेंगे योग्यता का**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में तीरंदाजी का अभ्यास करते हुए खिलाड़ी।

**हरियाणा** शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 17 से 19 नवंबर तक हिसार में होने वाली तीन दिवसीय राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में सोहना से 32 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के सभी आयु वर्ग में खिलाड़ी अपनी योग्यता का प्रदर्शन करेंगे। स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में तीरंदाजी का अभ्यास करने वाले 70 में से 32 खिलाड़ी हिसार में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता तीन दिन तक 17 से 19 नवंबर के बीच चलेगी।

स्टेडियम में तैनात तीरंदाज कोच भगवत सिंह ने बताया कि जिला खेल विभाग गुरुग्राम की तरफ से इंडियन राउंड अंडर-19 आयु वर्ग 50 व 30 मीटर में शहीद राज सिंह खटाना स्कूल दमदमा से, अभिषेक, दिनेश, अंकित, हर्ष, एंजेल, वंदना, प्रियंका रीकरव राउंड 70 मीटर में भाग लेंगे। राजकीय स्कूल अभयपुर से यस, देवीशा भार्गव, कनिष्का भाग लेंगे। जगत, कनिका और भविष्य रीकरव राउंड 60 मीटर में भाग लेंगे। इंद्रजीत, श्वेता सिंह और कोमल अंडर 14 कंपाउंड राउंड 50 मीटर में हिस्सा लेंगे। तनवी जैन, नव्या यादव, देवकी यादव, ध्रुव खटाना इंडियन राउंड में अपने तीर से निशाना साधेंगे। ज्ञानदीप और गुंजन रीकरव राउंड 50 मीटर में अपनी योग्यता से प्रदर्शन करेंगे। तरुण, सिद्धार्थ, ऐश्वर्या आदि खिलाड़ी ताऊ देवी लाल स्टेडियम में कोच भगवत सिंह तीरंदाजी कोच के पास प्रशिक्षण लेते हैं। हिसार में होने वाली इस प्रतियोगिता में जाने वाले खिलाड़ियों को हरियाणा खेल विभाग के उप निदेशक गुरुग्राम मंडल गिरिराज, जिला खेल अधिकारी संधू बाला व उपमंडल अधिकारी (ना.) सोहना श्री जितेंद्र गर्ग ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी है।

# यूटीआई मास्टरशेयर यूनिट स्कीम

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**फंड की स्थापना के समय 10 लाख रुपये का निवेश 31 अक्टूबर 2022 तक बढ़कर 18.95 करोड़ रुपये हुआ**

**यूटीआई** मास्टरशेयर यूनिट स्कीम भारत का पहला इक्विटी-ओरिएंटेड फंड है (अक्टूबर 1986 में लॉन्च किया गया) और इसका 35 से अधिक वर्षों से धन सृजन का ट्रैक रिकॉर्ड है। यूटीआई मास्टरशेयर यूनिट स्कीम एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। जिसका मुख्य रूप से अपने संबंधित क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ रखने वाली बड़ी कैप कंपनियों में निवेश करना है। यह स्टॉक चुनने के लिए उचित मूल्य (जीएआरपी) पर विकास की निवेश शैली का अनुसरण करता है। इसका मतलब यह है कि, किसी कंपनी की कमाई में अंतर्निहित वृद्धि को देखते हुए, उस स्टॉक को पोर्टफोलियो में खरीदने के लिए उचित मूल्य का भुगतान किया जाना है। फंड का उद्देश्य उन कंपनियों में निवेश करना है, जो निरंतर उधार, लगातार राजस्व वृद्धि, लाभप्रदता पर ध्यान केंद्रित करने, पूंजी की लागत से पूंजी पर उच्च रिटर्न और लगातार ऑपरेटिंग कैश-फ्लो पीढ़ी के साथ मौलिक रूप से मजबूत हैं। ऐसी कंपनियां भविष्य के विस्तार के लिए मुफ्त नकदी प्रवाह उत्पन्न कर सकती हैं और मौजूदा शेयरों को कमजोर करने से बच सकती हैं।

जीएआरपी प्लस प्रतिस्पर्धी फ्रेंचाइजी के इस संयुक्त दृष्टिकोण के कारण, यूटीआई मास्टरशेयर यूनिट योजना उन कंपनियों में निवेश कर सकती है जहां बाजार लंबी अवधि में विकास को बनाए रखने की कंपनियों की क्षमता या मूल्य निर्धारण शक्ति के लाभों को कम करके आंक रहा है। अनुकूल मांग चक्र, समेकन, नियामक बाधाओं की मंजूरी या लागत प्रतिस्पर्धात्मकता और विवेकपूर्ण क्षमता विस्तार जैसे कंपनी विशिष्ट कारकों के माध्यम से उद्योग की व्यापक घटनाओं के माध्यम से विकास प्रक्षेपवक्र में सुधार हो रहा है। व्यवसाय पूंजी गहन है लेकिन कंपनियां समझदारी से निवेश करती हैं और कुशलता से निष्पादित करती हैं।

जिन कंपनियों के पास नियोजित पूंजी पर उच्च रिटर्न (आरओसीई) पर नकदी प्रवाह को पुनर्निवेश करने का अवसर है। क्षेत्र के भीतर सापेक्ष मूल्यांकन आकर्षक है। यह निवेशकों को गुणवत्तापूर्ण कंपनियों के पोर्टफोलियो के मालिक होने के साथ-साथ दीर्घकालिक संपत्ति बनाने का अवसर प्रदान करता है। यूटीआई मास्टरशेयर यूनिट स्कीम, जिसे लार्ज कैप फंड के रूप में वर्गीकृत किया जा रहा है, में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, इंफोसिस लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, भारती एयरटेल लिमिटेड, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एचडीएफसी लिमिटेड, एक्सिस बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों का पोर्टफोलियो है। इसमें कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड और एसकेएफ इंडिया लिमिटेड जैसे भी पोर्टफोलियो शामिल हैं। शीर्ष 10 शेयरों में पोर्टफोलियो का लगभग 46फीसदी हिस्सा है। यह योजना वर्तमान में ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट्स, कंज्यूमर सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशन और कैपिटल गुड्सेड पर अधिक वजन देती है।

# छात्राओं ने स्नैक्स एवं डेजर्ट बनाने का लिया प्रशिक्षण



गुरुग्राम के सेक्टर-14 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नैक्स एवं डेजर्ट विषय पर पाक कार्यशाला में व्यंजन बनाना सीखती छात्राएं।

**गुरुग्राम।** राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में महिला प्रकोष्ठ की ओर से महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमेश गर्ग के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय स्नैक्स एवं डेजर्ट विषय पर पाक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

गृह विज्ञान विभाग कक्ष में आयोजित इस कार्यशाला का संचालन प्रशिक्षक गुंजन सलूजा, पैरामाउंट वूमेन पॉलीटेक्निक द्वारा किया गया। कार्यशाला में पोषण तत्वों से भरपूर पकवान बनाने सिखाए गए। महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इस कार्यशाला में भाग लिया। व्यंजन बनाने की बारीकियां सीखी। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका एवं सदस्यों की देखरेख में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**आर्ट एंड क्राफ्ट की भी हुई कार्यशाला :** राजकीय कन्या महाविद्यालय में 15 दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन कलाकार अस्मिता बैनर्जी द्वारा किया गया। कार्यशाला में कला संबंधी नियमों एवं बारीकियों को विस्तार से समझाया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने रुचि लेकर इस कार्यशाला की बारीकियां सीखीं। महाविद्यालय की छात्राओं ने कला के नियम और शैली को समझा।

# एक उच्च विचारों वाले सहज स्वभाव के थे बिहारी लाल शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**एमएलसी** शिक्षक क्षेत्र मेरठ सहारनपुर खंड व लोकसभा गौतमबुद्ध नगर को आईटी को संभालने वाले भारतीय जनता पार्टी गौतम बुद्ध नगर के जिला संयोजक आईटी चंद्रमणि भारद्वाज के पिता बिहारी लाल शर्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रदेश के जिले के भाजपा नेता पहुंचे।

11 नवंबर 2022 को भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक आईटी चंद्रमणि भारद्वाज के पिता बिहारी लाल शर्मा का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। वह अध्यापक रहे थे। एक उच्च विचारों वाले सहज स्वभाव के धनी व्यक्ति थे। उनका अध्यापन कार्यकाल जमुना खंड इंटर कॉलेज टप्पल अलीगढ़ में व्यतीत हुआ। वहां उन्होंने हजारों लाखों की संख्या में छात्रों को शिक्षा दी उनके निधन से समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। चाहे कोई अध्यापक हो या छात्र, उनके निधन की सूचना पर गमगीन हो गया।

सभी उन्हें श्रद्धांजलि देने जहांगीरपुर पहुंचे। आम लोगों के साथ-साथ भाजपा के नेता भी दिन-प्रतिदिन श्रद्धांजलि देने जहांगीरपुर पहुंच रहे हैं। श्रद्धांजलि देने पहुंचे भाजपा के नेताओं में प्रदेश व जिले की सभी कद्दावर नेता मौजूद रहे। इनमें से मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी विधायक सतपाल सैनी, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री एवं एमएलसी विधायक शिक्षक श्रीचंद शर्मा, दादरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक तेजपाल नागर, जेवर विधानसभा से भाजपा के युवा नेता एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य मनजीत सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ नेता वेदराम भाटी, सोशल मीडिया के प्रदेश सह संयोजक हर्ष चतुर्वेदी, क्षेत्रीय संयोजक आईटी विभाग अंबर स्वामी, श्रेय शर्मा, क्षेत्रीय मंत्री भाजपा पश्चिम क्षेत्र आशीष वत्स, जिला अध्यक्ष भाजपा विजय भाटी, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राज नागर, लोकमन प्रधान, मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष संजय रावत, देवेंद्र भारद्वाज, जितेंद्र भाटी, भृगु राज रावल, जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ कुलभूषण भारद्वाज, योगेश शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह, राजबाला सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, समाज सेवी जेवर, जिला महामंत्री योगेश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा राजू चौधरी शामिल रहे।



भारतीय जनता पार्टी गौतम बुद्ध नगर के जिला संयोजक आईटी चंद्रमणि भारद्वाज के पिता को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे गणमान्य लोग।

# वेंचर कैटलिस्ट्स द्वारा समर्थित 54 कंपनियों ने 50 मिलियन डॉलर का वैल्यूएशन पार किया

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई



**वेंचर** कैटलिस्ट्स ग्रुप (Vcats++), भारत के पहले एकीकृत इनक्यूबेटर और शुरुआती से लेकर विकास चरण वाले स्टार्टअप्स के लिए फुल स्टैक निवेशक, ने घोषणा करते हुए बताया कि इसके पोर्टफोलियो स्टार्टअप्स में से लगभग 54 ने इस साल 50 मिलियन डॉलर से अधिक का वैल्यूएशन (मूल्यांकन) हासिल कर लिया है। चुनौतीपूर्ण समय की वजह से इस साल फंडिंग में 70 फीसद की गिरावट आई, लेकिन इसके बावजूद वेंचर कैटलिस्ट्स काफी तेजी से बढ़ा और अब यह 33 सूनिकॉर्न्स और 100 से अधिक मिनीकॉर्न्स का घर है।

पिछले एक साल में कम से कम दो दर्जन कंपनियों का मूल्यांकन 100 मिलियन डॉलर को पार कर गया है और लगभग तीन स्टार्टअप-शिप्रॉकेट, भारतपे और वेदांतु ने यूनिकॉर्न का दर्जा हासिल किया है। वेंचर कैटलिस्ट्स ग्रुप या Vcats++ एक अर्ली-टू-ग्रोथ (शुरुआती से लेकर विकास चरण तक) स्टेज फंड है, जिसमें शुरुआती स्टेज से लेकर सेक्टर फोकस्ड तक के पांच फंड शामिल हैं। कंपनी ने पहले बार 2020 में अपना 150 मिलियन डॉलर का एक्सीलेरेटर फंड लॉन्च किया था। इसके बाद कंपनी ने चार और फंड्स लॉन्च किए हैं, जिसमें वेंचर कैटलिस्ट्स एंजेल फंड, 200 मिलियन डॉलर का फिनटेक फोकस्ड फंड बीम्स, प्रॉपटेक फंड स्पायर, और 200 मिलियन डॉलर का ग्रोथ स्टेज सेक्टर एग्नोस्टिक फंड इलेक्ट्र शामिल है। समूह के पास 300 से अधिक स्टार्टअप्स का एक संयुक्त पोर्टफोलियो है, जिसका समेकित मूल्यांकन लगभग 10 बिलियन डॉलर आंका गया है, जिससे यह देश का सबसे बड़ा विकास चरण निवेश मंच बन गया है। वेंचर कैटलिस्ट्स ग्रुप के सह संस्थापक डॉ. अपूर्व रंजन शर्मा ने कहा, यह मूल्यांकन ऐसे समय में महत्वपूर्ण हो जाता है। जब संभावित फंडिंग की कमी की आशंका न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में भी निवेशकों और स्टार्टअप को डरा रही है। यह पोर्टफोलियो कंपनियों के विकास और अप-राउंड के बारे में बात करता है। हमारे अधिकांश पोर्टफोलियो ने पिछले दो वर्षों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और हम अगले साल इनमें से कम से कम 3-4 को यूनिकॉर्न में बदलता हुआ देख रहे हैं। इस कंपनी के तीन संस्थापक हैं, अनिल जैन, अनुज गोलेचा और गौरव जैन और इनका लक्ष्य कैलेंडर वर्ष 2022 तक 100 एक्जिट्स और अप-राउंड को बंद करना है।

वेंचर कैटलिस्ट्स के समर्थन के बारे में बात करते हुए, असिडस ग्लोबल के फाउंडर एवं सीईओ सोमदत्त सिंह ने कहा, एक अच्छा सलाहकार ढूंढना स्टार्टअप की सफलता के लिए छिपा हुआ तरीका है, और 9 यूनिकॉर्न और वीकैट असिडस ग्लोबल के लिए मार्गदर्शक रहे हैं।

# 2454 पीड़िताओं को मिला सखी सेंटर का लाभ

कविता। फरीदाबाद

**महिला** एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की तरफ से चलाया जा रहा सखी सेंटर पिछले छह सालों से महिलाओं और बच्चियों को न्याय दिलाने का कार्य कर रहा है। देशभर के जिलों में खुले इन सेंटरों में हिंसा एवं उत्पीड़न की शिकार महिला या 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों को सुविधाएं दी जा रही है।

जिले में वर्ष 2016 से बीके सिविल अस्पताल में चल रहे सखी वन स्टॉप सेंटर में अब तक 2454 पीड़िताओं ने न्याय की गुहार लगाई है। इस विषय में सखी सेंटर की इंचार्ज मीनू ने बताया कि पहले सेंटर में आने वाली पीड़िताओं की संख्या कम थी। वर्ष में केवल 80 से 90 ही पीड़िताएं आती थी, लेकिन अब संख्या बढ़ गई है। इस साल जनवरी से अक्टूबर तक 925 पीड़िताएं यहां न्याय की गुहार लेकर पहुंची है।



सखी वन स्टॉप सेंटर।

**2013 में लिया था निर्णय :** वर्ष 2012 में निर्भया कांड के बाद वन स्टॉप क्राईसिस सेंटर खोलने का निर्णय 2013 में लिया गया। जिसके तहत इस सेंटर को खोल तो दिया गया। लेकिन वहां स्टाफ और कर्मचारियों की कमी के कारण इसे बढ़ावा नहीं मिल सका। वर्ष 2016 में इसमें स्टाफ की भर्ती करके इसे थोड़ा बढ़ाया गया था।

सेंटर को बीके से सेक्टर-16 शिफ्ट कर दिया गया। वहां भी जिले मे सामने आ रहे मामले सखी तक नहीं पहुंचे। जिस कारण इसका स्थान बदलकर इसे एनएच-तीन में रेडक्रॉस के रेन बसैरे में शिफ्ट कर दिया गया था। लेकिन वह दूर होने से वहां भी परेशानियां थी। क्योंकि पीड़िताओं को बीके अस्पताल तक लाना पड़ता था। लेकिन इसकी जगह फाइनल बीके अस्पताल की मोर्चरी के निकट बनी। इसे यहां से भी बदलने की लाख कोशिशे की गई, क्योंकि यह मोर्चरी के निकट और एकांत में था। अन्य स्थान न मिलने के कारण इसे यहीं बना दिया गया। वर्ष 2020-21 में सखी वन स्टॉप सेंटर का जिला उपायुक्त ने उद्घाटन के बाद शुरू कर दिया।

छह वर्ष में का डाटा

| मामला | 2016-17 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| डोमेस्टीक | 0 | 68 | 111 | 150 | 233 | 257 |
| दुष्कर्म | 5 | 15 | 03 | 08 | 10 | 07 |
| हरासमेंट | 77 | 13 | 07 | 07 | 06 | 06 |
| एसीड | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| ट्रेफिकिंग | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 4 |
| चाईल्ड सेक्स | 0 | 19 | 1 | 8 | 15 | 29 |
| बाल विवाह | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| मिसिंग/बंधक | 0 | 21 | 12 | 59 | 206 | 345 |
| साईबर क्राईम | 0 | 0 | 0 | 19 | 24 | 37 |
| डोबरी/ डेथ | 0 | 0 | 7 | 6 | 1 | 13 |
| अन्य क्राईम | 2 | 62 | 108 | 99 | 142 | 225 |

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर किया भ्रूण लिंग जांच का पर्दाफाश

## सोनीपत के राई इलाके में स्थित दवाखाना में की जाती थी लिंग जांच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सोनीपत** के राई में फरीदाबाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भ्रूण लिंग जांच का पर्दाफाश किया है। टीम ने इस मामले में बंगाली दवाखाना पर छापेमारी कर आरोपी मुन्ना दास को गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के दौरान सोनीपत स्वास्थ्य विभाग से डॉ स्वराज चौधरी व डॉ. योगेश भी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग ने दवाखाने से काफी मात्रा में एलोपैथिक दवाईयां भी बरामद का सील कर दी गई है। जिला स्वास्थ्य विभाग में तैनात डॉ. सन्नी ने बताया कि सिविल सर्जन डॉ विनय गुप्ता को सूचना मिली थी कि सोनीपत के राई में मुन्ना दास नाम का व्यक्ति भ्रूण लिंग जांच कराने का अवैध गौरखधंधा कर रहा है। सूचना के आधार पर उन्होंने सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ हरजिंदर सिंह के नेतृत्व में टीम बनाई। जिसमें मेडिकल ऑफिसर डॉ सन्नी डहनवाल व डॉ अजय गोयल शामिल थे। टीम ने छापेमारी के दौरान एक गर्भवती महिला को नकली ग्राहक बनाकर मोबाइल फोन के माध्यम से मुन्ना दास से संपर्क करवाया। जिस पर मुन्ना 20 हजार रुपये में भ्रूण लिंग जांच करने को तैयार हो गया। जिस पर महिला को 14 नवंबर को राई बुला लिया और आरोपी ने 10 हजार रुपये पहले मांग लिए। जिस पर मोबाइल पेमेंट ऐप के माध्यम से उसे दिए। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम सोमवार सुबह गर्भवती महिला को लेकर सोनीपत के लिए रवाना हो गई। वहां पर बंगाली दवा खाना से पहले ही स्वास्थ्य विभाग की टीम रुक गई और उन्होंने महिला को में दवाखाने भेज दिया। वहां जाकर महिला ने बचे हुए 10 हजार रुपये भी मुन्ना दास के पास जमा करा दिए।


भ्रूण जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपी मुन्ना दास और टीमों के सदस्य।



टीम के द्वारा इस बंगाली क्लीनिक पर मारा गया छापा।

वहां उसने गर्भवती को राई स्थित एक अन्य अस्पताल में भेजा। जहां पर महिला का अल्ट्रासाउंड किया गया। वहां से बाहर आकर मुन्ना दास ने रिपोर्ट देखकर बच्चे के लिंग की पुष्टि की। इस दौरान गर्भवती ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को इशारा किया और टीम ने छापेमारी शुरू कर दी। सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ हरजिंदर सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

# ओयो होटल के कमरे से आपत्तिजनक हालत में मिले छात्र-छात्र






एनएच पांच स्थित आयो होटल जहां पर छापा पड़ा । ओयो होल में छापे के दौरान पकड़े गए युवक को ले जाते पुलिस अधिकारी।

**फरीदाबाद।** डीसीपी मुख्यालय नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया की टीम ने एनएच-पांच एरिया में स्थित एक ओयो होटल में छापा मारा। होटल के एक कमरे में नाबालिग स्कूली छात्रा छात्रा आपतिजनतक स्थिति में पाए गए। कानून का उल्लंघन करने पर होटल संचालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एनएच पांच में स्थित शाइन स्टार ओयो होटल में आईडी प्रूफ की जांच किए बिना ही लोगों को कमरा दिया जाता है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम होटल में पहुंची। जहां पर चेक करने पर उन्हें एक स्कूल में पढ़ने वाले नाबालिग छात्र छात्रा मिले। होटल में पूछताछ करने पर सामने आया कि उन्होंने बिना आईडी प्रूफ की जांच किए ही नाबालिक छात्र-छात्रा को कमरा दिया था। पुलिस दोनों किशोरों को अपने साथ थाने ले गई। वहां पर उनके परिजनों को बुलाकर उनकी काउंसलिंग की गई। पुलिस ने छात्र और छात्रा के भविष्य को देखते हुए उनके परिजनों को समझाकर उनके हवाले कर दिया गया है।

# अमृता अस्पताल ने बच्चों को पाठशाला में बांटे सर्दियों के कपड़े


कपड़े पाने वाले बच्चों संग बैठे स्वामीजी व अन्य।

**फरीदाबाद।** माता अमृतानंदमयी मठ, फरीदाबाद ने अमृता पाठशाला में गरीब बच्चों को सर्दियों के कपड़े दान करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूज्य स्वामी विजयामृतानन्दजी और पूज्य स्वामी हर्षामृतानन्दजी ने अमृता पाठशाला के करीब 60 बच्चों को सर्दियों के कपड़े बांटे।

इसमें पेंट, शर्ट, बेल्ट और मोज़े शामिल थे। कार्यक्रम में पूज्य स्वामी जी ने श्री माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर प्रार्थना की। सभी बच्चों ने इस कार्यक्रम में भक्ति और श्रद्धा से भाग लिया। माता अमृतानंदमयी मठ की ओर से इस पाठशाला की शुरुआत 2 साल पहले की गई थी। श्री माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) की इस पहल का मकसद गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करना है। शिक्षा के साथ-साथ यहां बच्चों को मुफ्त में भोजन और कपड़े भी प्रदान किये जाते हैं। इस खास मौके पर अमृता अस्पताल फरीदाबाद के क्वालिटी हेड अरुण जैन भी मौजूद रहे। इस दौरान कई बच्चों ने स्वामी विजयामृता नन्दजी के सामने कविताएं भी सुनाई। स्वामी जी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहने की सीख दी।

# पंचायती राज संस्थाओं चुनाव के मद्देनजर जिला में धारा-144 लागू : डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद जिला में 22 और 25 नवंबर को सभी प्रखंडों में ग्राम पंचायत के जिला परिषद, पंचायत समिति, सरपंच और पंच की सीटों पर मतदान होना है। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के निर्बाध, निष्पक्ष और शांतिप्रिय आयोजन हेतु जिला में धारा-144 के तहत किसी भी तरह के हथियार रखने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि फरीदाबाद जिला के फरीदाबाद/ बल्लभगढ़/ तिगांव प्रखंडों में शस्त्र अधिनियम, 1959 के तहत सभी हथियार धारकों को निर्देश दिए जाते हैं कि वे अपने क्षेत्र के संबंधित पुलिस थानों/ अधिकृत हथियार डीलरों के पास आग्नेयास्त्र, गोला-बारूद एवं हथियार जमा कराना सुनिश्चित करें। हालांकि, यह आदेश सशस्त्र बलों, पुलिस कर्मियों, सरकारी कर्तव्यों पर अधिकृत अधिकारी, बैंकों के रिटेनर्स, ड्यूटी पर मौजूद लोक सेवक और खिलाड़ी जो विभिन्न स्तरों पर राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन के सदस्य हैं।

# आईटीएमई टेक्नोलॉजी अवॉर्ड के विजेताओं की घोषणा

## 10 दिसंबर 2022 को विभिन्न श्रेणियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को दिये जाएंगे आईटीएमई टेक्नोलॉजी अवॉर्ड

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**इंडिया** आईटीएमई सोसाईटी ने इंडिया आईटीएमई पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की है। जिसे 10 दिसंबर 2022 को इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में दिया जाएगा।

यह अवॉर्ड, हमारे देश के टेक्सटाइल इंजीनियरिंग क्षेत्र में असाधारण एवं महत्वपूर्ण योगदान देकर सकारात्मक बदलाव लाने वालो की पहचान करने में सोसाईटी के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। दशकों से उल्लेखनीय परिणामों के जरिये नेतृत्व करते हुए इंडिया आईटीएमई सोसाईटी ने 100 भारतीय टेक्सटाईल (कपड़ा) मशीनरी चैंपियन तैयार करने की भारत की सोच के साथ अपने लक्ष्य को मिलाते हुए टेक्सटाईल इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए इंडिया आईटीएमई सोसाईटी ने देश के प्रत्येक कोने से छिपी प्रतिभाओं की खोज के लिये जुलाई 2022 में आवेदनों की शुरूआत की, जिनका मूल्यांकन प्रसिद्ध ज्यूरी सदस्यों- उदय गिल, उपदीप सिंह, आर आनंद, गुरुदास वी अरास, संजीव लठिया, डॉ मनीषा माथुर, मनोहर सैमुअल, केतन सांघवी, एवं अविनाश मयेकर के द्वारा किया गया है। इन पुरस्कारों के साथ इंडिया आईटीएमई अवार्ड्स के दूसरे संस्करण में सबसे अधिक योग्य प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

# 56 पदक जीत हरियाणा बना ओवर ऑल चैम्पियन

## 28 स्वर्ण पदक, 16 रजत पदक और 12 कांस्य सहित जीते 56 पदक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लड़का वर्ग ने 227 प्वाइंट और लड़की 251 प्वाइंट लेकर ओवर आल 478 प्वाइंट अर्जित कर हरियाणा राज्य एक तरफा चैंपियन बना और हरियाणा राज्य की एथलीट खिलाड़ी दीपिका फतेहाबाद ने नया नेशनल रिकार्ड, अतुल चरखी दादरी, सोमनाथ चौहान हिसार, अंकित पानीपत पूजा फतेहाबाद और मोहित झज्झर ने चैंपियनशिप रिकार्ड बनाया।

धनखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि एथलेटिक्स हरियाणा के एथलीट खिलाड़ी जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदकों की झड़ी लगाकर किया नाम रोशन। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 37वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप गोवाहटी आसाम में पांच दिवसीय आयोजन किया जा रहा है।



एथलीट हरियाणा के पदक विजेता खिलाड़ी व पदाधिकारी।

राजकुमार मिटान ने बताया कि वंशिका जींद ने (16) 2 किलोमीटर में स्वर्ण पदक, सोमनाथ चौहान हिसार (20) ने 800 मीटर दौड में नया प्रतियोगिता रिकार्ड बनाकर 1 मिनट 49 सेकेण्ड 85 माइक्रोन के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले यह रिकार्ड सजेश जोसफ ने बैंगलोर में 1 मिनट 50 सेकेण्ड 96 माइक्रोन के साथ 2006 में बनाया था। परमजीत भिवानी (16) 800 मीटर दौड में 1 मिनट 59 सेकेण्ड 41 माइक्रोन के साथ स्वर्ण पदक, अंकित पानीपत (18) साल 800 मीटर दौड में 1 मिनट 52 सेकेण्ड 53 माइक्रोन के समय के साथ नया प्रतियोगिता रिकार्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले यह रिकार्ड शंकर ने कोयम्बटूर में 1 मिनट 52 सेकेण्ड 59 माइक्रोन के समय के साथ बनाया था। प्रतीक रोहतक (18) हैमर थ्रो में 65 मीटर 28 सैंटीमीटर की थ्रो कर स्वर्ण और हनी भिवानी ने 64 मीटर 86 सैंटीमीटर की थ्रो कर रजत पदक, आशा जींद ने (18) 800 मीटर दौड में 2 मिनट 16 सेकेण्ड और 57 माइक्रोन का समय देकर कांस्य पदक, संजना सिंह रोहतक ने (16) 800 मीटर दौड में 2 मिनट 41 सेकेण्ड 40 माइक्रोन के साथ स्वर्ण पदक, सिम्मी भिवानी ने (20) 400 मीटर हर्डल इवेंट में 1 मिनट 01 सेकेण्ड 58 माइक्रोन के साथ स्वर्ण पदक, पूजा फतेहाबाद (16) ने हाई जंप में 1 मीटर 76 सैंटीमीटर की ऊंची छलांग लगाकर नया प्रतियोगिता रिकार्ड बनाकर स्वर्ण पदक हरियाणा राज्य को दिया, इससे पहले यह रिकार्ड पावना नागराज ने गोवाहटी में 1 मीटर 73 सैंटीमीटर के साथ 2021 में बनाया था।

राजकुमार मिटान ने जानकारी दी कि नीरज रोहतक (20) ने हैमर थ्रो इवेंट में 61 मीटर 85 सैंटीमीटर की थ्रो कर कांस्य पदक जीता। आकांक्षा जींद (18) ने 200 मीटर दौड में 25 सेकेण्ड 49 माइक्रोन के समय के साथ रजत पदक जीता। वंशिका घनघस भिवानी (18) पोलवाल्ट इवेंट में 3 मीटर 40 सैंटीमीटर की बेहतरीन ऊंची छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीतकर एथलेटिक्स हरियाणा को दिया। तनु पानीपत ने (16) 600 मीटर दौड में 1 मिनट 35 सेकेण्ड 74 माइक्रोन का समय देकर रजत पदक जीता। संयम रोहतक (20) ने शाट पुट इवेंट में 19 मीटर 10 सैंटीमीटर की थ्रो कर स्वर्ण पदक, गुरविंदर फतेहाबाद, कपिल हिसार, सुमित पानीपत और दीपक रोहिल्ला सोनीपत ने (20) साल 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड में 3 मिनट 13 सेकेण्ड और 11 माइक्रोन का समय देकर स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा की झोली में डाला।

# अन्तरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर कार्यक्रम


सेक्टर 16 स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करता वक्ता।

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**वर्धमान** महावीर सेवा सोसाइटी, अक्यूपरैसर सेक्टर 16, आचार्य 108 ज्ञानसागर महाराज की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर रविवार को एक विशाल भंडारे के साथ अन्तरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया।

इस भव्य समारोह का आयोजन दिगम्बर जैन मंदिर सैक्टर 16, फरीदाबाद परिसर में किया गया। इस समारोह का मुख्य आकर्षण अन्तरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा के मुख्य डॉक्टर आरएस डबास का सम्बोधन, ऐसे बच्चे जिन्होंने दसवीं एवं बारहवीं क्लास में 90 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त किए, उनका मान सम्मान, विशाल भंडारा एवं इससे भी बढ़कर श्री 108 आचार्य अरूण सागर महाराज का प्रवचन था। सर्वप्रथम दिगम्बर जैन मंदिर की महिला संघ ने गुरू वन्दना से समारोह की शुरुआत की। अक्यूपरैसर टीम ने प्राकृतिक चिकित्सा पर भजन सुनाकर सभी को सम्मोहित किया। बहन प्रभा वर्मा, नरेन्द्र वर्मा एवं मोनिका सिंघल ने भी सुन्दर सुन्दर धार्मिक गीतों सभी को दिल बहलाकर सभा को रंगीनमय बनाकर रखा। मंच पर सुशोभित डॉक्टर आरएस डबास, पीसी जैन प्रधान दिगम्बर जैन मंदिर, आरसी जैन, एससी जैन भूतपूर्व डिप्टी कमीश्नर, डीपी जैन प्रधान लक्ष्मीनारायण मंदिर, पूनम आहूजा एंव डॉक्टर सुभाष जैन से अनुरोध किया गया कि वो भगवान महावीर स्वामी के चित्र को अनावरण कर द्वीप प्रज्वलित करें।

# संक्षिप्त समाचार

## गत्ता और केमिकल फैक्ट्री में लगी आग



**फरीदाबाद ।** पाली भाखड़ी रोड पर गत्ता और केमिकल फैक्ट्री में आग लग गई। कंपनी के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग फैलती चली गई। सूचना मिलने पर पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी। पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि दुर्घटना में किसी को शारीरिक क्षति नहीं पहुंची है। पुलिस द्वारा लोगों को सुरक्षा के मद्देनजर घटनास्थल से दूर किया गया। शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है फिलहाल यही पता चला है। आग इतनी भयांनक थी कि दोपहर बाद भी आग से धुआं निकलता रहा। काफी मशक्कत के बाद देर शाम को आग पर काबू पाया गया। समाचार लिखे जाने तक आग से हुए नुकसान का आकंलन नहीं किया गया है।

## दस दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर शुरू

**फरीदाबाद।** डबुआ कालोनी स्थित विश्वास कान्वेंट स्कूल परिसर में दस दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन प्रदीप गुप्ता ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर स्कूल प्रिंसीपल ज्योति गुप्ता ने आए हुए सभी डाक्टर, नर्स व अन्य स्टाफ का बुके देकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर सभी छात्र-छात्राओं का ब्लड जांच, बीपी, शुगर, सामान्य रोगों की जांच की गई। उपस्थित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्रदीप गुप्ता ने कहा कि विश्वास कान्वेंट स्कूल परिसर में स्वास्थ्य जांच, नेत्र जांच, रक्तदान शिविर का आयोजन किए जाते रहते है। इसी कड़ी में आज भी स्वस्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। यह कैम्प 10 दिनों तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी और उन्हें दवाई भी वितरित की जाएगी। इस मौके चेयरमैन प्रदीप गुप्ता व प्रिंसीपल ज्योति गुप्ता ने ग्लोबल ओरफन्ऐज ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी का आभार जताया।

## जांच शिविरों से बीमारियों से बचा जा सकता : नागर



**फरीदाबाद।** यूनिवर्सल अस्पताल बदरपुर द्वारा सुभाष अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से अस्पताल परिसर में फ्री हेल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प का शुभारंभ तिगांव क्षेत्र के विधायक राजेश नागर ने की किया। इस कैम्प में ईसीजी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर, इकोए अल्ट्रासाउंड, ईएनटी एवं एक्स-रे टेस्ट पूरी तरह से निःशुल्क किये गए। इस मौके पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि इस तरह के कैम्पों का आयोजन हमेशा होता रहना चाहिए। श्रीनागर ने इस मौके पर अस्पताल में आयोजित एसीएलएस ट्रेनिंग पास किये बच्चों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। विधायक श्री नागर ने कहा कि इस तरह के चैकअप करा कर आप भविष्य में होने वाली बीमारियों से अपने एवं अपने परिवार का बचाव कर सकते हैं।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, स्काउट्स गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में सम्मान समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने मिशन जागृति द्वारा संचालित की गई पेंटिंग प्रतियोगिता तथा बाल भवन में आयोजित विभिन्न जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य एवम फैंसी ड्रेस सहित अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरांवित किया है। सराय ख्वाजा विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए अभिनंदन कर सम्मानित किया। विद्यालय छात्रों और छात्राओं ने बहुत ही प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में सी बी एस ई से संबद्ध निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभागिता की।

## साहूपुरा विद्यालय में दिया गया प्रेरक व्याख्यान




**फरीदाबाद।** सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के इतिहास विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुप्रिया ढांडा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ में एक प्रेरक व्याख्यान दिया गया। यह व्याख्यान इतिहास विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सुप्रिया ढांडा द्वारा विद्यालय के दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दिया गया। इस व्याख्यान का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल नेतृत्व एवम् मार्गदर्शन में हुआ। व्याख्यान का विषय-विद्यार्थी जीवन में चरित्र निर्माण व नैतिक मूल्यों का महत्व रहा। डॉ. सुप्रिया ढांडा ने अपने वक्तव्य में बताया कि नैतिक मूल्य किसी भी छात्र के जीवन में एक आवश्यक भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थी जीवन में तो नैतिक मूल्यों और चरित्र निर्माण का विशेष महत्त्व और उपयोगिता है। नैतिक मूल्यों के द्वारा ही विद्यार्थी अपने चरित्र एवं व्यक्तित्व का सुन्दर निर्माण कर भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, करुणा, सम्मान, स्वाभिमान, दया और विनम्रता जैसे गुणों के साथ एक सकारात्मक चरित्र बना सकते हैं।

## दृष्टिहीन छात्रों ने किया सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ

**फरीदाबाद।** नेशनल एसोसिएसन फॉर द ब्लाइंड (नेब) जो पिछले 42 वर्षों से अध्क समय से नेत्रहीन लोगों के शिक्षण, प्रशिक्षण, खेलकूद आदि सेवा में कार्यरत है जिससे नेत्रहीन लोग स्वयं स्वावलंबी बन सके। नेत्रहीन छात्रों में धर्म भावना जाग्रत करने के उद्देश्य से शिक्षा आदि के साथ प्रत्येक मंगलवार को कीर्तन किया जाता है। इस कड़ी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 15 नवम्बर 2022 मंगलवार को हनुमान भक्ति रूपक सुंदर काण्ड काव्य के माध्यम शुभारंभ किया गया। पुलिस आयुक्त विकास कुमार, आईपीएस, के प्रतिनिधि एसजीएम नगर के एसएचओ संदीप कुमार ने नेब के अध्यक्ष सीए अजीत सिंह पटवा, उपाध्यक्ष एडवोकेट एसएन त्यागी, पाठ संयोजक आशुतोष गर्ग के साथ मिलकर पाठ का शुभारंभ किया। विकास कुमार ने पत्र के माध्यम से नेब में अंग्रेजी व हिन्दी कम्प्यूटर, शार्टहैंड प्रशिक्षण, गृह विज्ञान कोर्स आदि के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने हेतु कार्य के लिए सराहना की एवं सभी सदस्यों को शुभकामनाए प्रेषित की। नेब के अध्यक्ष जीत सिंह पटवा ने पुलिस आयुक्त का सराहना संदेश को संदीप कुमार के माध्यम से भिजवाया। पुलिस आयुक्त ने इस अवसर पर नेब में 2100/ रुपये की नकद राशि अर्पित की। इस भक्तिमय अवसर पर नमीता गर्ग, पलक गुप्ता, सीमा बरार, सभी नेब के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 16 नवम्बर, 2022


## जघन्य हत्या

### मनोरोगी हत्यारा

**आफ़ताब** अमीन पूनावाला ने न केवल अपनी लिवइन पार्टनर की हत्या की, बल्कि उसकी लाश के 35 टुकड़े भी किए। 28 वर्षीय आफ़ताब प्रशिक्षण से शेफ था। उसे लोगों के लिए अच्छा भोजन बनाने का प्रशिक्षण मिला था, फिर चाहे वे ग्राहक हों अथवा मित्र या परिवार के सदस्य। इसके बजाय उसने काटने-पीटने का कौशल अपनी लिवइन पार्टनर श्रृद्धा वालकर की लाश पर 18 मई को दिखाया। कहा जाता है कि उनमें विवाह को लेकर झगड़ा हुआ था। जहां श्रृद्धा विवाह करने पर जोर दे रही थी, वही आफ़ताब इससे इनकार कर रहा था। इस झगड़े के बाद आफ़ताब ने उसका गला दबा दिया, लेकिन इसके बाद की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। उसने लाश को 35 टुकड़ों में काटा और उनको केवल इसी उद्देश्य से खरीदे गए 300 लीटर के फ्रिज में बंद कर दिया। इसके बाद धीरे-धीरे अगले 18 दिन तक उसने शरीर के विभिन्न हिस्सों को महरौली जंगल के अलग-अलग हिस्सों में फेंक कर उनसे छुट्टी पाई। गुस्से में अपनी पत्नी या पार्टनर की हत्या करने की अनेक घटनायें सामने आती हैं, पर इस प्रकार लाश को टुकड़ों में काट कर फेंकना क्रूरता की सीमा है। वास्तव में केवल पूरी जांच के बाद ही सारे घटनाक्रम का पता चलेगा। क्या हत्या क्षणिक आवेग में हो



गई या इसकी योजना बनाई गई थी? आफ़ताब ने यह कब और कैसे तय किया कि लाश को टुकड़ों में काट कर उसके हिस्सों को एक समय के भीतर फेंक दिया जाए। हत्या और उसके बाद 18 दिन चले घटनाक्रम के बारे में सोचने से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कोई भला उस घर में कैसे रह सकता है जिसके फ्रिज में एक लाश हो और वह भी उसकी लिवइन पार्टनर की? ऐसे में केवल यही उम्मीद की जा सकती है कि मीडिया और सोशल मीडिया का कोई हिस्सा इस तथ्य पर जोर नहीं देगा कि हत्यारा मुसलमान और पीड़िता हिंदू थी। श्रृद्धा का परिवार इस संबंध के खिलाफ था। 26 वर्षीय श्रृद्धा मुंबई में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के काल सेंटर में काम करती थी। उसकी मुलाकात आफ़ताब से हुई और दोस्ती बढ़ने के बाद वे एकसाथ रहने लगे। वे दिल्ली आ गए और महरौली के एक फ्लैट में रहने लगे। इस हत्या के बारे में अनेक विवरणों का पता चला है। आफ़ताब के साथ भाग जाने के बाद श्रृद्धा का अपने परिवार से ज्यादा संपर्क नहीं रहा। मीडिया की एक खबर के अनुसार, श्रृद्धा के एक मित्र ने उसके भाई को बताया था कि उसका फोन दो महीने से अधिक समय से स्विच आफ है। नवंबर में श्रृद्धा के पिता ने उसके अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में यह भी कहा गया था कि श्रृद्धा ने पहले आफ़ताब द्वारा बार-बार पिटाई की बात बताई थी। इस जघन्य प्रकरण से चार सबक सामने आते हैं। पहला, विकृत सोच वाले व मनोरोगी केवल फिल्मों में नहीं होते, बल्कि वे हमारे चारों ओर रहते हैं और हमें उनके बारे में सावधान रहना चाहिए। दूसरा, कुछ लोगों का विश्वास है कि यदि वे काफी स्मार्ट हों तो हत्या समेत कोई भी अपराध कर सकते हैं। तीसरा, परिवारों को अपने युवाओं व खासकर लड़कियों को उस हालत में अनदेखा नहीं करना चाहिए यदि वे स्वतंत्र रूप से अपना जीवनसाथी चुनती हैं। इसके अलावा लड़कियों व उनके परिवारों को घरेलू हिंसा को गंभीरता से लेना चाहिए। उनको यह नहीं सोचना चाहिए कि 'अरे सब ठीक हो जाएगा।' कभी-कभी घरेलू हिंसा का नतीजा मौत भी हो सकती है, जैसा इस मामले में हुआ।

# राजीव गांधी के हत्यारों की आश्चर्यजनक रिहाई

**संसद के संयुक्त सत्र को उन कारणों की जांच करनी चाहिए जिनके चलते सर्वोच्च न्यायालय ने अभूतपूर्व निर्णय लेकर 6 दोषियों को रिहा कर दिया।**



सुमित भसीन
(लेखक, लोक नीति शोध केंद्र के निदेशक हैं)

सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 142 के अंतर्गत प्राप्त विशेष शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजीव गांधी हत्या मामले में 6 दोषियों की रिहाई का आदेश दे दिया। ऐसा असाधारण फैसला देने के लिए कोई पूर्व उदाहरण या विशेष शक्ति नहीं थी, इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 142 के अंतर्गत प्रदत्त विशेष शक्तियों का प्रयोग किया। केन्द्र ने लगातार दोषियों की रिहाई के तर्कों का विरोध किया। लेकिन तमिलनाडु सरकार ने लगातार दोषियों के तर्कों का समर्थन किया जिसका आधार न्यायशास्त्र न होकर राज्य की राजनीतिक मांगें थीं। इस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय जानबूझ कर तामिलनाडु के राजनेताओं की क्षुद्रताओं का साझीदार बन गया है।
सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बी.आर. गवई व बी.वी. नागरत्ना की पीठ ने 6 बचे हुए दोषियों की रिहाई का आदेश दिया जो भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या में सक्रिय भूमिका निभाने के कारण आजन्म कारावास की सजा भुगत रहे थे। स्वर्गीय राजीव गांधी की हत्या लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम के नेताओं के आदेश से की गई थी क्योंकि उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मित्र देश श्रीलंका में उस देश की प्रार्थना पर शांतिसेना भेजने का निर्णय किया था। यह उनका व्यक्तिगत निर्णय नहीं था। स्वर्गीय राजीव गांधी की हत्या व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण नहीं हुई थी। उनको घृणा, ईर्ष्या या किसी अन्य कारण से नहीं मारा गया था। उनको इसलिए मारा गया था कि उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में एक निर्णय किया था। यह निर्णय देश की कार्यपालिका के प्रमुख के रूप में लिया गया था। स्वर्गीय राजीव गांधी के अलावा अनेक अन्य लोगों की भी नृशंस हत्यायें हुईं जिनमें राजनेता, आम आदमी तथा सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। पूर्व प्रधानमंत्री की इस जघन्य हत्या के साथ ही अपना कर्तव्य निभा रहे अनेक लोग भी मारे गए।
इस पृष्ठभूमि में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष व स्वर्गीय राजीव गांधी की विधवा सोनिया



गांधी ने पूर्व राष्ट्रपति के.आर. नारायणन को पत्र लिख कर अपने पति के हत्यारों को मानवीय आधार पर माफ करने का अनुरोध किया था। लेकिन यह एक व्यक्तिगत तथा संकुचित मानवीय भावनाओं के आधार पर किय कृत्य था। उन्होंने भारत की संप्रभुता पर हमले तथा स्वर्गीय राजीव गांधी के साथ अनेक अन्य लोगों की नृशंस हत्या के व्यापक परिप्रेक्ष्य पर गौर नहीं किया था। मृत्यु दंड की सजा प्राप्त दोषियों की दया याचिकाओं की स्वीकृति सोनिया गांधी के पत्रों से प्रभावित हुई थी, जबकि ऐसा कभी नहीं होना चाहिए था। 'मानव बम' के आतंकी हमले में अपनी तीन उंगलियां खोने वाली अनुसूया डाइसी अर्नेस्ट एकमात्र बची सुरक्षा कर्मी हैं। उन्होंने सड़क पर उतर कर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का विरोध किया। राजीव गांधी हत्या मामले में प्रमुख षडयंत्रकारी कलैवानी राजरत्नम उफ धनु थी जिसका साथ नलिनी श्रीहरन ने खरीदारी के माध्यम से दिया था।
धनु मानव बम थी। नलिनी श्रीहरन ने वह सलवार-कुर्ता खरीदा था जिसे धनु ने बम विस्फोट के समय पहना था। अब नलिनी श्रीहरन रिहा हो गई है ओर वह जल्द ही अपनी बेटी के साथ लंदन चली जाएगी। वह देश की स्थिति का मजाक उड़ाते हुए भारत के बाहर विमान से चली जाएगी जहां दोषी सर्वाधिक जघन्य अपराधों के लिए मृत्यु दंड पाने के बाद भी बच जाते हैं। इसका कारण तमिलनाडु के राजनेताओं का 'राजनीतिक बौनापन' तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा फैसला देने में की गई भारी गलती है। सर्वोच्च न्यायालय का फैसला एक भयानक पूर्व उदाहरण स्थापित करता है जो भारत की संप्रभुता के विपरीत तथा उन सुरक्षा कर्मियों के चेहरे पर तमाचे की तरह है जो अपना कर्तव्य निभाते हुए अपनी जान की बाजी लगा देते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का अर्थ है कि उसने तमिलनाडु सरकार की संस्तुतियों पर पवित्रता की मुहर लगा दी है। इस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार पर एक राज्य सरकार को वरीयता दी है। यह भयंकरतम न्यायिक गलती है। इसका अर्थ केन्द्र-राज्य संबंधों को सिर के बल खड़ा करना है और निश्चित यप से इसके गंभीर परिणाम होंगे। केवल यह आधार संसद का संयुक्त सत्र बुलाने के लिए काफी है ताकि देश के संघीय ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचने से पहले त्वरित व सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।
यदि आतंकी हमलों के दोषी कट्टरपंथी व आतंकवादी दया याचिकायें दें और कुछ राज्यों के राजनेता संकुचित दृष्टिकोण से उनका समर्थन कर दें तो सर्वोच्च न्यायालय क्या करेगा? भारत अनेक ऐसे आतंकी हमलों का शिकार है जिनका संचालन पाकिस्तान में जड़ें जमाए आतंकी संगठनों व उनके आकाओं ने किया है। ऐसे अपराधों के अनेक दोषी जेलों में बंद हैं। स्वर्गीय राजीव गांधी के हत्यारों के साथ वरीयतापूर्ण व्यवहार कर सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बी.आर.गवई व बी.वी. नागरत्ना की पीठ ने संभवत: अपने ही पूर्व आदेशों, न्यायिक पूर्व उदाहरणों, कानून के शासन तथा संविधान का पालन नहीं किया है। भारत की संप्रभुता पर हमले से बड़ा कोई अपराध नहीं हो सकता है और इसके बावजूद स्वर्गीय राजीव गांधी के हत्यारों को रिहा कर दिया गया है। इसका अर्थ है कि सामूहिक बलात्कार व राजनेताओं की हत्या जैसे जघन्य अपराधों के अन्य सभी दोषी अपने साथ भी उसी व्यवहार की मांग कर सकते हैं जो पूर्व प्रधानमंत्री के हत्यारों के साथ किया गया है।
ऐसे हजारों दोषी अनेक जेलों में बंद हो सकते हैं जो कानून के शासन के समक्ष समान व्यवहार की मांग करते हुए स्वयं को माफ करने का अनुरोध करें। क्या सर्वोच्च न्यायालय उन सबको आजाद कर देगा? इसके साथ ही जेलों में बंद दोषियों का व्यवहार या उनकी स्वास्थ्य स्थितियां कब से उनकी सजा कम करने का आधार बन गई हैं। यह परेशान करने वाला मामला है। इससे एक गलत उदाहरण पेश होगा जिससे न्याय के प्रशासन को गंभीर झटका लग सकता है।
भारत के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ को स्वत: ही सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.आर. गवई व बी.वी. नागरत्ना की पीठ द्वारा किए फैसले में न्याय की गंभीर विकृति की ओर ध्यान देना चाहिए। उनको एक बड़ी पीठ का गठन कर पूर्व प्रधानमंत्री के हत्यारों की रिहाई से जुड़े मुद्दों पर विचार करने को कहना चाहिए। केन्द्र सरकार को भी एक आपातकालीन बैठक बुला कर इस फैसले से पैदा चुनौतियों पर विचार करना चाहिए। यह उचित है कि श्रीमती सोनिया गांधी द्वारा लिखे पत्र के आधार पर मृत्यु दंड प्राप्त दोषियों की सजा कम करने के निर्णय की समीक्षा की जाए। भारत की सर्वोच्च अधिकारी होने के नाते राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू इस मामले में हस्तक्षेप कर अपने पूर्ववर्ती के.आर. नारायणन द्वारा की गई गलती ठीक कर सकती हैं। संसद के एक संयुक्त सत्र को उन कारणों की जांच करनी चाहिए जिनके चलते सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस बी.आर. गवई व बी.वी. नागरत्ना की पीठ ने ऐसा फैसला दिया जिसने पूरे देश को झकझोर दिया है।
देश की सर्वोच्च न्यायिक संस्था होने के कारण सर्वोच्च न्यायालय अपने जजों की विषयनिष्ठता का शिकार नहीं हो सकता है। न्याय करने की मानक कार्रवाई प्रक्रियायें होनी चाहिए। इनको संहिताबद्ध करना चाहिए जो विधायिका के कार्यक्षेत्र में आता है।
संसद का विशेष सत्र संविधान में एक समग्र संशोधन के विधेयक पर विचार कर सकता है ताकि कुछ लोगों के संकुचित विचारों को लागू करने की जरा भी संभावना समाप्त की जा सके, भले ही ये लोग चाहे जिस पद पर हों। ऐसे संकुचित लोगों के कृत्यों से भारत की संप्रभुता तथा देश के प्रति देशभक्ति की भावना रखने वाले लोगों का मजाक उड़ता है। वर्तमान परिदृश्य पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि समय बहुत कम है और नलिनी श्रीहरन के लंदन भाग जाने के पहले समुचित कार्रवाई अवश्य होनी चाहिए।

# शिक्षा, संस्कृति संरक्षण व परम्पराओं को प्रोत्साहन



अर्जुन मुंडा
(लेखक, जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री हैं)

भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में, सरकार ने घोषणा की कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को हर साल जन जाति गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी। यह निर्णय पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था क्योंकि जनजातीय गौरव दिवस भारत की गौरवशाली आदिवासी विरासत, विरासत, संस्कृति और उपलब्धियों का प्रतीक है, जो आत्मानिर्भर भारत की भावना से प्रेरित है और वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को मजबूत करता है। हमारे प्रधान मंत्री ने टिप्पणी की, 'आजादी के इस अमृत काल में, देश ने संकल्प लिया है कि यह भारत की आदिवासी विरासत परंपराओं और इसकी वीरता की कहानियों को एक अधिक महत्वपूर्ण और राजसी पहचान प्रदान करेगा।'

भारत दुनिया की लगभग 25 प्रतिशत जातीय आबादी का घर है, जो इसे एक विविध और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाला देश और बड़ी संख्या में युवा आदिवासी बनाता है। वे अपने समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ शिक्षा और खेल जैसे क्षेत्रों में उनके लिए खुलने वाले अवसरों का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहे हैं, वे पद्म पुरस्कार और अंतरराष्ट्रीय पहचान भी जीत रहे हैं। प्राकृतिक प्रतिभा से संपन्न होने के बावजूद आदिवासियों को उनके प्रति उपेक्षा और उदासीनता के कारण लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा। लेकिन अब हमारे गतिशील प्रधान मंत्री के नेतृत्व में चीजें आखिरकार अच्छे के लिए बदल गई हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि श्रीमती। देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश की अनुसूचित जनजातियों की विशाल क्षमता का अद्भुत उदाहरण हैं; इस विशिष्ट पद पर उनकी नियुक्ति जनजातीय लोगों के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

भारत ने जन-केंद्रित दृष्टिकोण वाली सरकार की ओर एक आदर्श बदलाव देखा है। सुधार, प्रदर्शन, परिवर्तन के प्रधान मंत्री के आह्वान ने सरकार के पिछले आठ वर्षों के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में कार्य किया है। लाभ के अंतिम छोर तक वितरण को सुनिश्चित करने और देश भर में विकास परिणामों में सुधार के लिए, जन-समर्थक



नीतियों और पहलों को लागू किया गया है। व्यक्तिगत अनुभव से बोलते हुए, जब मैं स्वतंत्रता के सौ वर्षों में अपनी गौरवशाली मातृभूमि के बारे में सोचता हूं, तो मुझे एहसास होता है कि आदिवासी समाज को पूरी तरह से विकसित करना, सभी आदिवासी लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाना, उनके महत्वपूर्ण संस्थागत मुद्दों को संबोधित करना और उन्हें मुख्य धारा से एकीकृत करना महत्वपूर्ण है। हमारे प्रधान मंत्री द्वारा वकालत की गई विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण रणनीति समग्र शिक्षा है, एक शक्तिशाली उपकरण जो किसी भी समुदाय, वर्ग या देश को सकारात्मक रूप से आगे बढ़ने, आवश्यक सुधार करने और एक सफल भविष्य की दृष्टि को साकार करने में सक्षम बनाता है। आदिवासी समाजों में, विशेष रूप से युवा लड़कियों के लिए शैक्षिक उन्नति की परंपरा को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में शैक्षिक बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए चुनौतियां हैं। हमारा लक्ष्य आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके ब्लॉक स्तर पर इन समस्याओं का समाधान करना है ताकि वे सर्वश्रेष्ठ एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में भाग ले सकें और हमारे द्वारा प्रदान किए जाने वाले पांच छात्रवृत्ति कार्यक्रमों का लाभ उठा सकें : प्री / पोस्ट मैट्रिक, नेशनल फेलोशिप, टॉप क्लास छात्रवृत्ति, और राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति।

जनजातीय कल्याण को गति देने और सुशासन का अभ्यास करने के लिए, हमारे मंत्रालय ने नवीनतम तकनीकों को बनाए रखा है, क्योंकि दुनिया एक डिजिटल युग में परिवर्तित हो गई है। इसके अलावा, हमारे राज्य जनजातीय अनुसंधान संस्थान, गैर सरकारी संगठन, उत्कृष्टता केंद्र और अन्य संबद्ध समूह जनजातीय जीवन और संस्कृति के साथ-साथ मानवशास्त्रीय घटकों की उन्नति पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

भारत के लिए विजन-2047 आर्थिक कल्याण की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करना है। विजन 2047 के इस मूल तत्व को गति देते हुए, जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने स्थायी आजीविका, आय सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आदिवासी लोगों की जातीय संस्कृतियों को बढ़ावा देने को प्राथमिकता दी है। हमारे प्रमुख कार्यक्रमों और पहलों के परिणामस्वरूप, आज आदिवासी लोग समाज में अधिक एकीकृत महसूस करते हैं। यह मंत्रालय भारत में कई जनजातीय भाषाओं को संरक्षित और पोषित करने का भी प्रयास कर रहा है, और आदिवासी भाषाओं में प्राइमरी विकसित करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों और विशेषज्ञों के साथ काम कर रहा है।

मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि मंत्रालय के काम में आदिवासी समुदायों के जीवन के मूर्त और अमूर्त दोनों पहलू शामिल हैं। इसके अलावा, स्थानीय शासी संस्थाओं के समन्वय में, हमारे कार्यक्रमों और नीतियों को स्थानीय रूप से एक राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ चलाया जाता है।

लंबे समय में, मैं अपने देश, भारत को एक ठोस सामाजिक-आर्थिक नींव के साथ सतत विकास में एक नेता के रूप में देखता हूं, जो सभी निवासियों को व्यापक संभावनाएं प्रदान करता है। भारत अब धीरे-धीरे एक ऐसा पावरहाउस बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है जहां उसकी आवाज साफ सुनाई देगी और जहां वह बराबरी का भागीदार बनेगा। विभिन्न विकास उपायों के माध्यम से, हम भारत की क्षमता को अनलॉक करने और एक समृद्ध, लोगों के नेतृत्व वाले राष्ट्र के निर्माण के लिए एक साथ इस यात्रा को शुरू कर रहे हैं।

## आप की बात

### मानसिक दीवालियापन

**माननीयों** पर अवांछित टिप्पणी राजनीति में पैशा बनती जा रही है। बेलगाम नेता हैसियत देखे बगैर टिप्पणी कर देते हैं। जब दबाव और विरोध के स्वर फुटते हैं तो उसकी माफी मांगने में तनिक भी शर्म महसूस नहीं करते। इस समय बंगाल के एक मंत्री की टिप्पणी चर्चा में है जो देश के प्रथम नागरिक महामहिम के खिलाफ की गई है। वैसे राजनीति में बड़बोले बोल और थूक कर चाटना आम बात है। राजनीतिज्ञ, विधायक, सांसद, मंत्री अपनी भड़ास निकालने के लिए जो मुंह में आता है बोल देते हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री की तरह उनके मंत्री भी बेलगाम है। राज्य के जेल मंत्री अखिल गिरी ने कथित रंगभेद की टिप्पणी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ की थी जो किसी जनप्रतिनिधि के लिए कतई शोभनीय नहीं है। उपहास उड़ाती टिप्पणी गिरी के मानसिक दिवालियापन का सबूत है। जब मंत्री जी को अपनी घटिया सोच का प्रतिकार झेलना पड़ा तो वे झट माफी पर उतर आए। गिरी से सवाल है कि बोले गए बोल थूक कर चाट लेने से वापस आ जाते हैं क्या? मंत्री जी की टिप्पणी एक महिला के खिलाफ है जो शर्मनाक है। ऐसे अशालिन नेताओं पर आजीवन राजनैतिक प्रतिबंध लगने चाहिए।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### धर्मांतरण का मामला

**भारत** के उच्चतम न्यायालय के द्वारा जबरन धर्मांतरण के मुद्दे पर सख्त रुख अख्तियार करने एवं भारत सरकार से गंभीर प्रयास करने संबंधित निर्णय का सभी भारतीयों को स्वागत करना चाहिए। भारत एक धर्मनिरपेक्ष एवम विविधता वाला देश है जहां पर रीति रिवाज, खानपान, आचार विचार, भाषा और बोली सौ किलोमीटर की दूरी पर बदल जाते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि सभी धर्म समुदाय अपने पूजा पद्धति के अनुसार प्रार्थना करें, यदि लोभ लालच और जबरन किसी समुदाय के लोगों को धर्मांतरण के लिए के लिए व्यक्ति समूह एवं संस्थाओं के द्वारा तैयार किया जाता है तो इस पर कठोर कार्रवाई की आवश्यकता है क्योंकि ऐसे ना केवल समाज में तनाव पैदा होता है बल्कि सामाजिक ताना-बाना बिगड़ने में देर नहीं लगती है। उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश और अनेक राज्यों में जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाने संबंधी अधिनियम पास किए जा चुके हैं भारत में इस संदर्भ पर राष्ट्रव्यापी कोई कानून नहीं है अभी तक जिसकी तरफ सुप्रीम कोर्ट ने इशारा किया है। हमें यह भी देखना होगा कि ऐसे कानून की आड़ में निर्दोष लोगों को और सामाजिक संस्थाओ को बिना वजह परेशान ना किया जाए।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### संस्कारविहीन शिक्षा का परिणाम

**श्रद्धा** के 35 टुकड़े किसी हब्शी ने करके जंगल में फेंक दिए।यह समाचार जिसने भी सुना वह पढ़ा होगा, सिहर उठा होगा। आखिर ऐसी अमानवीय क्या अदानवीय भी घटनाएं होती क्यूं है? ऐसी घटनाओं के लिए वातावरण कौन बनाता है? इन प्रश्नों के हमें पहले उत्तर खोजने होंगे,तभी इनका इलाज सम्भव है। आज का यूवा पश्चिम के भौतिकवाद के पीछे पागल हो चुका है।जिसको पाने के लिए वह किसी भी सीमा को लांघने में संकोच नहीं कर रहा। मैं यह कहने में भी संकोच नहीं करूंगा कि इस वर्ग में हिन्दू युवतियां सबसे आगे हैं। इसके लिए जमीन तैयार करने में उनकी माताओं की भूमिका सर्वाधिक है। वैसे तो शिक्षण संस्थाएं भी इस सांस्कृतिक प्रदूषण के लिए कम दोषी नहीं हैं। सरकारी शिक्षा नीतियों का भी इसमें पूर्ण सहयोग है। आधुनिकता व प्रगतिशीलता के नाम पर हमने अपने संस्कारों, संस्कृति, परम्पराओं और लोकराज को दफ़न कर दिया है। आखिर कितनी श्रद्धाएं ऐसी हैं जो पेट की खातिर घर से बाहर कदम रखने से पहले अपने माता पिता व परिवार के सम्मान व मर्यादाओं का ध्यान रखती हैं।

– **डॉ नरेंद्र टोंक**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया





**तेलंगाना** एक बड़ा आईटी केन्द्र है। दु:ख की बात है कि यहां अंधविश्वासों को प्रोत्साहन दिया जाता है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**यह** बड़ा अवसर यूक्रेनवासियों की दृढ़ता व कौशल तथा संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों के निरंतर समर्थन से सामने आया है।

– **जेक सुलीवान**
अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार





**मेरे** विचार से भारत के प्रधान न्यायाधीश के पद पर रहने के बाद राज्यसभा की सदस्यता या किसी राज्य का गर्वनर बनना उचित विचार नहीं है।

– **उदय उमेश ललित**
भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश

# पराली न जलाएं किसान, अधिकारी करें जागरूकः योगी

## प्रदेश में बढ़ते प्रदूषण की समस्या पर मुख्यमंत्री ने व्यक्त की चिंता

- सभी जनपदों में पराली दो, खाद लो कार्यक्रम को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जा रहा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में पराली जलाने से बढ़ते प्रदूषण की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से होने वाले नुकसान के प्रति किसानों को जागरूक किया जाए। फसल अवशेषों को काटकर खेत में पानी लगाकर एवं यूरिया छिड़ककर खेत में ही पराली को गलाने का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील गांवों में जिला स्तरीय अधिकारियों को कैम्प लगाकर पराली जलाने की घटनाओं पर रोकथाम के उपाया किए जाएं। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को ग्रामवार समन्वय स्थापित करने के लिए ड्यूटी लगायी जाएं। कृषि विभाग के अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी ने बताया कि हर जिले में पराली को गौशालाओं में पहुंचाया जा रहा है। सभी जनपदों में पराली दो, खाद लो कार्यक्रम को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे इस बार पराली जलाने की घटनाएं कम हो सकें। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में 16 वायोब्रिकेट और वायोकोल प्लान्ट स्थापित किए गए हैं। इन प्लांट्स पर भी पराली पहुंचाई जा रही है। कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ कटाई के साथ सुपर एसएमएस या फसल अवशेष प्रबन्धन के अन्य कृषि यन्त्रों को अनिवार्य किया जाए। प्रदेश में कुछ ऐसे भी जिले हैं जहां पराली जलाने की घटनाएं शून्य के बराबर है। इनमें वाराणसी, सोनभद्र, सन्त रविदास नगर, महौबा, कासगंज, जालौन, हमीरपुर, गोण्डा, चन्दौली, बाँदा, बदायूँ, आजमगढ़, अमरोहा और आगरा शामिल हैं। इसके अलावा सुझाव दिया गया है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में धान की कटाई और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गन्ने की कटाई शुरु हो गई है। इन जिलों में विशेष तौर पर ध्यान देने की जरुरत है। हर जिले में पूसा डीकम्पोजर तत्काल किसानों के माध्यम से वितरण कराया जाए जिससे फसल अवशेषों को खेत में ही संड़ाकर प्रबन्धन किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी ने पराली जलाने को दंडनीय अपराध घोषित किया है।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में पहुंचे मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संत का स्वभाव लोक कल्याणकारी होता है, वह अपने नहीं, देश व समाज के बारे में सोचता है। समाज को वह दिशा देता है। अपने बारे में सोचने वाला व्यक्ति कभी संत नहीं हो सकता। मनुष्य भी अपने लिए सोचता है तो स्वार्थी और लोक कल्याण के लिए सोचने वाला परमार्थी कहलाता है। अपने लिए सोचने वाले व्यक्ति कभी समाज के लिए अनुकरणीय नहीं हो सकता।

सीएम मंगलवार को मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ मंदिर देवीपाटन के गुरु गोरक्षनाथ मंडपम में आयोजित ब्रह्मलीन महंत योगी महेंद्र नाथ महाराज की 22वीं पुण्यतिथि पर चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ व श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि महंत महेंद्र नाथ द्वारा यहां की गई साधना व लोककल्याण कारी कार्यक्रमों के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। सीएम ने कहा कि 10 से 11 वर्षों तक महेंद्र नाथ जी को इस पीठ पर मां की सेवा का अवसर मिला। उन्होंने पूज्य महंत अवेद्यनाथ जी के मार्गदर्शन में लोक कल्याणकारी प्रवृत्ति, सकारात्मक सोच, समग्र विकास की रूपरेखा तैयार की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां पाटेश्वरी का यह पीठ आदिपीठ है। मान्यता है कि यहां दक्ष प्रजापति के यज्ञ के फलस्वरूप सती के अंग जिन 51 स्थलों पर धरती पर गिरे थे, यहां मां का पट सहित वाम स्कंद यहां गिरने के कारण यह मां पाटेश्वरी के धाम के रूप में कहलाया था। गुरु गोरक्षनाथ ने यहां माँ के विग्रह को स्थापित किया था। यहां पहले पिंडी के रूप और बाद में गोरक्षपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज ने यहां मां पाटेश्वरी के भव्य विग्रह की स्थापना कराई थी। कालांतर में यहां नवदुर्गा की मूर्तियां भी स्थापित हुई। आज यहां गोसेवाए धर्मशालाए वनवासी बच्चों के लिए छात्रावास, बच्चों के लिए विद्यालय, चिकित्सालय आदि लोक कल्याणकारी कार्यक्रम चल रहे हैं। धर्म स्थल सिर्फ उपासना के केंद्र ही नहीं हैं, वे राष्ट्रीय एकता का भी संदेश देते हैं। एकता से परिवारए समाज व देश एक सूत्र में बंधे रहते हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देवीपाटन शक्तिपीठ आस्था का केंद्र है और भारत-नेपाल की एकता का भी आधार है। यह पीठ दोनों देश के सांस्कृतिक सेतु का माध्यम हो सकता है। चैत्र नवरात्रि में नेपाल से सिद्ध रतन नाथ जी की यात्रा यहां आती है। पंचमी से नवमी तक यहां पर हजारों श्रद्धालु देवीपाटन पूजन-अर्चन करने आते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऐशबाग सुदर्शन पुरी धानुक बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर सर्वप्रथम महर्षि सुपच सुदर्शन की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राजनाथ सिंह ने लखनऊ प्रवास के दूसरे दिन प्रातः आवास पर विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से भेंट की।

## साधारण बसो में भी शीघ्र उपलब्ध होगी आनलाइन बुंकिग की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि परिवहन निगम की साधारण बसो में भी अब शीघ्र ही आनलाइन बुंकिग की सुविधा उपलब्ध होगी। इस संबंध में उन्होंने परिवहन निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों को अधिक से अधिक जन सुविधाएं मुहैया हों इस दिशा में उप्र परिवहन निगम कार्यरत है। उप्र परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने बताया कि सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक क्षेत्र कम से कम 40 प्रतिशत साधारण बसों की सूची आनलाइन बुकिंग के लिए उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि यात्रियों द्वारा प्रदेश में कहीं से भी साधारण बसों का टिकट लेकर यात्रा की जा सकेगी। क्षेत्रीय प्रबन्धकों द्वारा इस आशय का प्रस्ताव मुख्यालय भेजे जा रहे हैं, जिसका विवरण शीघ्र ही आमजन के लिए उपयोगार्थ उपलब्ध कराया जाएगा।

## राज्य व मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार 2022 के आवेदन 30 तक

**लखनऊ।** राज्य अध्यापक पुरस्कार वर्ष 2022 हेतु प्रदेश के राजकीय, अशासकीय प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों एवं संस्कृत विद्यालयों में सेवारत प्रधानाचार्यो, प्रधानाध्यापकों, अध्यापकों तथा मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार वर्ष 2022 हेतु प्रदेश के उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद् प्रयागराज से मान्यता प्राप्त स्ववित्त पोषित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्राप्त किये जायेंगे। शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ महेन्द्र देव ने बताया कि आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर है। ऑनलाइन आवेदन लिंक शिक्षक पुरस्कार एवं विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## भाजपा के पूर्व विधायक खब्बू तिवारी की अपील पर फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता। लखनऊ

**भाजपा** के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी की अपील पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। खब्बू तिवारी ने अपील में फैजाबाद की विशेष अदालत के फैसले को चुनौती दी है। 18 अक्टूबरए 2021 को फैजाबाद की एमपी.एमएलए कोर्ट ने फर्जी मार्कशीट के मामले में खब्बू तिवारी को दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई थी। करीब 11 माह जेल में रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट से खब्बू तिवारी की जमानत मंजूर हुई थी।

जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने मंगलवार को खब्बू तिवारी व राज्य सरकार के वकीलों की बहस के बाद अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया। पीठ के समक्ष अपीलार्थी खब्बू की ओर से वरिष्ठ वकील आईबी सिंह ने बहस की। उनका तर्क था कि किसी भी गवाह के बयान से अभियोजन कथानक की पुष्टि नहीं होती है। इस मामले में दस्तावेजी साक्ष्यों की मूल प्रति नहीं पेश की गई थी। लिहाजा मूल प्रतियां नहीं होने अथवा मूल प्रतियों से मिलान नहीं होने के कारण उन दस्तावेजों को साक्ष्य नहीं माना जा सकता। सुनवाई के दौरान अपील का राज्य सरकार की ओर से विरोध किया गया। अपर शासकीय अधिवक्ता उमेश चंद्र वर्मा का तर्क था कि इस मुकदमे के विचारण के दौरान बतौर अभियोजन साक्ष्य पेश किए गए दस्तावेजों की प्रामाणिकता पर कोई प्रश्न नहीं उठाया गया। लिहाजा अपील में दस्तावेजों की प्रामाणिकता के विरुद्ध दलील नहीं दी जा सकती है।

यह भी कहा गया कि इस मामले में अपीलार्थी पूरे 30 साल तक फरार रहा। उसकी फ़रारी से विचारण में काफी विलंब हुआ। वर्ष 1992 में इस मामले की एफआईआर अयोध्या के थाना रामजन्म भूमि में दर्ज हुई थी।

## सपा की स्टार प्रचारकों की सूची में शिवपाल भी

- मैनपुरी उपचुनाव के लिए अखिलेश समेत 40 प्रचारक नामित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी ने मैनपुरी उपचुनाव के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची मंगलवार को जारी की। इस सूची की सबसे अहम बात यह है कि इसमें अखिलेश यादव के चाचा और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव का भी नाम शामिल है। समाजवादी पार्टी मैनपुरी से अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव को उपचुनाव लड़ा रही है। डिंपल ने बीते सोमवार को ही अपना नामांकन किया है। नामांकन के दौरान अखिलेश सहित परिवार के अन्य सभी सदस्य तो मौजूद थे लेकिन शिवपाल सिंह यादव कहीं दिखाई नहीं पड़े। अब अगले ही दिन स्टार प्रचारकों की सूची में उनका नाम देखकर खुद पार्टी के नेता-कार्यरता भी हैरत में। अब देखना यह होगा कि क्या शिवपाल सिंह यादव मैनपुरी में डिंपल यादव के प्रचार करेंगे और उनके लिए वोट मांगेंगे।

सपा की ओर से जारी की गई सूची में जिन नेताओं को स्टार प्रचारक बनाया गया है उनमें अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह यादव के अलावा किरनमय नंदा, प्रोफेसर रामगोपाल यादव, मोहम्मद आजम खान, जया बच्चन, नरेश उत्तम पटेल, माता प्रसाद पांडेय, स्वामी प्रसाद मौर्य, डॉ. मनोज पांडेय, धर्मेन्द्र यादव, राजाराम पाल, चंद्रभूषण सिंह उफ मुन्नू बाबू, रामआसरे विश्वकर्मा, बृजेश कठेरिया, राजू यादव, अरविन्द यादव, राजपाल कश्यप, रेखा वर्मा, पूजा पाल, खुमान सिंह वर्मा, चंद्रप्रकाश लोधी, मिठाईलाल भारती, आलोक शाक्य, मुकेश वर्मा, श्यामलाल पाल, राकेश ठाकुर, राम नरायन बाथम, जय सिंह कश्यप, आदि शामिल हैं।

## जलाशयों के संबंध में जल्द लागू कराई जाएगी नई नीति

- प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत परियोजनाओं के लिए प्राप्त हुए 75 हजार ऑनलाइन आवेदन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मत्स्य विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री डा. संजय कुमार निषाद ने कहा है कि उप्र को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना और मछुआ समुदाय का सर्वांगीण विकास करना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से है। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 में लाभार्थियों के चयन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मत्स्य विभाग के प्रबन्धीन जलाशयों के सम्बन्ध में नयी नीति का निर्धारण किया गया है, जिसे शीघ्र ही लागू कराया जायेगा।

निषाद मंगलवार को मत्स्य विभाग के कार्यों की समीक्षा के बाद विभागीय अधिकारियों को निर्देशत कर रहे थे। उन्होंने समीक्षा बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में परियोजनाओं के लिए लगभग 75 हजार आनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं जो विगत वर्ष की तुलना में 10 गुना अधिक हैं। लगभग 16 विभिन्न योजनाओं में महिलाएं, अनुसूचित जाति-जनजाति को 60 प्रतिशत तथा सामान्वर्ग को 40 प्रतिशत अनुदान धनराशि देकर विभिन्न मात्स्कीय गतिविधियों में लाभ दिलाया गया है।

मत्स्य विकास मंत्री ने मत्स्य पालन एवं कृषि उत्पादन को एक साथ नवीनतम तकनीकी सुविधाएं मुहैया कराने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश यथाशीघ्र जारी किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। निषाद ने कहा कि मत्स्य क्षेत्र के भूमिहीन मछुआरों को किसान क्रेडट कार्ड के माध्यम से भी लाभान्वित कराया गया है। उन्होंने मत्स्य क्षेत्र के सभी भूमिहीन मछुआरों को केसीसी के माध्यम से ऋण मुहैया कराने के लिए दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए किसी जमानत की आवश्यकता नहीं होगी। मत्स्य मंत्री ने आगामी 21 नवम्बर को विश्व मात्सियकी दिवस के अवसर पर राज्य एवं जनपद स्तर पर वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मत्स्य विकास विभाग के विशेष सचिव व निदेशक प्रशांत शर्मा, संयुक्त निदेशक एमएस रहमानी, उपनिदेशक विजय चौरसिया, उपनिदेशक मोनिशा तथा अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सत्ता संरक्षित अपराधियों के चलते संकट में है बहन,बेटियों की जिदंगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सत्ता संरक्षित अपराधियों के चलते बहन.बेटियों.महिलाओं की जिंदगी संकट में है। लूट, हत्या, अपहरण और दुष्कर्म की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। भाजपा सरकार का मिशन शक्ति दिखावे के लिए ही बना है। ऐंटी रोमियों स्क्वायड भी मौके पर कहीं दिखाई नहीं पड़ता है। भाजपा सरकार का महिला सशक्तीकरण का दावा भी उसके दूसरे वादों की तरह कोसों दूर चला गया।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज के पिछले पांच साल उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार के कामों पर अपने नाम का ठप्पा लगाने में निकल गये। अच्छी योजनाओं को बर्बाद करने का खेल भी खूब खेला गया। भाजपा की दूसरी सरकार बने अब सात महीने हो रहे हैं। इस अवधि में तो कानून व्यवस्था के हालात बद्-से-बद्तर होते जा रहे हैं। अपराधियों पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने अपराध नियंत्रण के लिए यूपी डायल 100 तथा 1090 वूमेन पावर लाइन शुरू की थी। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए तकनीकी रूप से प्रगति के साथ पुलिस की कार्य संचालन क्षमता में भी सुधार लाया गया था। घटनास्थल पर तत्काल पहुंचने के लिए इनोवा गाड़ी दी गई थी। भाजपा ने पुलिस को सिर्फ अपने राजनीतिक हितों में प्रयोग का मोहरा बना लिया है। अभी चंद दिनों की रिपोर्टों का ही संज्ञान लें तो स्पष्ट हो जाएगा कि राजधानी लखनऊ सहित विभिन्न जनपदों में कोई दिन बिना अपराधिक घटनाओं के नहीं बीता है। हर दिन कहीं न कहीं महिलाओं-बेटियों को अपमानित करने की घटनाएं घटी हैं। कानून को धता बताकर अपराधी लूट, हत्या, अपहरण और बलात्कार कर रहे हैं। नेशनल क्राइम ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में लोगों की पुलिस हिरासत में सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अभी पिछले दिनों वाराणसी के मडुआडी थाना क्षेत्र में सिर पर डंडा मारकर महिला की नृशंस हत्या कर दी गई। मोदीनगर में छात्रा से दुष्कर्म, बुलन्दशहर में दहेज के लिए महिला की हत्या। मेरठ में महिला से दुष्कर्म। बदायूं में घर में घुसकर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म। प्रतापगढ़ में युवती से छेड़छाड़। लखीमपुर खीरी में महिला की हत्या। अनूप शहर में सहेली के घर में घुसकर दुष्कर्म। उन्नाव में दलित छात्रा की हत्या और फतेहपुर के बिंदकी क्षेत्र में 7 साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटनाएं चंद दिनों के अन्दर घटी हैं।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार को जनहित और लोगों को सुरक्षा देने वाली किसी भी योजना को लागू करने की कोई फिक्र नहीं है। भाजपा का एकमात्र उद्देश्य सत्ता पर काबिज रहना है। सत्ता के लिए भाजपा कुछ भी कर सकती है।

## मैं अपने राजनीतिक गुरु शिवपाल से आशीर्वाद लूंगाः रघुराज सिंह शाक्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, मैनपुरी

**मैनपुरी** उपचुनाव के लिए भाजपा का उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद रघुराज सिंह शाक्य ने मंगलवार को कहा कि प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के संस्थापक शिवपाल सिंह यादव उनके राजनीतिक गुरु हैं और वह उनका भी आशीर्वाद लेंगे।

कभी शिवपाल यादव के बेहद करीबी रहे शाक्य इस साल की शुरुआत में भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने शिवपाल की पार्टी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) छोड़ दी थी। इससे पूर्व वह समाजवादी पार्टी में थे और शिवपाल द्वारा पार्टी गठन के बाद वह उनके साथ चले गए थे। मैनपुरी में संवाददाताओं से बातचीत में शाक्य ने कहा, वह (शिवपाल यादव) मेरे राजनीतिक गुरु हैं। मैं उनका भी आशीर्वाद लूंगा। मुलायम सिंह यादव मेरे गुरु थे और वह बड़े दिल वाले व्यक्ति थे और शिवपाल सिंह मुझे राजनीति में लेकर आए। शाक्य बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। सपा उम्मीदवार डिंपल यादव पर निशाना साधते हुए शाक्य ने कहा, क्या आप उनसे मुलाकात कर सकते हैं। उनसे मिलने के लिए आपको अर्जी देनी पड़ेगी, सुरक्षाकर्मियों का घेरा तोड़ना पड़ेगा। मैं किसान का बेटा हूं और मुझे कोई भी सड़क पर कहीं भी रोक सकता है। मैं उनके लिए हमेशा उपलब्ध हूं। उन्होंने कहा, लोग खासकर महिलाएं हुड़दंगों के भय के साए में जी रही थीं, लेकिन अब समाज का हर वर्ग योगी आदित्यनाथ की सरकार में भयमुक्त महसूस कर रहा है। शाक्य ने कहा कि सपा हुड़दंगों, भू-माफिया और असामाजिक तत्वों की पार्टी है, इसलिए उन्होंने सपा छोड़कर भाजपा का हाथ थामा जो कि अनुशासित कार्यकर्ताओं वाली पार्टी है। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद यह उपचुनाव आवश्यक हो गया। मैनपुरी सीट सपा का गढ़ रही है। हालांकि, आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीटों पर सपा का वर्चस्व तोड़ने के बाद भाजपा मैनपुरी में जीत की उम्मीद कर रही है।

## लोकतंत्र व संविधान को कमजोर करने में जुटी है बीजेपीः बृजलाल खाबरी



- फतेहपुर जिले से आए कई सपा नेता कांग्रेस पार्टी में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा है कि बीजेपी लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने में जुटी है। एकता, समानता और भाईचारे के खिलाफ साजिशें हो रही हैं।

खाबरी मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव की मौजूदगी में अपने प्रभार क्षेत्र जनपद फतेहपुर से आए सपा के पूर्व विधानसभा सचिव विनोद कुमार पासवान, जगदीश गौतम, जगरूप, राम लखन, बिरेन्द्र कुमार, सबीना, दीप्ती आर्या, जीतू सहित उनके साथ आए लोगों को कांग्रेस पार्टी में शामिल करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आम जनता की गाढ़ी कमाई को विभिन्न तरीकों से निकालकर चंद उद्योगपति मित्रों की जेब में डालने का षड्यंत्र हो रहा है। इससे चिंतित आज लाखों किसान, युवा, महिलाएं व बच्चे अपने भविष्य और लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी से तेजी से जुड़ रहें हैं। आज समूचे भारत में राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी भारत जोड़ो अभियान के तहत देश की एकता अखंडता को बचाने के लिए सड़क से संसद तक संघर्षरत है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह ने बताया कि इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव, प्रदेश महासचिव शिव पाण्डेय, सूचना का अधिकार विभाग कांग्रेस महासचिव नितांत सिंह नितिन आदि मौजूद रहे।

## आखिर कब तक गड्ढा मुक्त होगा प्रदेश, बताए योगी सरकारः कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** ने कहा है कि योगी सरकार पिछले पांच वर्षों में और बीजेपी के पूर्व पीडब्लूडी मंत्री एवं वर्तमान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या लगातार अपने बयानों में साढ़े पांच वर्षों से गड्ढ़ा भरने का कार्य कर रहे हैं। वर्तमान मौजूदा सरकार ना तो गड्ढे भर पा रही है और ना ही युवाओं को रोजगार दे पा रही है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अशोक सिंह ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश की सड़कों को अब तक गड्ढा मुक्त हो जाना चाहिए था। खुद मुख्यमंत्री योगी ने इसके लिए 15 नवंबर की तारीख तय की थी लेकिन जैसा कि हर वादे और दावे के साथ होता है, तारीख पर तारीख देने के बाद भी गड्ढा भराई की रस्म वक्त पर पूरी न हो सकी। अब इसे 15 दिन और बढ़ा दिया गया है।

उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी की रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष में 4851 किमी सड़कों का नवीनीकरण कराया जा चुका है जबकि 6224 किमी सड़कों की विशेष मरम्मत हुई है। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 नवंबर तक सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए थे। यह अभियान 15 अक्तूबर से चल रहा था। पीडब्ल्यूडी के रिकॉर्ड के मुताबिक 13 नवंबर की शाम तक 50181 किमी सड़कों की मरम्मत हो चुकी थी जो कि कुल लक्ष्य का 84 फीसदी हैं और यह आंकड़ा भी सिर्फ कागजी लगता है अगर हकीकत होता तो सवाल है कि अभी भी लोगों की जाने क्यों जा रही हैं यह भी सरकार का दावा खोखला है। उन्होंने सड़कों पर गढ़डा और छुट्टा जानवरों की वजह से दुर्घटनाएं बढ़ गयी है जिसमें तमाम लोग अपनी जान गवां चुके हैं। विपक्ष के द्वारा बार-बार सवाल खड़ा करने पर योगी सरकार ने सिर्फतारीख दी। गड्ढा मुक्ति अभियान को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की खूब फजीहत हुई उसके बावजूद गढ़डा मुक्ति अभियान में कोई तेजी नहीं आई एक बार फिर अभियान की अवधि 15 नवंबर से बढ़ाकर 30 नवंबर कर दी गयी है। सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि सड़कों को गड्ढों से मुक्त करने का काम अभी अधूरा है, अब तक सिर्फ 78 फीसदी सड़कें ही गड्ढा मुक्त हो सकी हैं और वह भी कितना सच है यह तो ऊपर वाला ही जनता है। असल तस्वीर बता रही है कि अब भी इन दावों और आंकड़ों का सच जमीनी हकीकत से जुदा है। सच तो यह है राजधानी लखनऊ सहित सूबे के ज्यादातर इलाकों में सड़कों का बुरा हाल है।

## प्रदेश की विभिन्न परियोजनाओं से स्टील की मांग व खपत में भारी वृद्धि हुई हैः नन्दी

- इकोफ्रेंडली टेक्नोलॉजी को उत्तर प्रदेश के साथ साझा किए जाने की है जरूरत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी मंगलवार को विज्ञान भवन में इस्पात मंत्रालय द्वारा आयोजित राज्यों के उद्योग, खान, इस्पात मंत्रियों के सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए शामिल हुए। मंत्री नन्दी ने देश में स्टील उद्योग को प्रोत्साहित करने और उत्पन्न चुनौतियों के समाधान के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच संवाद की पहल करते हुए बैठक आहुत करने पर आभार व्यक्त किया। नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का एक महत्वपूर्ण स्टील का उपभोक्ता एवं उत्पादक राज्य है। प्रदेश में ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड कॉरिडोर, हाउसिंग प्रोजेक्ट्स, हाईवेज, एक्सप्रेसवेज, एयरपोर्ट्स, डिफेंस कॉरिडोर जैसे बड़े डेवलपमेंट प्रोजेक्ट चल रहे है। विकास की इन परियोजनाओं से स्टील की मांग एवं खपत में भारी वृद्धि हुई है। हमारी सरकार प्रदेश में स्टील उद्योग के प्रोत्साहन एवं विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए हमें केंद्र सरकार के सहयोग एवं प्रोत्साहन की आवश्यकता है।

इस क्रम में केंद्र सरकार से हमारे कुछ अनुरोध हैं। उन्होंने कहाा कि प्रदेश में स्टील उद्योग के लिए आवश्यक रॉ मैटेरियल जैसे कोयला, आयरन और लौह अयस्क की उपलब्धता न होने के कारण उद्योग में लगे हुए उद्यमियों को रॉ मैटेरियल दूसरे राज्यों से मंगाना पड़ता है जिससे लागत बढ़ती है। इस विषय पर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। दूसरे राज्यों के खनन क्षेत्रों से रॉ मैटेरियल के ट्रांसपोर्टेशन एवं लॉजिस्टिक्स में भारी व्यय होता है जो कि नए उद्योगों की स्थापना को हतोत्साहित करता है। स्टील उद्योग से सम्बंधित विभिन्न इकोफ्रेंडली टेक्नोलॉजी को भी उत्तर प्रदेश के साथ साझा किए जाने की आवश्यकता है। केंद्र सरकार द्वारा राज्यों के बीच प्रक्रिया को प्रोत्साहित किए जाने का अनुरोध है। जिन राज्यों में खनिजों की पर्याप्त उपलब्धता है और स्टील उत्पादन क्षेत्रों में अग्रणी है जैसे उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखण्ड इत्यादि। इन राज्यों के साथ स्टील उद्योग में उभरते हुए राज्यों के साथ समय-समय पर इंटर स्टेट मीटिंग आयोजित किए जाने का केंद्र सरकार से आग्रह है। देश में स्टील उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह बैठक बेहद सफल और सार्थक प्रयास है। भविष्य में ऐसे ही प्रयासों के माध्यम से हम स्टील उत्पादन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने की ओर साझा सहयोग एवं संवाद के माध्यम से आगे बढ़ें।

### जिलाधिकारी अनुज सिंह ने ब्लॉक एलिया के धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण

# गौशाला के बीमार पशुओं को रखा जाए अलग : डीएम

संवाददाता। सीतापुर

**एक दिन पूर्व** अधिकारियों संग कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर निर्देश देने के बाद मंगलवार को हकीकत से रूबरू होने के लिए जिलाधिकारी अनुज सिंह अचानक गौशाला का निरीक्षण करने निकल पड़े। जिलाधिकारी ने ब्लाक ऐलिया क्लार्क नगर स्थित गौशाला पहुंचकर गौशाला में रखे गए पशुओं की जानकारी ली। इस दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि जो पशु बीमार है उनका समुचित उपचार कराया जाये तथा पशुओं को चारे में पोषक आहार दिया जाये। उन्होंने प्रधान को निर्देशित करते हुये कहा कि गौशाला में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था होनी चाहिये। निर्देश दिये कि 15 दिनों के अतिरिक्त भूसे का भंडारण रखा जाये। डीएम अनुज सिंह ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. पी.के. सिंह व अपर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि गौशाला में चिकित्सक प्रतिदिन निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि गौशाला में जो बीमार पशु है उनको अलग रखा जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि ठंड का मौसम शुरू हो गया है, पशुओं को ठंड से बचाने हेतु सभी आवश्यक सुविधाएं तैयार की जाये तथा पशुओं को नेपियर घास खिलायी जाये। ब्लाक एलिया के प्राथमिक विद्यालय सरायंजीत पहुंचकर शिक्षकों की उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया। डीएम ने बच्चों से किताब पढ़वाते हुये उनसे प्यार से बात की। रसोई में बन रहे भोजन को चेक किया तथा खाने में नमक चखकर, मसाले की जानकारी ली। उन्होंने हैंडपम्प कम समर्सिबल को चेक कराते हुये पानी की टोटी आदि को देखा। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि अध्ययन के समय शिक्षकों को कोई भी ट्रेनिंग में न बुलाया जाये ताकि शिक्षण कार्य प्रभावित न हो सके। शिक्षण के दौरान विद्यालयों के मुख्य गेट को बन्द रखे जाने के निर्देश संबंधित को दिये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा.पी.के. सिंह, बीडीओ एलिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने ब्लॉक एलिया के धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी से आज तक हुयी धान खरीद की जानकारी ली। क्रय केन्द्रों के अभिलेखों को देखकर निर्देश दिये कि मानक के अनुरूप धान का क्रय किया जाय। उन्होंने किसानों से वार्ता करते हुये उनकी समस्याओं को सुना एवं उनसे आधार सत्यापन की जानकारी ली। उन्होंने नमी की जानकारी ली एवं आधार चेक करते हुये डेटा का मिलान भी किया।

**● ब्लाक एलिया के प्राथमिक विद्यालय सरायंजीत पहुंचकर शिक्षकों की उपस्थिति रजिस्टर को डीएम ने किया चेक**

## ब्लॉक मिश्रिख में बीस लाभार्थियों को गृह प्रवेश के साथ वितरित की गयी चाबी

**सीतापुर।** विकासखंड मिश्रित के सभागार में सीतापुर से भाजपा एमएलसी पवन सिंह चौहान और ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पांडेय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बीस लाभार्थियों को गृह प्रवेश के साथ चाबी का वितरण किया गया। साथ ही 6 लाभार्थियों के खातों में डिजिटल माध्यम से धनराशि भेजी गई। रीमा, रामासरे, अनीता, राम श्री, मंजू, रघुनाथ प्रसाद, सुनील, सुनीता, शत्रुघ्न, सीमा, गुड्डी, शकीला, ओंकार नाथ, रमेश, प्यारेलाल आदि को आवास की चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर अंकित शुक्ला, मनोज पान्डेय, सभासद राजकिशोर विश्वकर्मा, विवेकसिंह चौहान, सतीश शास्त्री, अजय शुक्ला, कौशलेन्द्र त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बबलू पान्डेय, संदीप, प्रधान संघ जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा, अनुराग मिश्रा पवन, प्रधान रामकिशोर वर्मा, अविनाश सिंह, अमित त्रिवेदी, राजन मिश्रा, दिलीप दीक्षित, विनीत मिश्रा, महेन्द्र मौर्य, धर्मेन्द्र सिंह, रामपाल, वीरेन्द्र कुमार, पंकज कुमार, नैमिष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### चार दिवसीय प्रशिक्षण का पांचवां बैच संपन्न

**सीतापुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र लहरपुर में आयोजित, निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों में बुनियादी भाषा और गणित विषय में कौशल विकास हेतु शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण का पांचवां बैच संपन्न हुआ। शिक्षकों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी लहरपुर शाहीन अंसारी ने कहा कि गणित और भाषा शिक्षण के सूत्रों के अनुरूप ही शिक्षण कार्य करें। प्रशिक्षण में स्टेट रिसोर्स पर्सन करुणेश मिश्र, ए आर पी सुरेश कुमार, पुष्पेंद्र मौर्य, अनवर अली, संदीप कुमार, संदीप वर्मा, बृजेश पांडे ,आलोक कुमार वर्मा, लेखाकार पंकज वर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर सौरभ शुक्ला, सिंकल वर्मा आदि ने अपने अनुभव और सुझाव प्रस्तुत किए।

## प्लाट दिलाने का प्रलोभन देकर ठगी करने वाले गिरोह का किया खुलासा

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अपराध की रोकथाम एवं वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी मितौली के कुशल मार्गदर्शन एवं थानाध्यक्ष मितौली के नेतृत्व में आजथाना मितौली पुलिस टीम द्वारा महिला आरक्षी गायत्री वर्मा थाना मितौली को लखनऊ में प्लाट दिलाने का प्रलोभन देकर ठगी करने के मामले का खुलासा करते हुए मुखबिर की सूचना पर मुख्य अभियुक्त राजन वर्मा पुत्र वीरेन्द्रपाल वर्मा निवासी ग्राम गड़ी मिदनिया थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी एवं उसकी साथी अभियुक्ता व महिला आरक्षी शालिनी कटियार पुत्री छुन्नालाल निवासी साहबपुर थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात को कस्ता चौराहे के पास सीतापुर रोड से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से आर्थिक लाभ के लिए ठगी करने हेतु फर्जी दस्तावेज के रूप में पुलिस का फर्जी आई कार्ड एवं अभियुक्त राजन वर्मा उपरोक्त का वर्दी वाली फोटो एवं दोनों अभियुक्तों का एक संयुक्त फोटो बरामद हुआ है। जिसके संबंध में अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना मितौली पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा गया है।




मुख्य अभियुक्त एवं उसकी साथी महिला आरक्षी गिरफ्तार

## आबकारी महकमे ने नदी में जाकर डाली दबिश, भारी मात्रा में शराब व लहन बरामद

**लखीमपुरमोहम्मदी.खीरी।** आबकारी आयुक्त उप्र के आदेशए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एसपी संजीव सुमन के दिशा निर्देश एवं डीईओ कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में अवैध मदिरा के निर्माणए बिक्रीए अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के लिए प्रशासन पुलिस आबकारी विभाग की संयुक्त टीमो ने दैनिक प्रवर्तन अभियान चलाया।जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि सभी आबकारी निरीक्षक लगातार अपने.अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे हैँ जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाए। मंगलवार को जिले भर में दबिश के दौरान जनपद में कुल सात अभियोगो को पंजीकृत किया। 170 लीटर अवैध शराब और 1000 किग्रा लहन बरामद की।

मंगलवार को जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्र क्षेत्र 2 मोहम्मदी ने स्टाफ ग्राम नौगावाँ मियापुर मगरैना थाना मोहम्मदी में मुखबिर सूचना के आधार पर दबिश दी। दबिश नदी के किनारे भारी मात्रा में कच्ची शराब लहन और चड़ी भट्ठियों को बरामद किया मौके पर लहन भरे ड्रमों और चड़ी भट्ठियों को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक केपी सिंह क्षेत्र 4 पलिया ने मय स्टाफग्राम गजरौला जंगल थाना पलिया में दबिश दी। दबिश के दौरान जंगल में संदिग्ध स्थानों पर दबिश में कच्ची बरामद की आबकारी निरीक्षक अब्दुल अड़ीड़ क्षेत्र 7 धौरहरा ने मय स्टाफ फूलबेहड़ पुलिस थाना स्टाफके साथ संयुक्त टीम बनाकर ग्राम पसियनपुरवा थाना फूलबेहड़ में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों से कच्ची शराब बरामद की गई।



## बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड यूनिट गुलरिया में डीएम ने किया पेराई सत्र का शुभारंभ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**मंगलवार की** शाम वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड यूनिट गुलरिया के पेराई सत्र का डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपनी धर्मपत्नीए जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती अल्पना सिंह के संग फीता काटकर शुभारंभ किया। गन्ना आपूर्ति करने आए पहले किसान का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से उपजिलाधिकारी गोला अनुराग सिंहए सीओ राजेश यादवए यूनिट हेड योगेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

मंगलवार को आचार्य ऋषिराज तिवारी एवं अयोध्या से आए महंत संतोष ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमान यूनिट हेड योगेश कुमार सिंह ने पूजन.अर्चन किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने फीता काटने के बाद केन कैरियर में गन्ना डालकर नये पेराई सत्र का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर चीनी मिल के यूनिट हेड योगेश कुमार सिंह ने मिल गेट पर ग्राम रामनगर से बैलगाड़ी लेकर आए प्रथम कृषक रामासरे और ट्रॉली लेकर आए ग्राम गोंदिया के कृषक गुरबाज सिंह को तिलक लगाकर तथा वस्त्र व मिष्ठान देकर सम्मानित किया। मिल की तरफ से गन्ने की प्रजातियोंए सहफसली खेतीए बुवाई की नवीनतम विधियोंए बीज उपचार आदि पर जागरूकता के लिए प्रदर्शनी भी लगाई गई। महाप्रबन्धक गन्ना ने किसानों से चीनी मिल को साफ ताजा गन्ना निर्धारित समय के अन्दर चीनी मिल को आपूर्ति किए जाने का अनुरोध किया।समारोह में उप जिलाधिकारी गोला अनुराग सिंह ए पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला राजेश यादवए महाप्रबंधक गन्ना अनिल अहलावतए महाप्रबंधक कारखाना यांत्रिकी संजय सिंहए फैक्ट्री मैनेजर संतोष सिंहए उप प्रबंधक प्रशासन अन्नू मिश्राए सिक्योरिटी हेड निवास काफ्रीए उप महाप्रबंधक वाणिज्य तुषार अग्रवाल सहित चीनी मिल के विभिन्न विंगों इकाइयों के प्रभारी आदि मौजूद रहे।



### सड़क सुरक्षा गन्ना परिवहन के लिए रिट्रो रिफलेक्टर टेप लगाने के अभियान का हुआ शुभारम्भ

मंगलवार की शाम बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड इकाई. गुलरिया में सड़क सुरक्षा गन्ना परिवहन के लिए रिट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये जाने के अभियान का शुभारम्भ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपनी धर्मपत्नी जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अल्पना सिंह ने मिलकर किया। इस दौरान सड़क सुरक्षा के मद्देनजर डीएम की उपस्थिति में गन्ना परिवहन वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाया गया।

## चार दुकानों का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**बरेली ।** बीती रात चोरों ने थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित चार दुकानों का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी कर लिया ।मीरगंज थाना क्षेत्र में सिंधौली चौराहे के पास स्थित रजावीर मार्केट में बीती रात चोरों ने कपड़े की तीन और जूते की एक दुकान से 18 लाख रुपये कीमत का माल चोरी कर लिया।चारो दुकानें थाने से कुछ ही दूरी पर हैं और पुलिस का पहरा रहता है। दुकानदार रतनपुरी निवासी शुभम ने बताया कि उसकी प्रजापति नाम से रजावीर मार्केट मे कपड़े की दुकान है शटर के ताले तोड़कर करीब सात लाख की कीमत का कपड़ा व 23000 रुपए का नगद कैश और 16000 की कीमत का इनवर्टर बैटरी चुरा ले गए। वही मिक्की निवासी ग्राम लखीमपुर थाना मिलक ने बताया कि उसकी रजावीर मार्केट में ही एवन फैशन कलेक्शन के नाम से दुकान है अज्ञात चोरों ने शटर के ताले व शटर तोड़कर करीब दो लाख पिचर्त हजार की कीमत के कपड़े व 16000 की कीमत का इनवर्टर व 17800 का नगद कैश निकाल लिया। तीसरे दुकानदार आमिर निवासी ग्राम लमकन ने बताया कि शटर के ताले तोड़कर व शोरूम का शीशा भी तोड़ा गया है जिसमें तीन लाख पचास का कपड़ा 88500 नगद कैश और 16500 की कीमत का इनवर्टर बैटरी और करीब 45000 की कीमत का शोरूम का शीशा तोड़ दिया। इससे पहले उन्होंने उसी की दुकान में लगी लाइटें तोड़ दीचौथी दुकानदार शाजिम निवासी ग्राम गुलड़िया ने बताया कि उसकी फैशन फॉर यू फुटवियर के नाम से जूते की दुकान है जिसमें से करीब दो लाख रुपए के जूते ,16000 की कीमत का इनवर्टर बैटरी अज्ञात चोरों द्वारा शटर के ताले तोड़कर चोरी कर ले गए और करीब दो हजार का नगद कैश था। उसे ले गए ।इससे पहले भी इसी मार्केट मे कई बार चोरी हो गयी है। थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी के मामले में धारा 380 के तहत अज्ञात मे मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज ली जायेगी। और जांच पढ़ताल की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### इंडियन बैंक ने रैली निकालकर जनता को किया जागरूक

**सीतापुर।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जनता को वित्तीय रूप से स्वावलंबी एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से नवंबर माह में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में मंगलवार को इंडियन बैंक द्वारा रैली निकालकर जनता को जागरूक किया गया। रैली में 50 से अधिक बैंक कर्मी षामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बैंक के अंचल प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक विनीत बाजपेई ने कहा कि आगामी भविष्य को सुखमय बनाने हेतु नियोजन एवं निष्पादन का अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है। सफल नियोजन हम तभी कर सकते है जब हम उस क्षेत्र के बारे में पर्याप्त रूप में जागरूक रहे। मनीष गुरुंग सहायक महाप्रबंधक, एस0एच0 रिजवी मुख्य प्रबंधक,जिला अग्रणी प्रबंधक अनल कुमार, विष्णु प्रभाकर मुख्य, प्रबंधक अंजलि सोन आर0के0 दास, देवेन्द्र कुमार, दिलीप कुमार, ब्रजेश कुमार लेखराज सिंह मौजूद रहे।

### आईजी रेंज लखनऊ लक्ष्मी सिंह के औचक निरीक्षण से अधिकारियों में मचा हड़कम्प

**सीतापुर।** आई.जी.रेंज लखनऊ लक्ष्मी सिंह ने मंगलवार को शहर कोतवाली सीतापुर व् खैराबाद थाने का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण से अधिकारियों में हड़कंप मच गया। औचक निरीक्षण में आई.जी ने एफआईआर रजिस्टर व आगंतुक कक्ष का निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क पर उपलब्ध रजिस्टर की जानकारी ली। सीओ सिटी सुशील कुमार सिंह को रजिस्टर पर फीडबैक कॉलम बनाने के निर्देश दिए। सीतापुर कोतवाली में निस्तारित शिकायतों में से शिकायतकर्ता बलवीर सिंह से फोन पर बात कर फीडबैक लिया। बैठक में एसपी घुले सुशील चंद्रभान, एएसपी उत्तरी डॉ.राजीव दीक्षित, खैराबाद थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### युवक को सगे भाई ने किया घायल

**बरेली ।** कल शाम हुए मामूली विवाद के बाद आज सुबह एक युवक पर उसके सगे भाई ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया पुलिस ने हमलावर को हिरासत में ले लिया

बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला जगतपुर परवडिया निवासी वीरेंद्र पुत्र छोटेलाल को आज दोपहर घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां वीरेंद्र ने बताया कि वह घर के पास ही परचून की दुकान चलाता है और कल शाम को जुए के दौरान उसका अपने भाई अतुल गुप्ता से विवादों हो गया था जिसके चलते आज सुबह जब वह अपनी दुकान पर बैठा था तो अतुल गुप्ता उसके साथ गाली-गलौज करने लगा विरोध करने पर उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बचाया घटना की शिकायत पुलिस से की गई पुलिस ने हमलावर अतुल गुप्ता को हिरासत में ले लिया और घायल को जिला अस्पताल भेजा

### दबंगों की पिटाई से घायल महंत की मौत

**बरेली ।** दबंगों की पिटाई से घायल मंदिर के महंत की कई दिनों तक चले इलाज के बाद बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। क्योंलड़िया थाना क्षेत्र के गांव महेशपुर स्थित शिव मंदिर के 65 वर्षीय महंत शिशुपाल गिरी पुत्र माकन गिरी की बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद महंत के परिजनों ने बताया कि शिशुपाल गांव के मंदिर के पास बने कमरे में रहते थे और वहीं पर मंदिर की देखभाल करते थे कुछ दिन पहले शाम के समय गांव के कुछ दबंगों का महंत के साथ मामूली विवाद के बाद जमकर मारपीट की जिससे महंत गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के बाद पुलिस ने महंत को जिला अस्पताल भेजा और एक हमलावर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हालत नाजुक देखकर महंत को घरवाले एक निजी अस्पताल ले गए जहां बीती रात उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### सड़क दुर्घटना में साले की मौत, बहनोई घायल

**बरेली ।**मोटरसाइकिल सवार साले बहनोई को तेजी से आ रही कार टक्कर मारकर फरार हो गई जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए साले की मौके पर ही मौत हो गई और बहनोंई गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भुता थाने के गांव डभौरा निवासी 22 वर्षीय सुनील पुत्र जिलेदार कि बीती रात भमोरा के गांव डांडिया नवाजिश अली मे हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि उसका बहनोई वही कर रही है वाला अतुल गंभीर रूप से घायल हो गया पोस्ट मार्टम हाउस पर मौजूद सुनील के घर वालों ने बताया कि मृतक अपने बहनोई अतुल को बुलाने के लिए मोटरसाइकिल से उसके घर गया था जहां से दोनों वापस डभौरा गांव जा रहे थे लेकिन कुछ दूर चलने के बाद पीछे से आ रही कार उन्हें टक्कर मारकर फरार हो गई दुर्घटना में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची सुनील की मौत हो चुकी थी पुलिस ने गंभीर रूप से घायल अतुल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और सुनील के घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक सात भाई बहन थे उसकी मां का नाम रेखा रानी है

### 29 लाभार्थियों को मिली घर की चाबी

**बेहजम खीरी।** ब्लाक सभागार में मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 29 लाभार्थियों को गृह प्रवेश कार्यक्रम के रूप में ब्लाक प्रमुख बीना राज की अध्यक्षता में चाबी सौंप कर उन्हें मालिकाना हक प्रदान किया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी वीरेंद्र भट्ट ने किया जिसमें ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत बीसी सखियों को स्वीकृति पत्र के साथ साथ साड़ी भी वितरित की गई इस मौके पर जिला नोडल अधिकारी विपिन कुमार चौधरी व जिला पंचायत सदस्य रामशंकर राज रामू सहित कई ग्राम प्रधान और स्वयं सहायता समूहों की कार्यकर्ती व ब्लाक के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पोल से टकराई कार, एक की मौत, तीन घायल

**बरेली ।** चालक को झपकी आने के कारण अचानक बेकाबू हुई कार सड़क किनारे खड़े पोल से टकरा गई जिससे कार में सवार 3 लोग घायल हो गए और चालक की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया । नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव भोला लमखेड़ा निवासी 45 वर्षीय विजय गंगवार पुत्र नरेंद्र कुमार गंगवार कि बीती रात बहेडी थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि गांव का ही रहने वाला उनका साथी पवन शर्मा और अनुज शर्मा व शाही का रहने वाला रिश्तेदार विजय गंगवार गंभीर रूप से घायल हो गए पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि कुछ समय पहले विजय गंगवार के बेटे दिव्यांशु की नौकरी काशीपुर में लग गई थी और वह कल शाम को कार से अपने साथियों के साथ बेटे को काशीपुर छोड़ने के लिए गए थे जहां से रात में सभी लोग वापस घर लौट रहे थे।

## पेज एक का शेष

### पुलिस जोड़...

के दोस्त ने कहा कि यह सामान्य हत्याकांड नहीं है, यह बड़ी साजिश का हिस्सा है। उसने कहा कि श्रद्धा ने मौत से पहले मैसेज कर हत्या की आशंका जताई थी। श्रद्धा वालकर के एक दोस्त ने महाराष्ट्र के मानिकपुर पुलिस के समक्ष दावा किया कि जब श्रद्धा मुंबई के पास वसई शहर में रह रही थी, तब एक बार उसने मुझे मैसेज किया और मुझसे आ कर उसे ले जाने को कहा था। उसने कहा था कि अगर वह वहां रही तो उसे आफताब मार डालेगा। उसने कहा कि इसके बाद कुछ दोस्तों ने पूनावाला के पास जा कर उसे चेताया था। इस दोस्त ने कहा तब हम आफताब के खिलाफ पुलिस से संपर्क करने जा रहे थे, लेकिन श्रद्धा ने हमें उस वक्त रोक दिया। श्रद्धा के एक अन्य करीबी मित्र ने कहा कि पुलिस को पूनावाला और उसकी पृष्ठभूमि के बारे में पता लगाना चाहिए क्योंकि हो सकता है कि यह (हत्या) एक बड़ी साजिश हो। उसने कहा श्रद्धा मास मीडिया में स्नातक करने के बाद पत्रकार बनना चाहती थी, वह रंगमंच भी करती थी। वह बहुत सक्रिय थी और उसका आकर्षक व्यक्तित्व था।

### मोदी ने...

को बढ़ावा नहीं देना चाहिए और ऊर्जा बाजार में स्थिरता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस सत्र में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव सहित कई विश्व नेताओं ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के मद्देनजर रूसी तेल व गैस की खरीद के खिलाफ पश्चिमी देशों के आह्वान के बीच ऊर्जा आपूर्ति पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाने का आह्वान किया। भारत रियायती दरों पर रूसी कच्चा तेल खरीदता रहा है। मोदी ने कहा कि भारत स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण के लिए प्रतिबद्ध है। इंडोनेशिया के बाली में हो रहे शिखर सम्मेलन में उन्होंने कहा, 2023 तक हम अपनी जरूरत की आधी बिजली का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से करेंगे। समावेशी ऊर्जा परिवर्तन के लिए विकासशील देशों को समयबद्ध और किफायती वित्त व प्रौद्योगिकी की सतत आपूर्ति की जरूरत है। यूक्रेन संघर्ष पर उन्होंने बातचीत के माध्यम से संकट को हल करने का अपना आह्वान दोहराया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने बार-बार कहा है कि हमें यूक्रेन में युद्ध-विराम और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का तरीका तलाशना होगा। पिछली शताब्दी में द्वितीय विश्व युद्ध ने दुनिया पर कहर बरपाया था। उन्होंने कहा, उसके बाद उस दौर के नेताओं ने गंभीरता से शांति की राह पर चलने का प्रयास किया। अब हमारी बारी है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद एक नई विश्व व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी हमारे कंधों पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में शांति, सद्भाव और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस और सामूहिक संकल्प समय की मांग है। मोदी ने कहा कि भारत अपनी अध्यक्षता के दौरान सभी प्रमुख मुद्दों पर वैश्विक सहमति कायम करने के लिए काम करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनौतीपूर्ण वातावरण के बीच जी20 के नेतृत्व के लिए इंडोनेशिया की तारीफ भी की। मोदी ने कहा, जलवायु परिवर्तन, कोविड-19 वैश्विक महामारी तथा यूक्रेन संकट और उससे उत्पन्न वैश्विक चुनौतियां.. इन सभी ने मिलकर दुनिया में तबाही मचा रखी है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं चरमरा गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, पूरी दुनिया में आवश्यक सामान का संकट है। हर देश के गरीब नागरिकों के लिए चुनौतियां अधिक हैं। उनके लिए रोजमर्रा की जिंदगी पहले से ही एक संघर्ष थी। पीएम ने कहा कि गरीब दोहरी मार से निपटने के लिए आर्थिक रूप से असमर्थ हैं। उन्होंने कहा, दोहरी मार के कारण, उनके पास इसे संभालने के लिए वित्तीय क्षमताओं का अभाव है। इसलिए आज दुनिया को जी-20 से अधिक अपेक्षाएं हैं और समूह की प्रासंगिकता बढ़ गई हैं। प्रधानमंत्री ने वैश्विक महामारी के दौरान खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत के प्रयासों को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, वैश्विक महामारी के दौरान भारत ने अपने 1.3 अरब नागरिकों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। साथ ही कई जरूरतमंद देशों को अनाज भेजा गया। खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से उर्वरकों की मौजूदा कमी भी एक बहुत बड़ा संकट है।

### चीनी राष्ट्रपति...

नेताओं के बीच हुई बातचीत के बारे में पूछे जाने पर आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रात्रिभोज के समापन पर दोनों ने एक दूसरे का अभिवादन किया। गलवान घाटी में दोनों देशों के बीच जून 2020 में हुए संघर्ष में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। उसके बाद दोनों नेताओं की आमने-सामने की कोई बैठक नहीं हुई है। भारत लगातार कहता रहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी सितंबर में समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में आमने-सामने आए थे। समझा जाता है कि वहां उनकी कोई अलग बैठक नहीं हुई थी, हालांकि ऐसा माना जाता है कि उन्होंने एक दूसरे का अभिवादन किया होगा। बाली में, रात्रिभोज के अंत में दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया। वीडियो के अनुसार उन्होंने संक्षिप्त बातचीत भी की। इसके बाद कैमरे का रुख बदल गया और प्रसारण समाप्त हो गया। रात्रि भोज कुछ हद तक अनौपचारिक माहौल में गरुड़ विष्णु केंकाना सांस्कृतिक पार्क में आयोजित किया गया था। इस दौरान नृत्य प्रस्तुतियां भी की गईं। शी ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी। मोदी यहां इंडोनेशिया के राष्ट्रपति विडोडो के निमंत्रण पर जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए हैं।

### मोरबी हादसे...

बाद पुलिस ने 31 अक्टूबर को ओरेवा समूह से संबद्ध चार व्यक्तियों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया था। पुल के संचालन एवं रखरखाव का जिम्मा संभाल रहीं कंपनियों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। उच्च न्यायालय को बताया गया है कि राज्य मानवाधिकार आयोग ने इस हादसे की जांच के लिए कमेटी गठित की है। उन्न न्यायालय ने राज्य सरकार से वर्ष 2008 के एमओयू समेत विभिन्न मुद्दों के संबंध में जवाब तलब किया है और 24 नवंबर तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### मैनपुरी में...

गया है। वहीं रामपुर में भाजपा ने एक बार फिर आकाश सक्सेना को प्रत्याशी बनाया है। सपा के पूर्व विधायक आजम खां के खिलाफ आकाश सक्सेना ने ही संघर्ष किया है। आकाश की शिकायतों पर ही आजम के खिलाफ कई मामले दर्ज हुए है। पार्टी ने विधानसभा चुनाव में भी आकाश को प्रत्याशी बनाया था लेकिन वह चुनाव हार गए। इस बार संभवत: आजम के परिवार से कोई व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ा तो आकाश टक्कर दे सकते है। मुजफ्फरनगर दंगे के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट की ओर से भाजपा विधायक विक्रम सैनी को दो वर्ष की सजा सुनाए जाने के बाद रिक्त हुई खतौली सीट पर पार्टी ने उनकी पत्नी राजकुमारी को प्रत्याशी बनाया है। प्रत्याशियों की घोषणा के बाद पार्टी मुख्यालय में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव तथा रामपुर व खतौली विधानसभा उपचुनाव में घोषित भाजपा प्रत्याशियों को विजय की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की राज्य की भाजपा सरकार के कार्यों व गरीब कल्याण की नीतियों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से तीनों उपचुनाव बड़ें अन्तर से जीतेगी। चौधरी ने कहा कि सभी विपक्षी दलों के नेता व कार्यकर्ता चुनाव के समय जनता के बीच जाते हैं जबकि भाजपा के कार्यकर्ता कार्यक्रमों, अभियानों तथा सेवा कार्यों के माध्यम से सतत् जनता के बीच रहते है। भाजपा मोदी सरकार व योगी सरकार के काम-काज का लेखा-जोखा लेकर जनता के दरबार में विजय के आशीर्वाद के लिए जाएगी और समाजवादी पार्टी लगातार हार की अपनी परम्परा को इस उपचुनाव में भी बदस्तूर निभाएगी।

### धरती बनीं...


वृद्धि मानवता की उपलब्धियों का एक प्रमाण है, जिसमें गरीबी और लैंगिक असमानता में कमी, स्वास्थ्य देखभाल में प्रगति और शिक्षा तक पहुंच का विस्तार शामिल है। उसने कहा कि इनके परिणामस्वरूप अधिक महिलाएं प्रसव के बाद जीवित रहीं, अधिक बच्चे अपने प्रारंभिक वर्षों में जीवित रहे, और उनका जीवनकाल दशक दर दशक लंबा व स्वस्थ रहा। तुलनात्मक रूप से पिछली शताब्दी में दुनिया की आबादी में वृद्धि काफी तेज रही है और वृद्धि की क्रमिक रूप से धीमी होती गति के बावजूद, संयुक्त राष्ट्र के अनुमानों के मुताबिक, वैश्विक जनसंख्या 2037 के आसपास नौ अरब होने तथा 2058 के आसपास 10 अरब से अधिक होने का अनुमान है। इस साल जुलाई में जनसंख्या विभाग के आर्थिक और सामाजिक मामलों के संयुक्त राष्ट्र विभाग द्वारा जारी विश्व जनसंख्या संभावना 2022 में कहा गया कि वैश्विक जनसंख्या के 2080 के दौरान लगभग 10.4 अरब लोगों के साथ शिखर पर पहुंचेगी और इसके बाद वर्ष 2100 तक उस स्तर पर रहने का अनुमान है।

# भारत में रहने वाला हर व्यक्ति हिंदू , किसी को पूजा के तरीके को बदलने की जरूरत नहीं : भागवत

**भाषा।** अंबिकापुर

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि भारत में रहने वाला हर व्यक्ति हिंदू है और सभी भारतीयों का डीएनए एक है। उन्होंने कहा कि किसी को भी पूजा करने के तरीके को बदलने की जरूरत नहीं है, क्योंकि सब रास्ते एक ही जगह जाते हैं। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर में स्वयंसेवकों (संघ के स्वयंसेवकों) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विविधता में एकता भारत की सदियों पुरानी विशेषता है। एक मात्र हिंदुत्व नाम का विचार दुनिया में ऐसा है जो सभी को साथ लेने में विश्वास करता है।

आरएसएस के सरसंघचालक ने कहा, हम 1925 से कह रहे हैं कि भारत में रहने वाला हर व्यक्ति हिंदू है। जो भारत को अपनी माता मानता है, मातृभूमि मानता है, जो भारत में विविधता में एकता वाली संस्कृति को जीना चाहता है, उसके लिए प्रयास करता है, वह पूजा किसी भी तरह से करे, भाषा कोई भी बोले, खानपान, रीति-रिवाज कोई भी हो, वह हिंदू है। उन्होंने कहा कि एक मात्र हिंदुत्व नाम का विचार दुनिया में ऐसा है जो विविधताओं को एकजुट करने में विश्वास करता है। भागवत ने कहा कि हिंदुत्व ने सब विविधताओं को हजारों वर्षों से भारत की भूमि में एक साथ चलाया है, यह सत्य है और इस सत्य को बोलना है और डंके की चोट पर बोलना है। उन्होंने कहा कि संघ का काम हिंदुत्व के विचार के अनुसार व्यक्ति और राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करना और लोगों में एकता को



बढ़ावा देना है। भागवत ने सभी की आस्था का सम्मान करने पर जोर दिया और दोहराया कि सभी भारतीयों का डीएनए एक समान है और उनके पूर्वज एक ही थे। उन्होंने कहा, विविधता होने के बावजूद हम सभी एक जैसे हैं। हमारे पूर्वज एक ही थे। हर भारतीय जो 40 हजार साल पुराने अखंड भारत का हिस्सा हैं, सभी का डीएनए एक है। हमारे पूर्वजों ने यही सिखाया था कि हर किसी को अपनी आस्था और पूजा पद्धति पर कायम रहना चाहिए और दूसरों की आस्था और पूजा पद्धति को बदलने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। सब रास्ते एक जगह पर जाते हैं। भागवत ने कहा कि सभी के विश्वास और संस्कारों का सम्मान करें, सबको स्वीकार करें और अपने रास्ते पर चलें। अपनी इच्छा पूरी करे, लेकिन इतना स्वार्थी मत बनें कि दूसरों की भलाई का ध्यान न रहे।

सरसंघचालक ने कहा, हमारी संस्कृति हमें जोड़ती है। हम आपस में कितना भी लड़ लें, संकट के समय हम एक हो जाते हैं। जब देश पर किसी तरह की मुसीबत आती है तो हम साथ मिलकर लड़ते हैं। कोरोना महामारी के दौरान इससे निपटने के लिए पूरा देश एक होकर खड़ा हो गया। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य लोकप्रियता हासिल करना और अपना प्रभाव बनाना नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य सत्य के मार्ग पर चलते हुए लोगों को जोड़ना और समाज को प्रभावशाली बनाना है। भागवत ने कहा कि संघ जैसा आज कोई दूसरा नहीं है, संघ को जानना है तो किसी बात से तुलना करके नहीं जान सकते हैं।

मोहन भागवत ने कहा कि संघ का काम समझना है, तो तुलना करके इसे नहीं समझ सकते हैं, गलतफहमी होने की संभावना होती है। संघ के बारे में पढ़ लिखकर अनुमान भी नहीं लगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि संघ को समझना है तो संघ में आना चाहिए, इससे आप संघ को भीतर से देख सकते हैं, खुद के अनुभव से संघ समझ में आता है।



झारखंड के खुन्ती में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुण्डा के जन्मदिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में

# विश्व हिन्दू परिषद ने अवैध धर्मांतरण के खिलाफ केंद्रीय कानून लाने की मांग की

**भाषा।** नई दिल्ली

विश्व हिन्दू परिषद ने मांग की कि सरकार को अवैध धर्मांतरण के विरुद्ध जल्द से जल्द कानून बनाना चाहिए। विहिप ने यह मांग ऐसे समय में की है जब एक दिन पहले ही उच्चतम न्यायालय ने जबरन धर्मांतरण को बहुत गंभीर मुद्दा करार देते हुए केंद्र से इसे रोकने के लिए कदम उठाने और इस दिशा में गंभीर प्रयास करने को कहा था। विहिप के संयुक्त महामंत्री सुरेन्द्र जैन ने अपने बयान में कहा कि विभिन्न घटनाओं और इस विषय पर गठित आयोगों का यही निष्कर्ष है कि अवैध धर्मांतरण धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर इसे नहीं रोका गया तो देश के लिए खतरनाक स्थिति निर्माण हो जाएगी, ऐसे में केंद्र सरकार अवैध धर्मांतरण को रोकने के लिए शीघ्र ही केंद्रीय कानून बनाए। जैन ने कहा कि बार बार यह स्पष्ट हुआ है कि जबरन, धोखे से व लालच से किया गया धर्मांतरण अवैध है लेकिन स्पष्ट कानून के अभाव में षड्यंत्रकारियों को सजा नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा भी खतरे में पड़ती रही है, इसके बाबजूद वोट बैंक की राजनीति के चलते कुछ राजनीतिक दल इसका विरोध नहीं करते हैं जबकि पहले वही राजनीतिक दल अपने शासित राज्यों में यह कानून लेकर आए थे।

विहिप के संयुक्त महामंत्री ने कहा, आज के समय में अवैध धर्मांतरण की समस्या एक भीषण रूप धारण कर चुकी है। आज के समय की आवश्यकता है कि केंद्रीय कानून अविलंब लाना चाहिए जिससे भारत को अवैध धर्मांतरण की समस्या से मुक्ति दिलाई जा सके। सोमवार को न्यायमूर्ति एम.आर. शाह और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि सरकार प्रलोभन के जरिए धर्मांतरण पर अंकुश लगाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में बताए।

## अमेजन पूर्वोत्तर में धार्मिक धर्मांतरण का वित्त पोषण करता है : आर्गेनाइजर

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध साप्ताहिक पत्रिका आर्गेनाइजर ने अमेरिकी ई-कामर्स कंपनी अमेजन पर भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में ईसाई धर्मांतरण तंत्र का वित्त पोषण करने और संदिग्ध धन शोधन में शामिल होने का आरोप लगाया है। आर्गेनाइजर के ताजा अंक के मुख्य आलेख में कहा गया है कि, ई कामर्स कंपनी अमेजन अमेरिकी बैपटिस्ट चर्च (एबीएम) संचालित ईसाई धर्मांतरण तंत्र का वित्त पोषण कर रहा है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों और एबीएम द्वारा भारत में मिशनरी धर्मांतरण मिशन के वित्त पोषण के लिए धन शोधन गिरोह चलाने की भी संभावना है। अमेजिंग क्रास कनेक्शन शीर्षक से आलेख में कहा गया है कि अरुणाचल के सामाजिक न्याय मंच ने आरोप लगाया है कि अमेजन द्वारा अपने फाउंडेशन आमेजन स्माइल के माध्यम से एबीएम के शीर्ष संगठन आल इंडिया मिशन (एआईएम) का लगातार वित्त पोषण किया जा रहा है।

# अमित शाह की दृढ़ता ने महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन में मदद की: फडणवीस

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ता ने इस साल की शुरुआत में राज्य में सत्ता के सुचारु तौर पर परिवर्तन में मदद की क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने शिवसेना द्वारा विश्वासघात का सामना किया। फडणवीस यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह के विचारों से प्रेरित एक पुस्तिका के विमोचन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस साल जून में, शिवसेना विधायक एकनाथ शिंदे ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया जिसके परिणामस्वरूप उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार गिर गई। शिंदे बाद में प्रदेश के मुख्यमंत्री बने जबकि भाजपा नेता फडणवीस ने उप मुख्यमंत्री का पद संभाला। मंगलवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में फडणवीस ने कहा, महाराष्ट्र जब सत्ता के संक्रमण के दौर से गुजर रहा था तब अमित शाह ने हमें अपना पुरजोर समर्थन दिया। जब भाजपा शिवसेना के विश्वासघात का सामना कर रही थी तो उनकी दृढ़ता ने सत्ता के सुचारु परिवर्तन में मदद की। मूल शिवसेना (मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व वाली बालासाहेबंची शिवसेना का जिक्र करते हुए) और भाजपा एक साथ आकर महाराष्ट्र में सरकार बना सके। फडणवीस ने कहा, शाह में न केवल नेतृत्व के गुण हैं बल्कि वे सही तरीके से निर्णय लेने की क्षमता रखते हैं। एक बार जब वह किसी चीज के बारे में फैसला कर लेते हैं, तो वह उसे पूरा करते हैं। महाराष्ट्र में 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद, ठाकरे की पार्टी ने मुख्यमंत्री पद साझा करने के मुद्दे पर लंबे समय से सहयोगी रही भाजपा के साथ संबंध तोड़ लिए थे। ठाकरे ने तब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनाई थी।

# गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्यपाल को सरकारों के विरुद्ध खड़ा किया जा रहा है: एचुरी

**तिरुवनंतपुरम।** माकपा के महासचिव सीताराम एचुरी ने मंगलवार को कहा कि शिक्षा एवं युवाओं की चेतना पर नियंत्रण कायम कर भारत को फासीवादी हिंदुत्व राष्ट्र के रूप में तब्दील करने के भाजपा-आरएसएस के एजेंडे को लागू करने के लिए विश्वविद्यालयों से जुड़े मामलों में गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्यपाल को सरकारों के विरूद्ध खड़ा किया जा रहा है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के हाल के कदमों के विरूद्ध यहां राजभवन के बाहर प्रदर्शन के दौरान अपने संबोधन में एचुरी ने कहा कि राज्यपाल पद को महज केंद्र सरकार और सत्तारूढ़ भाजपा के राजनीतिक मकसदों को आगे बढ़ाने का अंग बना दिया गया है।

उन्होंने कहा, यह भारतीय लोकतंत्र के लिए विचित्र एवं बहुत स्वस्थ्य स्थिति नहीं है। इस प्रदर्शन में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे लेकिन मुख्यमंत्री पिनराई विजयन एवं उनके मंत्रिमंडल के सदस्य नहीं थे। राज्यपाल फिलहाल दिल्ली में हैं। माकपा महासचिव ने कहा कि इस प्रकार की स्थिति केवल केरल में ही नहीं है बल्कि अन्य गैर भाजपा शासित राज्यों में भी है। शहर के विभिन्न हिस्सों से सुबह मार्च निकालते हुए वाम समर्थक राजभवन पहुंचे और वहां फिर एचुरी ने प्रदर्शन की शुरुआत की। एक ऐसी स्थिति बन गई है जहां राज्यपाल को राज्य सरकारों, राज्य के विश्वविद्यालयों के संदर्भ में राज्य सरकार के कदमों तथा विधानसभा से पारित कानून के अनुसार नियुक्त किए गए कुलपतियों के विरूद्ध खड़ा कर दिया जाता है।

शिक्षा को नियंत्रित करने का यह मामला इस धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक भारत को अपनी पसंद के फासीवादी हिंदुत्व राष्ट्र में तब्दील करने के भाजपा-आरएसएस के राजनीतिक डिजायन का अहम पहलु है और उसके लिए उसे शिक्षा तथा हमारे युवाओं की चेतना पर नियंत्रण करने की जरूरत है।

भाजपा और आरएसएस मस्तिष्क नियंत्रण चाहते हैं। उन्होंने कहा, वे रचनात्मकता नहीं चाहते। वे चाहते हैं कि लोग दकियानूसी ढंग से सोचें, अंधविश्वास एवं अंधभक्ति का शिकार बनें , ताकि फासीवादी हिंदुत्व राष्ट्र की उनकी परियोजना साकार हो। केरल की उच्च शिक्षा उसकी राह में बाधा है , यही वजह है कि वे उसपर प्रहार कर रहे हैं। एचुरी ने कहा, संवैधानिक प्रमुख के नाते राज्यपाल की भूमिका अब एक ऐसे कार्यालय के रूप में घटाई जा रही है जो केंद्र सरकार और सत्तारूढ़ भाजपा के राजनीतिक उद्देश्य को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल और केंद्र दलील दे रहे हैं , और दुर्भाग्य से एक या दो न्यायिक घोषणाएं भी उसका समर्थन करती हैं कि राज्य के कानून यूजीसी के दिशानिर्देशों के अनुरूप ही होने चाहिए।




बोकारो में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुण्डा के जन्मदिवस के अवसर पर मिट्टी की कलाकृति बनाते हुए कलाकार अजय शंकर महतो।

# ईडी पेशी का दिन बदलने के हेमंत सोरेन के अनुरोध पर नहीं हुआ राजी

**भाषा।** रांची

**प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)** झारखंड में कथित अवैध खनन से जुड़े एक धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए 17 नवंबर को पेश होने से संबंधित समन में बदलाव करने के मुख्यमंत्री हेमंत सोरने के अनुरोध पर राजी नहीं हुआ है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता सोरेन ने ईडी से पेशी की तारीख 17 से घटाकर 16 करने का आग्रह किया था जिसपर जांच एजेंसी सहमत नहीं हुई है। शुरू में सोरेन (47) को ईडी ने तीन नवंबर को पेश होने का समन दिया था लेकिन वह सरकारी कार्यक्रमों में व्यस्तता का हवाला देते हुए पेश नहीं हुए थे। उन्होंने तब समन को तीन सप्ताह के लिए टालने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत पूछताछ तथा अपना बयान दर्ज कराने के लिए झारखंड की राजधानी रांची में ईडी कार्यालय में पेश होने को कहा गया है।

ईडी ने सोरेन के राजनीतिक सहायक पंकज मिश्रा तथा दो अन्य -स्थानीय बाहुबलियों--बच्चू यादव एवं प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने कहा है कि उसने अवैध खनन से की गई 100 करोड़ रूपए की कमाई की अबतक पहचान की है। पहला समन जारी होने के बाद सोरेन ने ईडी को उन्हें गिरफ्तार करने की चुनौती दी थी। सोरेन ने कहा था, ईडी ने एक साजिश के तहत मुझे समन जारी किया है। यदि मैंने अपराध किया है तो पूछताछ के वास्ते समन भेजने के बजाय आओ और मुझे गिरफ्तार करो। उन्होंने कहा था, मैं न डरा हुआ हूं और न हीं चिंतिंत। बल्कि मैं मजबूत बनकर उभर रहा हूं। यदि झारखंड के लोग चाह लें तो विरोधियों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी। ईडी ने अवैध खनन एवं जबरन वसूली की कथित घटनाओं से जुड़े मामले में साहिबगंज, बरहैत, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में आठ जुलाई को मिश्रा एवं उसके कथित सहयोगियों के 19 स्थानों पर छापा मारा था जिसके बाद उसकी जांच शुरू हुई थी। ईडी ने आरोप लगाया था, पीएमएलए जांच में खुलासा हुआ था कि मुख्यमंत्री का प्रतिनिधि होने के नाते झारखंड के साहिबगंज के बरहैत के विधायक मिश्रा का अवैध खनन धंधे तथा साहिबगंज एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में अंतर्देशीय नौका सेवा पर अपने साथियों की मदद से पूरा नियंत्रण था।

## नेहरू पर कपटपूर्ण लेखों के बजाय विधि प्रणाली को दुरुस्त करने पर ध्यान दें रीजीजूः रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के संदर्भ में केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू के हालिया दावों को लेकर मंगलवार को उन पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें नेहरू पर कपटपूर्ण लेख लिखने में समय बर्बाद करने की बजाय देश की विधि प्रणाली को दुरुस्त करने पर ध्यान देना चाहिए। जयराम रमेश ने ट्वीट किया, मो-डिस्टॉर्टर (मौजूदा सरकार में तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने वाले) को खुश करने के लिए नेहरू पर कपटपूर्ण लेख लिखने में समय बर्बाद करने की बजाय कानून मंत्री किरेन रीजीजू को उस विधि प्रणाली को दुरुस्त करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो हत्या एवं सामूहिक बलात्कार के दोषियों को रिहा करती है। रीजीजू को नेहरू को बदनाम करने की बजाय विधि व्यवस्था की इस स्थिति से ज्यादा व्यथित होना चाहिए। कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने कश्मीर मुद्दे को लेकर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू पर ताजा हमला बोलते हुए सोमवार को दावा किया था कि पाकिस्तानी हमले के बाद वह मामले को गलत अनुच्छेद के तहत संयुक्त राष्ट्र ले गए जिसने पड़ोसी देश को आक्रांता की जगह एक पक्षकार बना दिया। रीजीजू ने एक लेख में यह भी कहा था कि नेहरू ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा जनमत संग्रह के मिथक को कायम रहने दिया और संविधान में विभाजनकारी अनुच्छेद 370 को शामिल किया।

# वोट के लिए सांसदों, विधायकों के रिश्वत लेने के मामले में न्यायमित्र नियुक्त

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने संसद या विधानसभाओं में भाषण या वोट देने के वास्ते रिश्वत लेने पर आपराधिक अभियोजन से सांसदों या विधायकों के छूट होने के दावे की पड़ताल में सहायता के लिए मंगलवार को वरिष्ठ अधिवक्ता पी एस पटवालिया को न्यायमित्र नियुक्त किया। न्यायमूर्ति एस ए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अधिवक्ता गौरव अग्रवाल को विषय में पटवालिया की सहायता करने को भी कहा।

पीठ में न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना, न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यन और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना शामिल हैं। पीठ छह दिसंबर 2022 को इस विषय पर सुनवाई करेगी। उल्लेखनीय है कि 2019 में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह विषय पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को भेज दिया था। साथ ही, यह जिक्र किया था कि इसके व्यापक निहितार्थ हैं और यह अत्यधिक लोक महत्व का विषय है।

उस समय तीन न्यायाधीशों की पीठ ने कहा था कि वह झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में 24 साल पुराने फैसले पर पुनर्विचार करेगा। न्यायालय ने झारखंड से झामुमो विधायक सीता सोरेन द्वारा दायर अपील पर यह टिप्पणी की थी। उस पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति अब्दुल नजीर और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भी शामिल थे।

शीर्ष न्यायालय ने 1998 में पांच न्यायाधीशों की अपनी संविधान पीठ के जरिए पीवी नरसिम्ह राव बनाम सीबीआई मामले में फैसला सुनाया था। न्यायालय ने कहा था कि सांसदों को संसद के अंदर किसी भाषण या मतदान के लिए आपराधिक अभियोजन से संविधान के तहत छूट प्राप्त है।

झामुमो विधायक ने झारखंड उच्च न्यायालय के 17 फरवरी 2014 के आदेश के खिलाफ अपील की थी, जिसने 2012 में राज्यसभा चुनावों में एक खास उम्मीदवार को वोट देने के लिए कथित तौर पर रिश्वत लेने को लेकर उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला रद्द करने से इनकार कर दिया था। सीबीआई के अनुसार, उन्होंने कथित तौर पर एक उम्मीदवार से रिश्वत ली और दूसरे को वोट दिया। सीता सोरेन, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की पुत्रवधू हैं। शिबू सोरेन झामुमो रिश्वत मामले में एक मुख्य आरोपी हैं।

# धनशोधन मामले में अभिनेत्री जैक्लीन फर्नांडीज को जमानत

**भाषा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** की एक अदालत ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के धनशोधन मामले में मंगलवार को जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को यह राहत 50,000 रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की एक जमानत पर दी। न्यायाधीश ने 31 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर एक पूरक आरोपपत्र का संज्ञान लिया था और फर्नांडीज को अदालत में पेश होने के लिए कहा था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जांच के सिलसिले में फर्नांडीज को कई बार समन जारी किया। फर्नांडीज को पहली बार पूरक आरोप पत्र में एक आरोपी के तौर पर नामजद किया गया था।

ईडी के पहले आरोपपत्र और एक पूरक आरोप पत्र में फर्नांडीज का आरोपी के तौर पर उल्लेख नहीं किया गया था। हालांकि, दस्तावेजों में फर्नांडीज और साथी अभिनेत्री नोरा फतेही द्वारा दर्ज कराए गए बयानों के विवरण का उल्लेख किया गया था।

## उत्तराखंड : जूनियर छात्रा की रैगिंग करने वाले एमबीबीएस के सात छात्र निलंबित

**देहरादून।** पौड़ी जिले के श्रीनगर में स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज के सात वरिष्ठ छात्रों को प्रथम वर्ष के छात्रों की रैगिंग करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के पोर्टल पर एक पीड़ित छात्र द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि 11 नवंबर की रात सीनियर छात्रों ने उसे अपशब्द कहे और छात्रावास की छत पर उसे निर्वस्त्र (कपड़े उतारने) होने को मजबूर किया गया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर चंद्रमोहन सिंह रावत ने बताया कि अगले दिन पोर्टल से मामले की जानकारी मिलने के बाद संस्थान ने एक जांच समिति गठित की थी। जांच में मामला सही पाए जाने पर 2019 बैच के पांच और 2020 बैच के दो छात्रों सहित कुल सात छात्रों को तीन माह के लिए शैक्षणिक गतिविधियों से निलंबित कर दिया गया है। आरोपी छात्रों को कॉलेज के छात्रावास से स्थाई रूप से निष्कासित कर दिया गया है।

# मध्य प्रदेश की मंत्री ने कहा बलात्कारियों को सरेआम फांसी दी जानी चाहिए

**महू।** मध्य प्रदेश की संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर ने बलात्कारियों को सार्वजनिक रूप से फांसी दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि लोगों को ऐसे अपराध करने से रोकने के लिए बलात्कारियों के अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। ठाकुर ने सोमवार रात इंदौर जिले की महू तहसील के कोदरिया गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। सोशल मीडिया पर महू से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक ठाकुर की इस टिप्पणी का एक वीडियो सामने आया है।

वीडियो में ठाकुर यह कहती नजर आ रही हैं, मैं चाहती हूं कि बेटियों के बलात्कार करने वालों को सार्वजनिक रूप से फांसी दी जानी चाहिए और ऐसे लोगों के अंतिम संस्कार की भी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। ठाकुर आगे कह रही हैं, ऐसे व्यक्ति के शरीर को चील और कौवों को कुतरने दें। जब सब यह दृश्य देखेंगे तो फिर कोई बेटियों को छूने की हिम्मत नहीं करेगा।

जब ठाकुर की टिप्पणी को लेकर उनसे संपर्क किया तो उन्होंने कहा, ऐसी बातें अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचनी चाहिए। ए बातें समाज की भलाई के लिए हैं। मंत्री ने कहा कि बलात्कारी सार्वजनिक रूप से अपराध करते हैं, लेकिन उन्हें जेल में सजा दी जाती है, जिससे उनमें कोई डर नहीं है। उन्होंने लोगों से बलात्कारियों के लिए मौत की सजा की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाने की अपील की। ठाकुर ने कहा कि हर परिवार की महिलाओं को इस अभियान में शामिल होना चाहिए।

# व्हाइट हाउस के लिए फिर अभियान शुरू करेंगे ट्रंप

भाषा। पाम बीच (अमेरिका)



**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार को व्हाइट हाउस के लिए अपना तीसरा अभियान शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं, जो निराशाजनक मध्यावधि हार से आगे बढ़ने और इतिहास को खारिज करने की कोशिश कहा जा सकता है। ट्रम्प ने पिछले सप्ताह के चुनावों से उम्मीद लगाई थी कि वह इसके नतीजों का इस्तेमाल अपनी पार्टी के नामांकन के लिए एक स्प्रिंगबोर्ड के रूप में कर सकते हैं। इसके बजाय, अब उन पर आरोप लग रहा है कि उनके समर्थन करने के कारण कई रिपब्लिकन उम्मीदवार चुनाव हार गए। ट्रंप ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया नेटवर्क पर लिखा, उम्मीद है, कल का दिन हमारे देश के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक होगा। पाम बीच में उनके क्लब से मंगलवार रात 9 बजे एक घोषणा किए जाने की उम्मीद है। एक और अभियान किसी भी पूर्व राष्ट्रपति के लिए एक उल्लेखनीय मोड़ है और वह भी ऐसे व्यक्ति के लिए जिसके खिलाफ बतौर राष्ट्रपति दो बार महाभियोग चल चुका हो और जिसका कार्यकाल उसके समर्थकों के जनवरी में सत्ता के शांतिपूर्ण परिवर्तन को रोकने के लिए घातक हमले को लेकर कुख्यात रहा हो। अमेरिकी इतिहास में सिर्फ एक राष्ट्रपति ग्रोवर क्लीवलैंड के नाम यह रिकॉर्ड दर्ज है कि वह पद से हटने के बाद दुबारा राष्ट्रपति चुने गए। उन्हें 1884 और 1892 में इस पद के लिए चुना गया था।

## ट्रंप के स्वामित्व वाले होटल में ठहरने के दौरान छह विदेशी सरकारों के भारी खर्च करने का दावा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के साथ संबंधों के अहम दौर में छह विदेशी सरकारों द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वाशिंगटन स्थित होटल में 7,50,000 डॉलर से अधिक की राशि खर्च किए जाने का खुलासा हुआ है और इस दौरान होटल के एक कमरे के लिए प्रति रात्रि 10,000 डॉलर तक भुगतान किया गया। संसद की एक समिति द्वारा सोमवार को जारी ट्रंप परिवार की कंपनी के पूर्व लेखाकारों के दस्तावेज में यह खुलासा हुआ है। इसके मुताबिक, ट्रंप इंटरनेशनल होटल को सितंबर 2017 में मलेशियाई प्रधानमंत्री नजीब रजाक और अन्य अधिकारियों की यात्रा के लिए कम से कम 2,59,724 का भुगतान किया गया, जबकि अमेरिकी न्याय विभाग धनशोधन घोटाले में रजाक की भूमिका की जांच कर रहा था। अमेरिकी संसद(कांग्रेस) के निचले सदन की हाउस ओवरसाइट कमेटी ने दस्तावेज के हवाले से कहा कि सऊदी अरब ने वर्ष 2017 और 2018 में ट्रंप के होटल में ठहरने के लिए कम से कम 1,64,929 डॉलर खर्च किए और यह ऐसे समय में किया गया, जब सऊदी अरब कतर के खिलाफ समर्थन हासिल करने की कोशिश में था। इसी तरह, इस दौरान कतर ने इस होटल में ठहरने के लिए 3,00,000 डॉलर खर्च किए। समिति ने पाया कि मार्च 2018 में सऊदी अरब के नेताओं के होटल में ठहरने के दो दिन बाद ही तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 1.3 अरब डॉलर के हथियार सौदे को मंजूरी दी थी। डेमोक्रेट सांसद एवं समिति की अध्यक्ष कैरोलिन मैलोनी ने एक बयान में कहा, ए दस्तावेज इस बात पर तीखे सवाल खड़े करते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पद पर रहते हुए अमेरिकी लोगों के सर्वोत्तम हितों के बजाय अपने व्यक्तिगत वित्तीय हितों को तरजीह दी।



बाली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत वंशियों से मुलकात करते हुए

# इस्तांबुल विस्फोटः कई और संदिग्ध हिरासत में लिए गए

भाषा। इस्तांबुल

**तुर्किए** की पुलिस ने इस्तांबुल में हुए विस्फोट के सिलसिले में और संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अब तक 50 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। इस विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य जख्मी हो गए थे। शहर के इस्तिकलाल एवेन्यू में रविवार को विस्फोट किया गया था। यह इलाका दुकानों और रेस्तरां के लिए मशहूर है। तुर्किए के अधिकारियों ने हमले के लिए गैरकानूनी कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के साथ-साथ उससे जुड़े सीरियाई कुर्दिश समूह को जिम्मेदार बताया है। कुर्दिश उग्रवादी समूहों ने हमले में संलिप्तता से इनकार किया है। पुलिस ने विस्फोट के बाद इस्तांबुल में कई घंटे तक छापेमारी की और 47 लोगों को हिरासत में लिया जिसमें सीरिया की एक महिला भी शामिल है। शक है कि उसने ही टीएनटी से भरे बम को इस्तिकलाल में रखा था। पुलिस ने कहा कि महिला की पहचान अहलाम अल बशीर के तौर पर हुई है जो सीरिया से अवैध तरीके से तुर्किए में आई है और उसने हमला अंजाम देने का जुर्म कबूल किया है। न्याय मंत्री बेकीर बोज़दाग ने मंगलवार को बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या बढ़कर 50 हो गई है। हालांकि उन्होंने इससे ज्यादा जानकारी मुहैया नहीं कराई। स्वतंत्र समाचार वेबसाइट टी24 की खबर के मुताबिक, मंत्री ने कहा, तुर्किए ने आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता के साथ अपनी लड़ाई जारी रखी हुई है। कोई भी आतंकवादी संगठन तुर्किए के खिलाफ किसी भी तरह की साजिश में कामयाब नहीं होगा। अधिकारियों ने बताया कि हमले के बाद करीब 80 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिनमें से कम से कम 57 को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उनके मुताबिक, छह घायल गहन देखभाल ईकाई में हैं और उनमें से दो की हालत नाजुक है। छह लोगों की मौत हुई है जिनमेंसे तीन एक ही परिवार के सदस्य हैं। उनमें नौ और 15 साल की दो लड़कियां शामिल हैं।

# वेस्ट बैंक में फलस्तीनी ने इज़राइल के दो नागरिकों की हत्या की, चार को जख्मी किया

भाषा। यरुशलम

**इज़राइल के** कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फलस्तीनी व्यक्ति ने मंगलवार को इज़राइल के दो लोगों की चाकू घोंपकर हत्या कर दी और चार अन्य को जख्मी कर दिया। बाद में इज़राइल के सुरक्षा बलों ने उसे गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। इज़राइल के पैरामेडिक सेवा मैगन डेविड एडोम ने एरियल बस्ती में दो लोगों की मौत की पुष्टि की है। चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इज़राइल की सेना ने कहा है कि फलस्तीनी हमलावर ने बस्ती के औद्योगिक क्षेत्र के प्रवेश पर इज़राइलियों पर हमला किया और फिर पास के गैस स्टेशन पहुंचा जहां उसने और लोगों को चाकू मारे। इज़राइल के मीडिया संस्थानों ने शुरुआती खबर में बताया है कि हमलावर ने मौके से भागने की कोशिश की और एक कार में बैठकर पास के एक राजमार्ग पर पहुंचा और वहां उसकी कार से अन्य गाड़ियों की टक्कर हो गई। इज़राइली टेलीविज़न पर प्रसारित वीडियो में दिख रहा है कि संदिग्ध हमलावर एक राजमार्ग पर भाग रहा है और गोली मारे जाने पर ज़मीन पर गिर जाता है। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बाद में पुष्टि की कि फलस्तीनी शख्स की मौत हो गई है। फिलहाल हमले को लेकर उसके इरादे के बारे में पता नहीं चल सका है और किसी भी उग्रवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इज़राइल के प्रधानमंत्री यैर लापिद ने हमले में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इज़राइल बिना रुके और पूरी ताकत से आतंकवाद से लड़ रहा है। हमारे सुरक्षा बल इज़राइली नागरिकों की सुरक्षा करने और आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए हर वक्त काम कर रहे हैं। यह वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में इज़राइल-फलस्तीन के बीच हिंसा का नया मामला है। हिंसा में इस साल 130 से ज्यादा फलस्तीनियों और 23 इज़राइलियों की मौत हो चुकी है। इज़राइल ने 1967 में मध्य पूर्व जंग के दौरान पूर्वी यरुशलम और गाज़ा पट्टी के साथ ही वेस्ट बैंक पर भी कब्जा कर लिया था।

## इजराइल ने अल जजीरा की पत्रकार की मौत की जांच के अमेरिकी कदम को बड़ी गलती बताया

**यरुशलम।** इजराइल ने सोमवार को पुष्टि की कि अमेरिका के न्याय विभाग ने अल जजीरा की पत्रकार शिरीन अबु अक्लेह की मौत मामले की जांच शुरू कर दी है। अक्लेह एक जानी-मानी अमेरिकी-फिलस्तीनी पत्रकार थी। वह इस साल मई में वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) की छापेमारी के दौरान मारी गई थी। इजराइल ने अक्लेह की मौत की जांच करने के अमेरिकी फैसले को बड़ी गलती करार दिया। उसने कहा कि वह जांच में सहयोग नही करेगा। इजराइल के रक्षा मंत्री बेनी गैंत्ज ने कहा, शिरीन अबू अक्लेह की दुखद मौत की जांच करने का अमेरिकी न्याय विभाग का फैसला एक बड़ी गलती है। आईडीएफ ने एक पेशेवर, स्वतंत्र जांच की है, जिसकी जानकारी अमेरिकी अधिकारियो के साथ साझा की गई थी। उन्होंने कहा, मैंने अमेरिकी प्रतिनिधियो को संदेश भेजा है कि हम आईडीएफ के सैनिकों के साथ खड़े है। हम किसी भी बाहरी जांच मे सहयोग नही करेंगे।

## मोदी ने इंडोनेशिया में भारतीय समुदाय से मुलाकात के दौरान ड्रम बजाया

**बाली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को इंडोनेशिया में जी20 शिखर सम्मेलन से इतर भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की और इस दौरान ड्रम बजाया। भारतीय समुदाय के साथ संवाद के लिए आयोजित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का भारतीय पोशाक और पगड़ी पहने लोगों की भीड़ ने हाथ जोड़कर अभिवादन किया और भारत माता की जय के नारे लगाए। मोदी के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद ड्रम की धुन के साथ उनका स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी भी खुद को रोक नहीं सके और उन्होंने भी ड्रम बजाया। यह देख कर ड्रमवादकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। प्रधानमंत्री मोदी बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। भारत एक दिसंबर 2022 से एक साल के लिए जी-20 की अध्यक्षता करेगा।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **I, Vipul Chandra Sharma S/o Late Sh. Girish Chandra Sharma R/o 5/601,Vikas Nagar, Lucknow Allottee Of DDA LIG Flat No. 1, Ground Floor, Sector-23B,Pocket-8, Block-D9,Situated At Dwarka, New Delhi,** has applied Conveyance Deed of aforesaid flat in DDA. The original documents i.e.Allotment-cum-demand Letter of the above flat have been lost. An FIR to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch in vide S.O. No. 430/2014 LR No. 983137/2022, dated 15/11/2022. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write /contact with above named person at above address/phone No.9415513519 within 15 days from the date of publication of this notice.The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to **Dy. Director (LAB) H or Director (H)-1,D Block,3rd Floor,Vikas Sadan INA,New Delhi.**

**LOST & FOUND**

I, SANDEEP AGGARWAL S/o SHRI RAJ KUMAR AGGARWAL R/o HOUSE No.742, SECTOR-11-B, CHANDIGARH-160011, inform that I have lost my original documents; (i) Transfer of membership letter issued by office of the Registrar of the co-operative society, dated: 25.09.1996 and (ii) Mutation letter issued by DDA, vide letter No. F5(1015) 99/GH/DDA/2582, dated: 20.03.2007 and N.C.R, dated:13.11.2022, Related to my FLAT BEARING No.A-73, ON SEVENTH FLOOR, RETREAT CO-OPERATIVE GROUP HOUSING SOCIETY LTD., BUILT ON PLOT No.20, KNOWN AS RETREAT APARTMENTS, I.P. EXTENSION, PATPARGANJ, DELHI-110092,

SANDEEP AGGARWAL

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, **Smt. Priyanka Agrawal W/o Shri Gagan Agrawal R/o Flat No.501, Sadhbhawana Apartment GH 18,Sector-46, Faridabad , Haryana-121005 Allottee/Purchaser/ Owner of DDA LIG Flat No 25, First Floor, Pocket-8,Block-D9,Sector-23B, Dwarka, New Delhi Vide File No L/312 (2257)2015/DDA14/DW.** have applied for conversion of the aforesaid flat in DDA.The original documents i.e. Possession Letter, Noc For Water And Electric Connection, of the above said flat has been lost. An F.I.R. / NCR/LR NO.836369/2022 dated 27/09/2022 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch,Delhi. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.8080430686 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right,interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to **Deputy Director (Housing)-LIG or Director (H)-LIG, D Block, Vikas Sadan, New Delhi**

**सिंघल अस्पताल**
**सार्वजनिक सूचना**

सिंघल अस्पताल, सी-40, स्ट्रीट नंबर 9, साध नगर,पालम कालोनी,नई दिल्ली-110045, 1 जनवरी 2006 से 31 दिसंबर 2015 तक के आई०पी०डी० रिकार्ड, एमएलसी, डेथ, नियोनेटल और पीडियाट्रिक मामलों को छोडकर अन्य रिकार्ड को नष्ट करने जा रहे हैं। जो रोगी या उनके रिश्तेदार अपना रिकार्ड प्राप्त करने के इच्छुक हैं, कृप्या एक महीने के भीतर स्वागत कक्ष से संपर्क कर सकते हैं। 15.12.2022 के बाद अस्पताल उक्त अवधि के लिए किसी भी प्रकार की जानकारी देने हेतु जिम्मेदार नहीं हैं।

संपर्क नंबर 7834979993

प्रबंधन के आदेश से

# मूडीज ने भारत समेत 13 देशों की साख को नकारात्मक परिदृश्य की श्रेणी में रखा

भाषा। नई दिल्ली

**साख** निर्धारित करने वाली रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मंगलवार को 2023 के लिए वैश्विक स्तर पर देशों को साख को लेकर नकारात्मक परिदृश्य दिया। उसने कहा कि खाद्य पदार्थों और ऊर्जा के दाम बढ़ने से आर्थिक वृद्धि प्रभावित होगी और सामाजिक तनाव बढ़ेगा। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, वित्तीय स्थिति तंग होने और आर्थिक झटकों से हुए नुकसान से कुछ कर्ज का बोझ बढ़ेगा और प्रबंधन योग्य स्तर पर नहीं होगा। साथ ही कर्ज लागत बढ़ने से ऋण वहन करने की क्षमता प्रभावित होगी। मूडीज के अनुसार, भारत समेत 13 देशों को अगले साल अपने सरकारी राजस्व का 20 प्रतिशत से अधिक कर्ज की अदायगी के लिए खर्च करना होगा। उसने कहा कि एक तरफ कर्जदाताओं को ऋण अदायगी और दूसरी तरफ सामाजिक तथा आर्थिक विकास को लेकर आबादी की आकांक्षाओं को पूरा करने के बीच भ्रम की स्थिति बढ़ेगी। इसका कारण सरकार को ब्याज भुगतान के लिए अपने बढ़ते राजस्व का हिस्सा का उपयोग करना होगा। मूडीज ने कहा, वर्ष 2023 के लिए सरकारी साख को लेकर हमारा परिदृश्य नकारात्मक है। हालांकि, मुद्रास्फीति में गिरावट आनी शुरू होगी, पर खाने के सामान और ऊर्जा के दाम ऊंचे होंगे। इससे आर्थिक वृद्धि प्रभावित होगी और सामाजिक तनाव बढ़ेगा। वैश्विक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि 2023 में धीमी पड़कर 1.7 प्रतिशत होने का अनुमान है जो 2022 में तीन प्रतिशत रहेगी। उच्च कीमत और तंग मौद्रिक नीति से ग्राहकों के खर्च, निवेश और आर्थिक धारणा प्रभावित होती है। मूडीज के अनुसार, एशिया का प्रदर्शन अन्य क्षेत्रों से बेहतर होगा।

## देश का निर्यात अक्टूबर में 16.65 प्रतिशत घटकर 29.78 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** भारत का वस्तुओ का निर्यात अक्टूबर मे पिछले साल के समान महीने की तुलना मे 16.65 प्रतिशत घटकर 29.78 अरब डॉलर रह गया। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अक्टूबर मे आयात बढ़कर 56.69 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले समान महीने मे 53.64 अरब डॉलर था। चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह यानी अप्रैल-अक्टूबर, 2022 के दौरान निर्यात 12.55 प्रतिशत बढ़कर 263.35 अरब डॉलर रहा। इस दौरान आयात मे 33.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 436.81 अरब डॉलर रहा।

# आज का उर्वरक संकट कल खाद्य संकट में बदल सकता है : मोदी

भाषा। बाली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जी-20 देशों के नेताओं को आगाह करते हुए कहा कि आज का उर्वरक संकट कल खाद्य संकट में तब्दील हो सकता है, इसलिए दुनिया को इसका समाधान खोजना होगा। उन्होंने खाद व अनाज दोनों की आपूर्ति श्रृंखला को स्थिर और सुनिश्चित बनाए रखने के लिए साझा समझौते करने पर भी जोर दिया। मोदी ने वार्षिक जी20 शिखर सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित करते हुए वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान देश के 1.3 अरब नागरिकों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत के प्रयासों को भी रेखांकित किया। इस सत्र में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव सहित दुनिया के कई नेताओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहा है और टिकाऊ खाद्य सुरक्षा के लिए बाजरे जैसे पौष्टिक व पारंपरिक खाद्यान्नों को फिर से लोकप्रिय बनाने की कोशिश कर रहा है। विश्व के कई देश यूक्रेन पर रूस के हमले से उत्पन्न खाद्य सुरक्षा की चुनौती का सामना कर रहे हैं। यूक्रेन दरअसल गेहूं का एक प्रमुख उत्पादक है और इसके मध्य भोजन के निर्यात में बाधाओं से वैश्विक स्तर पर इसकी कमी हो गई है। प्रधानमंत्री ने जी20 शिखर सम्मेलन में खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा पर सत्र को संबोधित करने के दौरान कहा, वैश्विक महामारी के दौरान भारत ने अपने 1.3 अरब नागरिकों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। साथ ही कई जरूरतमंद देशों को अनाज भेजा गया। खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से उर्वरकों की मौजूदा कमी भी एक बहुत बड़ा संकट है। मोटे अनाज वैश्विक कुपोषण और भुखमरी की समस्या का समाधान कर सकता है। हम सभी को अगले वर्ष उत्साह के साथ अंतराष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष मनाना चाहिए।

**ICICI Bank**

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्ज़दार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्ज़दार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहाँ है', जैसी है जो भी है तथा 'जो भी है वहाँ है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्रीमती मनोरमा देवी (कर्ज़दार), श्री राकेश कुमार (सह-कर्ज़दार) QZDWA00005021560 | डीडीए जनता फ्लैट नंबर-198, तीसरी मंज़िल, पॉकेट-7, फेज-1, नासिर पुर, द्वारका, दिल्ली, क्षेत्रफल 236.81 वर्गफीट | रु. 15,20,071/- (नवंबर 09, 2022 तक) | रु. 11,70,000/- / रु. 1,17,000/- | नवंबर 24, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | दिसंबर 08, 2022 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसंबर 07, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **दिसंबर 07, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित **दिसंबर 07, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **दिसंबर 07, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708/7304914763**. पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. मैसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

**तिथि : नवंबर 16, 2022**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

मैं, मनोज कुमार शर्मा, पुत्र श्री मनोहर लाल शर्मा निवासी 567, निकट बड़ा शिव मंदिर, विवेकानंद नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 ने अपना नाम मनोज कुमार शर्मा सभी भावी प्रयोजनों हेतु बदल कर मनोज शर्मा रख लिया है।

PD(90196)A

**Kanupriya D/o Harendra** Kumar Varshney R/o SD-95A, Sector-45 Noida U.P have changed my name to Kanupriya Varshney for all future purposes.

PD(90197)A

**Deepti W/o Harendra** Kumar Varshney R/o SD-95A, Sector-45 Noida U.P have changed my name to Deepti Varshney for all future purposes.

PD(90198)A

# शक्तिकांत सरकारी बैंकों के सीईओ के साथ बैठक, आज जमा में धीमी वृद्धि पर होगी चर्चा

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय रिजर्व** बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक करेंगे। बैठक में धीमी जमा वृद्धि और ऋण की ऊंची मांग को बनाए रखने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, जमा राशि में सालाना आधार पर 10.2 प्रतिशत की तुलना में 9.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जबकि ऋण का उठाव एक साल पहले के 6.5 प्रतिशत की तुलना में 17.9 प्रतिशत बढ़ा गया है। सूत्रों ने कहा कि बैठक के लिए जारी एजेंडा के मुताबिक, मूल्य निर्धारण और जमा की धीमी वृद्धि समेत स्थिरता पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, बैठक में खुदरा और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले खंड में संपत्ति की गुणवत्ता पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा, बैठक में पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई डिजिटल बैंकिंग इकाइयों के कामकाज की भी समीक्षा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में बेहतर आर्थिक प्रदर्शन को बैंकिंग प्रणाली की मजबूती से समर्थन मिला है। साथ ही खुदरा, उद्योग और सेवा क्षेत्रों में ऋण वितरण भी बढ़ा है।

## चालू और अगले वित्त वर्ष में बैंकों की ऋण वृद्धि 15 प्रतिशत रहेगीः क्रिसिल

**मुंबई।** व्यापक आधार वाले आर्थिक पुनरुद्धार और अधिक मजबूत एवं साफ-सुथरे बही-खाते के दम पर ऋणदाताओं की ऋण वृद्धि चालू और अगले वित्त वर्ष मे 15 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट मे यह संभावना जताई गई है। क्रिसिल की मंगलवार को जारी रिपोर्ट मे कहा गया कि चालू वित्त वर्ष मे अब तक ऋण वृद्धि करीब 18 प्रतिशत रही है जो इसका एक दशक का उच्चस्तर है। मौजूदा वित्त वर्ष के अलावा अगले वित्त वर्ष मे भी ऋण वृद्धि 15 प्रतिशत पर रहने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक, बड़े ऋणदाताओं के पास कर्ज लेने के लिए कंपनियो की कतार देखी गई है। पूंजीगत व्यय के अलावा कार्यशील पूंजी जुटाने के लिए भी कंपनियां बैंको के पास कर्ज के लिए पहुंच रही हैं। इसकी वजह यह है कि अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन बेहतर रहने से उन्हें मांग बढ़ने की उम्मीद है। दूसरी तिमाही मे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की कॉरपोरेट ऋण बिक्री मे 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस दौरान निजी क्षेत्र के भी तमाम बैंको के कॉरपोरेट ऋण आवंटन मे तेजी देखी गई। क्रिसिल ने कहा कि उसका पूर्वानुमान चालू वित्त वर्ष मे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने की संभावना पर आधारित है।

## रिफंड में देरी पर एयर इंडिया पर अमेरिका में लगा 14 लाख डॉलर का जुर्माना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान उड़ानों के रद्द होने या उनके कार्यक्रम में बदलाव से प्रभावित यात्रियों को टिकट के पैसे लौटाने में हुए विलंब के लिए एयर इंडिया पर 14 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया है। अमेरिकी परिवहन विभाग ने सोमवार को कहा कि एयर इंडिया उन छह एयरलाइंस में शामिल है जिन्हें यात्रियों को रिफंड के रूप में कुल 60 करोड़ डॉलर लौटाने का निर्देश दिया गया है। एयर इंडिया को भी 12.15 करोड़ डॉलर लौटाने को कहा गया है। कहा कि एयर इंडिया का यात्रियों के अनुरोध पर रिफंड करने का प्रावधान अमेरिकी परिवहन विभाग की नीतियों का विरोधाभासी है। अमेरिकी सरकार ने यह नियम बना रखा है कि उड़ान रद्द होने या उसमें बदलाव होने पर एयरलाइन को यात्रियों के टिकट के पैसे कानूनी तौर पर रिफंड करने होंगे।

**राठी बार्स लिमिटेड**

RATHI SEAL OF EXCELLENCE

सीआईएन नंबर : एल74899डीएल1993पीएलसी054781
पंजी. कार्यालय : ए-24/7, मोहन को-आपरेटिव इंड. एस्टेट, नई दिल्ली-110044
फोन : 91 - 11 - 43165400 वेबसाइट : www.rathisteels.com
ई-मेल : rathibars@hotmail.com

**30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही/अर्द्ध वर्ष हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित परिणामों विवरण**

(रू. लाख में)

| | विवरण | तिमाही समाप्त | | | अर्द्ध वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30/09/2022 (अलेखापरीक्षित) | 30/06/2022 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/2021 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/2022 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/2021 (अलेखापरीक्षित) | 31/03/2022 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 8,076.56 | 12,906.73 | 13,953.84 | 20,983.29 | 24,337.30 | 49,392.66 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (कर पूर्व) | 76.38 | 96.97 | 105.46 | 173.35 | 149.65 | 317.48 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (कर पश्चात) | | | | | | 285.37 |
| 4 | कुल समावेशी आय | 76.38 | 96.97 | 105.46 | 173.35 | 149.65 | 285.37 |
| 5 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,633.04 | 1,633.04 | 1,633.04 | 1,633.04 | 1,633.04 | 1,633.04 |
| 6 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) | | | | | | 7,144.18 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) मूल : | 0.47 | 0.59 | 0.65 | 1.06 | 0.92 | 1.75 |
| | तनुकृत : | 0.47 | 0.59 | 0.65 | 1.06 | 0.92 | 1.75 |

*वार्षिककृत नहीं

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट नामतः www.bseindia.com पर तथा कम्पनी की वेबसाइट www.rathisteels.com पर भी उपलब्ध है।
2. कम्पनी के पास उपरोक्त अवधियों के दौरान रिपोर्ट करने हेतु कोई अपवाद और असाधारण मद नहीं है।
3. कम्पनी ने उपरोक्त अवधियों के दौरान इसका कोई भी प्रचालन बंद नहीं किया है।
4. कर व्यय/कराधान हेतु प्रावधान केवल वार्षिक आधार पर किया गया है।
5. पूर्व वर्ष/तिमाहियों के आंकड़े, जहां आवश्यक महसूस किया गया है, पुनर्-व्यवस्थित/पुनर्-समूहित किए गए हैं।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते राठी बार्स लिमिटेड
हस्ता./-
अनुराग राठी
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00063345

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 14-11-2022

# गौशालाओं की खराब हालत पर डीएम, सीडीओ को चेतावनी पत्र

**● छह टीमें रोकेंगी बालू का अवैध परिवहन**

संवाददाता। बांदा





**चित्रकूट धाम** मंडल के चारों जनपदों में गौशालाओं की बुरी स्थिति को देखते हुए चित्रकूट धाम मंडल के आयुक्त आरपी सिंह ने चारों जिलों के जिला कलेक्टर, मुख्य विकास अधिकारी समस्त ब्लॉक के वीडीओ को एक चेतावनी पत्र जारी करते हुए कुछ बिंदुओं पर 3 दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी है। जिसमें सभी गौशालाओं में पेयजल व्यवस्था, खाने का भूसा, सफाई, टीन शेड, डॉक्टर की नियमित व्यवस्था प्रमुख हैं। कहा गया है कि यदि इसके बाद भी लापरवाही मिलती है तो अधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है गोवंश इसको प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा। पत्र में यह भी निर्देश दिए गए हैं कि जिन गोवंश को लंपी रोग है उन्हें अलग रखने की व्यवस्था की जाए और मेडिकल संरक्षण में रहें। एक प्रश्न के जवाब में आयुक्त ने बताया कि चारों जनपदों क्रमश: बांदा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर में उद्योग व्यापार ना होना मजदूरों के पलायन का एक अहम कारण है लेकिन मनरेगा मजदूरी के जरिए काफी संख्या में मजदूरों को हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़, लुधियाना, दिल्ली, नोएडा, महाराष्ट्र जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हैदराबाद, पश्चिमबंगाल, मध्य प्रदेश आदि राज्यों और शहरों में जाने से रोका जाता है। पायनियर से आयुक्त आरपी सिंह ने बताया चारों जनपदों के गड्ढा मुक्त अभियान से अभी खुश नहीं है क्योंकि अभी पूर्ण नहीं हुआ है। चारों जनपदों के जिला कलेक्टर को चेतावनी जारी करते हुए मात्र 15 दिन का समय दिया है और कहा है की सड़कों से गड्ढे बिल्कुल गायब हो जाएं यदि ऐसा नहीं होता तो फिर जिम्मेदार अधिकारी ही होंगे श्री सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश में बालू के अवैध परिवहन की शिकायतें मिली हैं। सूत्रों के अनुसार 700 ट्रक प्रति दिन निकलना बताया जाता है। इसको लेकर 6 टीमें गठित की गयी हैं जिसमें खनिज अधिकारी, परिवहन विभाग, वाणिज्य कर, पुलिस महकमा, सिविल महकमा आदि के अधिकारी मौजूद रहेंगे और वह दिन रात इसकी चेकिंग करेंगे और इस चोरी को रोकने की कोशिश करेंगे और जुर्मान लगाने के साथ बालू से ओवरलोड ट्रकों को सीज करने की भी कार्रवाई करेंगे यदि इसमें कोई भी दलाल पैसे का खेल करता है तो उसे बख्शा नहीं जाएगा उसे सीधे हवालात के अंदर भेजा जाएगा चाहे वह कितना भी पावरफुल हो।आयुक्त ने बताया चित्रकूट धाम मंडल के चारों जनपदों में भयंकर तरीके से डेंगू फैला हुआ है इसमें सभी डॉक्टरों की छुट्टी कैंसिल कर दी गई है अभी तक मंडल में लगभग 320 डेंगू के पाजटिव केस आये हैं लगभग दो दर्जन मौतें हुई हैं हालांकि आयुक्त महोदय ने एडी चित्रकूट धाम मंडल बांदा को और समस्त चारों जनपदों के सीएमओ, सीएमएस को पत्र लिखकर पूरी लगन से युद्धस्तर पर डेंगू के मरीजों की सेवा करने और छिड़काव फागिंग, कहीं पानी ना भरा रहे, मच्छरों से बचाव करना जागरूक करने, समय से स्लाइड बनाना, दवा समय से देना, बुखार की दवा बराबर उपलब्ध रहने आदि के दिशा निर्देश जारी किए हैं।

# सीडीओ ने खलीलाबाद ब्लाक का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी

**संतकबीरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने मंगलवार को खलीलाबाद ब्लाक में पहुँचकर उपस्थिति पंजिका साफ-सफाई तथा जनता दर्शन में आने वाले ग्रामीण क्षेत्रो से फरियादियों के शिकायतों के निस्तारण का रजिस्टर चेक किया। मुख्य विकास अधिकारी ने बीडीओ खलीलाबाद से कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी लेते हुए उपस्थिति पंजिका से मिलान किया। अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों का कारण पूछा गया। सीडीओ अतुल मिश्र ने प्रत्येक दिन आने वाले फरियादियों के शिकायतो का निस्तारण स्थिति की जानकारी ली ब्लाक परिसर में टहलकर साफसफाई को चेक किये।

# सामूहिक विवाह को लेकर तैयारियां शुरू

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**सर्व धर्म** सामूहिक विवाह कार्यक्रम आगामी 26 जनवरी को बहुत धूमधाम के साथ सम्पन्न कराने की तैयारी शुरू हो गयी है। उक्त जानकारी देते हुए समाजसेवी धर्मवीर सिंह बग्गा नेआयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए बताया कि कन्या भ्रूण हत्या व दहेज जैसी सामाजिक बुराइयो के खात्मे के उद्देश्य से विगत बीस वर्षो से लगातार चली आ रही गरीब बेटियो के विवाह की सेवा करते हुए एक हजार गरीब बेटियो की शादी का लक्ष्य पूरा कर आगामी कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दिया है। सर्वधर्म सामूहिक विवाह मे भाग लेने वाले वर वधू के परिजन 15 नवम्वर से 20 दिसम्वर तक रजिस्टेशन कराकर उक्त विवाह मे भागीदार बन सकते है। इसके बाद 20दिसम्वर से 30 दिसम्बर तक रजिस्टेशन करा चुके वर वधू की जांच के बाद 26जनवरी को मेला गार्डन थिरूवा पुल टाण्डा के बगल मे भव्य कार्यक्रम आयोजित कर सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जायगा जिसमे जनपद के गणमान्य ब्यक्तिगण उपस्थित हो कर वरवधू को अपना आशिर्बाद देगे।

ज्ञात हो कि समाजसेवी धर्मवीर सिंह बग्गा ने अपना सब कुछ समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया है यहा तक की मरणोपरान्त अपने शरीर काभी दान कर दिया है। कोरोना जैसी घातक बिमारी से पूरा देश जूझ रहा था लोग अपने घरो मे कैद थे उस समय समाजसेवी श्री बग्गा व उनकी पूरी टीम जनपद अम्बेडकरनगर के गाव गाव नगर नगर मे जा कर सेनेटाइज करने का कामकर रहे थे। कोरोना काल मे भीकन्या विवाह सेवा अभियान समाज सेवी श्री बग्गा द्वारा चलाया गया। समाजसेवी श्री बग्गा व उनकी टीम द्वारा विगत दस वर्षो से लावारिस लाशो के अन्तिम संस्कार का भी वीड़ा उठाया गया है जिसमे अब तक सैकडो लावारिस लोगो काअन्तिम संस्कार उनके थर्म के अनुसार किया गया है। कोरोना काल मे भी दर्जनो मृतको का दाह संस्कार इनके टीम द्वारा किया गया है।

समाज सेवी श्री बग्गा द्वाराप्रदेश मे सबसे पहले नेकी की दिवाल शुरू की गयी जिससे प्रेरणा ले कर कई लोग इस कार्य को कर रहे है विगत 7वर्षो से मेला गार्डन मे भोजन बैकं के माध्यम से लंगर की सेवा चल रही है जिसमे हर दिन सुबह 10बजे 12बजे व शाम 6बजे से रात 8बजे तक निशुल्क भोजन की व्यवस्था चल रही है। अभी हाल मे सरजू नदी मे आई भीषण बाढ के समय मेलोगो की मदद इसी लंगर सेवा से हुई है। समाजसेवी श्री बग्गा के साथ उनकी टीम मे सरफराज अहमद , रंजीत वर्मा ,मुरली राजभर, अविनाश मिश्रा ,शाहनवाज अहमद ,पीयुषश्री वास्तव ,राम मूरत गुप्ता आदि मुख्य रूप से है।

# निकाली प्रभात फेरी, स्काउट गाइड के बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



अपनी कला प्रस्तुत करतीं स्काउट गाइड की छात्राएं।

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जनपद संत कबीर नगर की 22 वीं जनपद रैली हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज खलीलाबाद में मंगलवार को जनपद के कोने-कोने से आए लगभग 700 स्काउट /गाइड, उनके पदाधिकारी, स्काउटर गाइडर तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य राम कुमार सिंह, गाइड कमिश्नर निशा यादव, जिला सचिव रवि प्रकाश श्रीवास्तव सहायक आयुक्त अभिषेक कुमार सिंह एवं रैली संचालक रमेश यादव डी ओ सी के नेतृत्व में एक प्रभात फेरी निकाली गई। रैली के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में धनघटा विधायक गणेश चौहान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक अमरनाथ रूंगटा रहे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के सामने हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज के स्काउट ने साहसी क्रियाकलाप प्रस्तुत किया जिसको देखकर धनघटा विधायक गणेश चौहान ने कहा कि मुझे पुराने दिन याद आ गए कभी इस फील्ड में मैं भी इंटरवल में खेला करता था। दूसरे दिन रैली में फर्स्ट एड का निरीक्षण प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर के0सी0 पाण्डेय, डॉ0 राजेश तिवारी ने किया। स्काउट एवं गाइड को फर्स्ट एड किस प्रकार से किया जाता है इसका प्रशिक्षण भी दिया एवं प्रशिक्षण के परिणाम स्वरूप स्काउट गाइड द्वारा किए गए फर्स्ट एड का निरीक्षण भी किया। स्काउट गाइड ने आज प्राथमिक सहायता साहसी क्रियाकलाप, मीनार प्रदर्शन, सिगनलिंग तथा बिना बर्तन के भोजन निर्माण प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। शाम 5 बजे प्रारंभ होने वाले ग्रैंड कैंफायर में अपर जिला अधिकारी मनोज कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मनमोहन शर्मा, बीएसए अतुल कुमार तिवारी, विद्यालय के प्रबंधक अमरनाथ रुंगटा सहित माध्यमिक एवं प्राथमिक से आए स्काउटर और गाइडर तथा विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं स्काउट गाइड पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रमाणपत्र जारी करने की मांग को लेकर गोंड समाज भूख हड़ताल पर



धरना देते गोंड समाज के लोग

**संतकबीरनगर।** गोंड विकास संस्था के बैनर तले गोंड समाज ने जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाने को लेकर मंगलवार को स्टेडियम कार्यालय स्थित धरना स्थल पर भूख हड़ताल शुरू कर दिया है। गोंड समाज ने अपना ज्ञापन जिलाधिकारी को देकर कहा है कि तहसीलो के तहसीलदार व लेखपाल वर्ग के लोगों द्वारा प्रमाण पत्र जारी करने में हीला हवाली की जा रही है। जाति प्रमाण पत्र नही रहने से गोंड समाज परेशान है। बच्चों की पढ़ाई व सेवा में जाने वाले युवक बेहद परेशान है। धरना देने वालो में ईश्वर चन्द्र गोंड, के0के0 निर्भीक, शिवपाल गोंड, विवेक कुमार गोंड, बृजेश कुमार गोंड, दिलीप गोंड, राजमति गोंड, विजेन्द्र कुमार गोंड, उदयराज भारती गोंड, मालती गोंड, त्रिश्चीमुनि गोंड सहित गोंड समाज के लोग शामिल रहें।

# डीआईओएस के निरीक्षण में स्कूल मिला बन्द, कई शिक्षकों का अग्रिम आदेश तक वेतन बाधित



स्कूल के बंद गेट पर खड़े जिला विद्यालय निरीक्षक

**संतकबीरनगर।** जिले के जनता उ0मा0वि0 धर्मसिंहवा, मनीश्वर संस्कृत महाविद्यालय करमैनी, आदर्श विद्या विलास संस्कृत मा0वि0 धर्मसिंहवा और नेता जी सुभाष चन्द्र बोस इंटर कालेज मेंहदूपार का जिला विद्यालय निरीक्षक मनमोहन शर्मा औचक निरीक्षण किया। जहां एक स्कूल बंद मिला और यहां न तो शिक्षक मिले और न ही कोई छात्र/छात्रा मिले। डीआईओएस मनमोहन शर्मा ने दो शिक्षकों का मानदेय अग्रिम आदेश तक रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। डीआईओएस ने बताया कि जनता उ0मा0वि0 धर्मसिंहवा के निरीक्षण में विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के हस्ताक्षर उपस्थिति पंजिका पर पायी गयी। यहां सीएल अवकाश पंजिका नहीं बनाया गया है। कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को मध्याहन भोजन योजनान्तर्गत बनाये गए एमडीएम पंजिका प्रधानाध्यापक अपने आलमारीं में रखकर गए थे जिससे एमडीएम पंजिका का निरीक्षण नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य को उपरोक्त कर्मियों को दूर करने का निर्देश दिया गया है। मुनीश्वर संस्कृत महाविद्यालय करमैनी के निरीक्षण में स्कूल बंद पाया गया। विद्यालय पर न तो कार्यरत कार्यवाहक प्रधानाचार्य उपस्थित थे और न ही कोई छात्र/छात्रा। विद्यालय बंद पाये जाने के कारण किसी भी अभिलेख निरीक्षण नहीं किया जा सका। कार्यरत कार्यवाहक प्रधानाचार्य का वेतन बाधित करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसी क्रम में निरीक्षण के दौरान आदर्श विद्या विलास संस्कृत मा0वि0 धर्मसिंहवा बंद पाया गया। न तो कोई शिक्षक उपस्थित था और न ही कोई छात्र/छात्रा। यहां विद्यालय बंद पाये जाने के कारण कोई भी अलिलेख निरीक्षण नहीं किया जा सका। कार्यरत कार्यवाहक प्रधानाचार्य का वेतन बाधित करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसी क्रम में निरीक्षण के दौरान आदर्श विद्या विलास संस्कृत मा0वि0 धर्मसिंहवा बंद पाया गया। न तो कोई शिक्षक उपस्थित था और न ही कोई छात्र/छात्रा। यहां विद्यालय बंद पाये जाने के कारण कोई भी अभिलेख निरीक्षण नहीं किया जा सका। विद्यालय में कार्यरत एक संविदा शिक्षक व एक शिक्षिका का मानदेय बाधित करते हुए प्रबंधक/प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया है कि वे संबंधित शिक्षकों से स्पष्टीकरण दें। डीआईओएस ने बताया कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस इण्टर कालेज मेंहदूपार का निरीक्षण किया गया। यहां स्टाफ उपस्थिति पंजिका के निरीक्षण में पाया गया कि सुरेश कुमार पाण्डेय द्वारा 1 एवं 2 नवम्बर 2022 को सफेदा लगाकर हस्ताक्षर किया गया है। कुछ कर्मियों का आकस्मिक अवकाश अंकित होने के बाद उस तिथि को हस्ताक्षर भी किया गया है। उपरोक्त कमियों को दूर करते हुए संबंधित शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इन सभी के द्वारा स्पष्टीकरण निर्धारित समयावधि तक नहीं प्राप्त कराये जाने तक कार्रवाई की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### पत्नी के चेहरे पर तेजाब फेंकने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**शाहजहांपुर (भाषा)।** जिले के एक मेडिकल कॉलेज में काम करने वाली एक महिला पर उसके पति ने कथित रूप से तेजाब फेंक दिया। महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जबकि आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने मंगलवार को पीटीआईभाषा को बताया कि शहर के मेडिकल कॉलेज में निजी (संविदा) कर्मचारी के रूप में काम करने वाली नीरज (30) का अपने पति से 10 वर्षों से विवाद चल रहा था और दोनों अलग-अलग रह रहे थे। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह नीरज मेडिकल कॉलेज जा रही थी तभी कॉलेज के गेट पर उसका अपने पति रवि उर्फ रविंदर का नीरज से विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि कहासुनी के बाद रवि ने नीरज पर तेजाब फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी रवि उर्फ रविंदर को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। वही नीरज को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस आगे की कार्वाई कर रही है।

### छात्रों ने फीस वृद्धि के खिलाफ विवि परिसर में जन आक्रोश मार्च निकाला

**प्रयागराज (भाषा)।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के खिलाफ अनशन पर बैठे छात्रों ने छात्रसंघ की बहाली और फीस वृद्धि वापस लिए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में जन आक्रोश मार्च निकाला। पिछले 70 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे छात्र नेता अजय यादव सम्राट ने संवाददाताओं से कहा, फीस वृद्धि वापस लिए जाने की मांग के साथ ही कुलपति संगीता श्रीवास्तव की अवैध नियुक्ति के खिलाफ भी हमने मोर्चा खोला है। उन्होंने कहा कि फीस वृद्धि के खिलाफ छात्र पिछले 70 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे है लेकिन इस विश्वविद्यालय की कुलपति के कानों में जूं तक नही रेंग रही और वह अपने अड़ियल रवैया पर कायम है। दोपहर मे भारी संख्या मे छात्र छात्रसंघ भवन पर अनशन स्थल पर एकत्र हुए और पोस्टर बैनर के साथ नारेबाजी करते हुए मार्च निकाला। छात्रों के साथ कोई अप्रिय घटना ना घटे, यह सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पूरे मार्च के दौरान छात्रों के साथ रहे।

### आजमगढ़ में कुंए से महिला का कई टुकड़ों में शव बरामद

**आजमगढ़ (भाषा)।** जिले के अहरौला थाना क्षेत्र के पश्चिमट्टी गांव के गौरी का पूरा में मंगलवार को एक कुएं से महिला का शव कई टुकडे में बरामद हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि गौरी का पूरा गांव में सड़क किनारे स्थित कुएं में लोगो ने एक महिला का शव देखा और इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने जब शव को निकलवाना शुरू किया तो वह कई टुकड़ो में था। पुलिस ने बताया कि महिला का अभी तक शिनाख्त नही हो पाया है। को पोस्टमार्ट के लिए रखवाया गया है। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि अज्ञात महिला का शव कुएं से मिला है। डॉग स्क्वायड व फॉरेसिंक टीम छानबीन में जुटी है। पुलिस जल्द ही घटना का खुलासा करेगी।

### ट्रेन रोकने के मामले में मंत्री कपिल देव अग्रवाल बरी

**मुजफ्फरनगर (भाषा)** जिले की विशेष एमपीएमएलए अदालत ने ट्रेन रोकने के दस साल पुराने एक मामले में उत्तर प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल और भाजपा के सात अन्य नेताओं को बरी कर दिया है। अभियोजन अधिकारी नीरज सिंह के मुताबिक, विशेष न्यायाधीश मयंक अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, भाजपा के दो पूर्व विधायकों- अशोक कंसल, उमेश मलिक, जिला भाजपा अध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष पवन त्रार, भाजपा नेता यशपाल पवार, वैभव त्यागी और सुनील तायल को साक्ष्य की कमी के कारण बरी कर दिया।उन्होंने बताया कि अग्रवाल और भाजपा के सात अन्य नेता आज अदालत में पेश हुए थे। सिंह के मुताबिक, पुलिस ने रेलवे अधिनियम की धाराओं 147, 156 के तहत कपिल देव अग्रवाल समेत 12 लोगों के खिलाफ तीन सितंबर, 2012 को मामला दर्ज किया था। इन्होने मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर कथित तौर पर ट्रेन सेवा बाधित की थी। चार अन्य लोगों ने इस मामले मे अपना जुर्म कबूल लिया और इन पर पहले ही 500-500 रुपए का जुर्माना लगाया जा चुका है।

### मार्ग को इण्टरलाकिंग कराने की हुई मांग

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** विकास खण्ड टाण्डा क्षेत्र अन्तर्गत ग्रामसभा नैपुरा के मझवार बस्ती मे मनोज कुमार माझी के मकान से ओम प्रकाश माझी व मुक्ती नाथ माझी के मकान तक सडक का निर्माण होना क्षेत्र पंचायत के कार्य योजना मे शामिल है परन्तु अभी तक उसका टेण्डर नही हुआ है जिससे उक्त सडक कानिर्माण अभी तक नही शुरू हुआ है। क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि व भाजपा मझुवारा प्रकोष्ठ सहसंयोजक दिनेश माझी ने खण्ड विकास अधिकारी टाण्डा से मिल कर उक्त सडक निर्माण कराने हेतु मांग किया तथा बताया कि उक्त निर्माण न होने से घरो का गन्दा पानी बहाव न होने के कारण वही रूका रहता है जिससे गन्दगी फैली रहती हैमच्छरो काप्रकोप बढ गया है भयंकर बिमारी फैलने की सम्भावना बढ गयी है!ऐसी दशा मे उक्त सडक का अभिलम्ब निर्माण करानेकी मांग किया है।

### कनिष्ठ सहायक का संबद्धीकरण निरस्त, कार्य मुक्त करने का आदेश

**प्रयागराज।** इंस्टीट्यूट आफएडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन प्रयागराज की ओर से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट फतेहपुर के कनिष्ठ सहायक अरविंद कुमार साहू को कंपोजिट स्कूल प्रशिक्षण तथा पुस्तकालय के पुनरुद्धार कार्य के लिए किया गया संबद्धीकरण निरस्त कर दिया गया है। यह निरस्तीकरण अपर शिक्षा निदेशक बेसिक अनिल भूषण चतुर्वेदी के आदेश पर किया गया। उन्होंने सीपीआई की प्राचार्य पर नाराजगी व्यक्त किया कि कनिष्ठ सहायक को अभी तक क्यों कार्य मुक्त नही किया गया है। इसकी जानकारी शासन को दी जाएगी।

### शिक्षक संघ चुनाव को लेकर 18 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया

**अयोध्या।** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में 25 नवम्बर को होने वाले आवासीय शिक्षक संघ चुनाव को लेकर विभिन्न पदों के लिए 18 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। विवि में मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे विश्वविद्यालय के सरदार पटेल प्रशासनिक भवन के कुलसचिव सभाकक्ष में चुनाव अधिकारी प्रो आरके तिवारी की निगरानी में प्रत्याशियों द्वारा पर्चा दाखिल किया गया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष पद के लिए प्रो विनोद श्रीवास्तव, प्रो शैलेन्द्र वर्मा, डॉ दिवाकर त्रिपाठी ने नामांकन पत्र दाखिल किया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए डॉ संग्राम सिंह ने पर्चा भरा गया। महामंत्री पद के लिए प्रो शैलेन्द्र कुमार व डॉ राना रोहित सिंह ने पर्चा दाखिल किया गया। वहीं संयुक्त मंत्री पद के लिए डॉ बृजेश भारद्वाज, डॉ मणिकांत त्रिपाठी, डॉ अनूप कुमार श्रीवास्तव, इंजीनियर दिलीप कुमार व इंजीनियर अमित सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उपमंत्री पद के लिए डॉ अनुराग पांडे, डॉ वन्दिता पांडे, डॉ तरुण गंगवार, डॉ लोकेंद्र उमराव ने नामांकन किया। कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉ डीएन वर्मा, डॉ विनोद चैधरी ने नामांकन पत्र भरा। वहीं मीडिया प्रभारी पद के लिए डॉ अभिषेक सिंह द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

# नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ मां, शिक्षक और अभिभावक बनीं कमिश्नर

संवाददाता। बरेली

**कौन कहता है** कि सरकारी सिस्टम और अफसर संवेदनशील नहीं होते। लोगों की ऐसी ही धारणा और छवि को तोड़ रही हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की आईएएस अफसर संयुक्ता समद्दार। बरेली मंडल के कमिश्नर संयुक्ता जहां जाती हैं लोगों के दुख दर्द में शामिल हो जाती हैं। उनका दर्द बांटती हैं और उनकी समस्याओं का चुटकियों में समाधान करती हैं। एक्शन मोड और कड़क मिजाज कमिश्नर बाल दिवस के मौके पर ममता और वात्सल्य से द्रवित नजर आईं। सोमवार को सरकारी स्कूलों के निरीक्षण में पहुंची कमिश्नर एक मां, शिक्षक और अभिभावक के रूप में बच्चों के सामने पेश आईं। नन्हे-मुन्ने बच्चों को उन्होंने खेल कराए। उनके साथ खुद बच्चों की तरह खेलने लगी। बच्चों को अपने हाथों से मिठाइयां मिठाई खिलाकर उनके सिर पर ममता से भरा हाथ रखा। बच्चों से स्कूल पाठ्यक्रम पर ढेर सारी बातें की और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की सीख भी दी। सरकारी स्कूलों के बच्चे अपने सामने अपनी मां और दीदी जैसी कमिश्नर संयुक्ता समद्दार को देखकर झूम उठे। बेझिझक उनके साथ जमकर खेले। खूब ढेर सारी बातें भी कर डाली। जब तक कमिश्नर स्कूल में रहीं बच्चे खुशी से उछलते नजर आए।

## लेखपाल ऐसा पद है जिसके बिना राजस्व विभाग की कल्पना नहीं की जा सकती है: जिलाधिकारी

**बरेली ।** जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी की अध्यक्षता में उ.प्र. लेखपाल संघ का स्थापना दिवस का आयोजन तहसील सदर सभागार में सम्पन्न हुआ।जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग की परम्परा सबसे प्राचीन है। यह मुगल काल से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि राजस्व का आधार सभी काल में सदैव महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग का उदाहरण किसी अन्य विभाग से नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि लेखपाल ऐसा पद है जिसके बिना राजस्व विभाग की कल्पना नहीं की जा सकती है जिस प्रकार किसी बिल्डिंग की कल्पना न्यू के बिना नहीं की जा सकती है उसी प्रकार लेखपाल के बिना राजस्व विभाग की कल्पना नहीं की जा सकती है। किसी सरकार की छवि या जिले में जिला प्रशासन की छवि व लेखपाल की कर्मठता, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा तथा संवेदनशीलता रूपी छवि पर निर्भर करती है। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व अधिकारियों का भरोसा सबसे ज्यादा लेखपालों पर होता है। उन्होंने कहा कि लेखपाल का कार्य सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता में पहुंचाना होता है तथा शासन व प्रशासन के लिए आप जनता के बारे में रिपोर्टिंग भी करता है। उन्होंने कहा कि चौबारी मेले में सबसे ज्यादा संतुष्ट तब हुआ जब मेले में लेखपालों को महत्वपूर्ण भूमिकाओं में लगाया गया। उन्होंने कहा कि लेखपाल हमारे परिवार का एक महत्वपूर्ण अंग है इसलिए इनके सुख और दु:ख में हमेशा साथ खड़ा रहता हूँ और हर समय खड़ा भी रहुँगा। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग अस्तित्व मौर्य काल, मुगल काल, आधुनिक काल तथा वर्तमान लोक तांत्रिक व्यवस्था में महात्वपूर्ण बना हुआ है। जिलाधिकारी ने लेखपाल संघ द्वारा चयनित पात्र लाभार्थियों को कम्बल वितरित कर लाभान्वित किया।कार्यक्रम में तहसीलदार सदर श्री अनिल कुमार, जिला सूचना अधिकारी श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष श्री संजीव कुमार, जिला मंत्री उ.प्र. लेखपाल संघ श्री भूषित सक्सेना, तहसील मंत्री उ.प्र. लेखपाल संघ श्री राजेश कुमार सहित समस्त उ.प्र. लेखपाल संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला को बुरी नियत से दबोचा

**बरेली ।** थाने में बंद पति को खाना देने जा रही एक महिला को गांव के 3 दबंगों ने रास्ते में बुरी नीयत से दबोच लिया लेकिन पीछे चल रही है उसकी ननद ने शोर मचा दिया जिससे दबंग फरार हो गए घटना की शिकायत पुलिस से की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई तब महिला ने आज एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की ।फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाली महिला ने एसएसपी से शिकायत करते हुए बताया कि उसका पति 3 दिन पूर्व पुलिस हिरासत में था वो दिन में अपने पति को खाना देने के लिए घर से थाने की तरफ जा रही थी लेकिन रास्ते में गन्ने के एक खेत में छुप कर बैठे गांव के रहने वाले 3 दबंग लोगों ने उसे रोक लिया और उसे पकड़ कर जान से मारने की धमकी देते हुए गन्ने के खेत में ले जाने लगे लेकिन अचानक पीछे से उसकी ननद आ गई और उसने दबंगों को देखकर शोर मचा दिया शोर सुनकर पास के खेतों में मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और दबंग फरार हो गए घटना की शिकायत पुलिस से की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई तब आज महिला ने एसएसपी से कार्रवाई की मांग की ।


## दबंगों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

**बरेली ।** मामूली बात पर हुए झगड़े के बाद दबंगों ने एक युवक पर लोहे की सरिया से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया । शाही थाने के गांव सेवा ज्वालापुर निवासी 26 वर्षीय दुर्गेश पुत्र रामपाल को बीती रात घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दुर्गेश ने बताया कि कुछ समय पहले उसके चाचा आंगन लाल को गांव के ही रहने वाले बाइक सवार रमेश ने टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया तब रमेश के चाचा छोटेलाल वादा किया कि वहअगन लाल का पूरा इलाज कराएंगे लेकिन अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उन्होंने खर्च की रकम नहीं दी जिसको लेकर वह कल शाम को छोटेलाल के पास शिकायत करने गया था जहां विवाद होने पर छोटेलाल ने अपने साथी तेजपाल और नरेंद्र के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की और फिर लोहे की रॉड मारकर घायल कर दिया शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बचाया घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया हमलावर फरार बताए जाते हैं ।

# गुप्टिल व बोल्ट न्यूजीलैंड टीम से बाहर

## भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा





**भाषा।** वेलिंगटन

**अनुभवी मार्टिन** गुप्टिल और ट्रेंट बोल्ट को भारत के खिलाफ 18 नवंबर से शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम से बाहर कर दिया गया है। सलामी बल्लेबाज गुप्टिल को उदीयमान खिलाड़ी फिन एलेन को मौका देने के लिए बाहर किया गया है जबकि बोर्ड के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रहने का फैसला करने वाले बोल्ट की जगह छह मैचों की श्रृंखला में किसी और को मौका दिया जाएगा। एलेन को टी20 और वनडे दोनों टीमों में जगह दी गई है। वह अब तक 23 टी20 और आठ वनडे खेलकर पांच अर्धशतक और एक शतक जमा चुके हैं। बोल्ट की गैर मौजूदगी में तेज आक्रमण का जिम्मा टिम साउदी, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्युसन , ब्लेयर टिकनेर और एडम मिल्ने संभालेंगे। मिल्ने ने आखिरी वनडे 2017 में खेला था। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि बोल्ट और गुप्टिल को बाहर करना आसान नहीं था लेकिन टीम को आगे की ओर देखना है। उन्होंने कहा , ट्रेंट ने जब अगस्त में न्यूजीलैंड क्रिकेट का अनुबंध छोड़ने का फैसला किया था तभी हमने संकेत दे दिए थे कि प्राथमिकता अनुबंधित खिलाड़ियों को दी जाएगी। हमें आगे की ओर देखना है और दूसरों को भी मौका दिया जाना जरूरी है। न्यूजीलैंड और भारत दोनों टीमों के लिए यह श्रृंखला अगले साल होने वाले विश्व कप की तैयारी का मौका है। विश्व कप में अब एक साल से भी कम समय बचा है लिहाजा फिन को अनुभव दिए जाने की जरूरत है, खासकर भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ। केन विलियमसन दोनों प्रारूपों में कप्तान होंगे। टॉम लाथम वनडे टीम में विकेटकीपर होंगे जबकि डेवोन कोंवे टी20 टीम में विकेटकीपिंग का जिम्मा संभालेंगे। जिम्मी नीशाम अपने विवाह के कारण तीसरा वनडे नहीं खेलेंगे जिनकी जगह हेनरी निशोल्स को उतारा जाएगा। भारतीय टीम के यहां आने पर काफी उत्साह रहता है। अपने घरेलू दर्शकों के सामने भारत से खेलने को लेकर हमारी टीम उत्साहित है। हमें भारत को हराने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। सीनियर खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में हार्दिक पंड्या टी20 टीम के और शिखर धवन वनडे टीम के कप्तान होंगे।

**न्यूजीलैंड टी20 टीम** : केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कोंवे, लॉकी फर्ग्युसन, डेरिल मिचेल, एडम मिल्ने, जिम्मी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनेर, टिम साउदी, ईश सोढी, ब्लेयर टिक्नेर।

**वनडे टीम** : केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कोंवे, लॉकी फर्ग्युसन, डेरिल मिचेल, एडम मिल्ने, जिम्मी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनेर, टिम साउदी, टॉम लाथम, मैट हेनरी।

**श्रृंखला का कार्यक्रम** : 18 नवंबर : पहला टी20, वेलिंगटन, 20 नवंबर , दूसरा टी20, तौरंगा, 22 नवंबर , तीसरा टी20 , नेपियर, 25 नवंबर , पहला वनडे, आक्लैंड, 27 नवंबर , दूसरा वनडे, हैमिल्टन, 30 नवंबर , तीसरा वनडे, क्राइस्टचर्च।

## प्रतिभाओं का पूल बड़ा होने पर ही सफेद और लाल गेंद की अलग टीमें संभव : विलियमसन

**वेलिंगटन।** सीमित ओवरों के क्रिकेट में इंग्लैंड की अप्रतिम सफलता से विरोधी टीमें भी अलग अलग प्रारूपों में अलग टीमें और कोच रखने के बारे में सोचने पर मजबूर हुई है लेकिन न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का मानना है कि प्रतिभाओं का पूल बड़ा होने पर ही ऐसा कर पाना संभव है। विलियमसन भारत जैसी टीमों के पास रिजर्व खिलाड़ियों का बड़ा पूल होने का जिक्र कर रहे थे जबकि न्यूजीलैंड जैसे छोटे देश में यह संभव नही है। इंग्लैंड के पास टेस्ट टीम के लिए ब्रेंडन मैकुलम कोच है जबकि सीमित ओवरों की टीम के कोच मैथ्यू मोट है। विलियमसन ने भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही टी20 श्रृंखला से पहले वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , इतना अधिक क्रिकेट खेला जा रहा है जो खिलाड़ियों ही नही बल्कि सहयोगी स्टाफ के लिए भी चुनौतीपूर्ण है। हर दो या तीन दिन मे मैच खेल रहे है जिसकी अपनी चुनौतियां है। दुनिया भर में अलग अलग प्रारूपों में संतुलन बनाने की जरूरत है। कुछ देशो के पास खिलाड़ियों का बड़ा पूल है जो ऐसा कर सकते हैं। आप हमेशा संतुलन बनाने की कोशिश में रहते है ताकि खिलाड़ी तरोताजा रहें। पिछले सप्ताह टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हारी कीवी टीम के कप्तान विलियमसन से पूछा गया था कि क्या इंग्लैंड ने टी20 क्रिकेट खेलने के नए मानदंड कायम किए है। कई मजबूत टी20 टीमें हैं और हमने टूर्नामेंट में देखा कि कइ उलटफेर हुए। इंग्लैंड ने काफी आक्रामक क्रिकेट खेला जो उनकी टीम के संतुलन के अनुरूप था। हर टीम अपनी ताकत पर काम करके उसके अनुरूप खेलना पसंद करती है। भारत के खिलाफ श्रृंखला में तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे जो अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी के लिए अहम होंगे। भारत के सीनियर खिलाड़ी इस श्रृंखला से बाहर है लेकिन विलियमसन का मानना है कि भारतीय टीम में इतनी गहराई है कि वह मेजबान के लिए काफी कड़ी चुनौती पेश करेगी। विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम में कई बदलाव देखने को मिलेंगे। तेज गेंदबाज उमरान मलिक को बड़े स्तर पर खुद को साबित करने का मौका दिया गया है। आईपीएल में मलिक के साथ खेल चुके विलियमसन ने कहा , उमरान काफी प्रतिभाशाली है। उसके साथ पिछले साल काफी समय बिताया और रफ्तार उसकी ताकत है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे खेलते देखना अद्भुत होगा।

## मैरीकोम एथलीट आयोग की अध्यक्ष चुनी गई

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग ने मंगलवार को सर्वसम्मति से छह बार की विश्व मुक्केबाजी चैंपियन एमसी मैरीकोम को अध्यक्ष और ओलंपियन तथा राष्ट्रमंडल खेलों के 2022 के कई पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल को उपाध्यक्ष चुना। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक आईओए चुनाव के निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को प्रमाण पत्र सौंपा। आयोग ने 10 दिसंबर को होने वाले भारतीय ओलंपिक संघ की कार्यकारी परिषद के चुनाव के लिए ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग और ओलंपिक में दो बार पदक जीतने वाली पीवी सिंधू को भी आयोग के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। इससे पहले सोमवार को आईओए एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में 10 खिलाड़ियों को निर्विरोध चुना गया। मैरीकोम, शरत, सिंधू और नारंग के अलावा आयोग में चुने गए दस खिलाड़ियों में तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू, टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल, हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल, तलवारबाज भवानी देवी, नौकायन खिलाड़ी बजरंग लाल, पूर्व शॉटपुट खिलाड़ी ओ पी करहाना और शीतकालीन ओलंपियन शिवा केशवन शामिल हैं। दस खिलाड़ियों में से पांच महिलाएं हैं।

# आईओए को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, फैसला माने

**भाषा।** नई दिल्ली

- चुनाव, संविधान को अपनाने को लेकर फैसले के पालन का न्यायालय का निर्देश



**उच्चतम न्यायालय ने** मंगलवार को निर्देश दिया कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी समिति के चुनाव और संविधान को अपनाने को लेकर उसके दस अक्टूबर और तीन नवंबर के फैसले का पूरी ईमानदारी के साथ पालन हो।

मुख्य न्यायाधीश डी वाइ चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली तथा जे बी पर्दीवाला की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता का आश्वासन दर्ज किया कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) एल एन राव द्वारा तैयार किए गए आईओए के संविधान को आईओए की सालाना आम बैठक में स्वीकार कर लिया गया है और इसमें किसी तरह का संशोधन न्यायालय की अनुमति से किया जाएगा। न्यायालय ने याचिकाकर्ता राहुल मेहरा द्वारा दायर अवमानना याचिका का निपटारा किया जिसमें आरोप लगाया गया था कि संविधान के मसौदे को अपनाने और कार्यकारी समिति के चुनाव संबंधी न्यायालय के दस अक्टूबर और तीन नवंबर के निर्देशों का उल्लंघन हुआ है। मेहरा ने दावा किया था कि दस नवंबर को आईओए की एजीएम में संविधान के मसौदे को मंजूरी दी गई लेकिन बैठक के ब्यौरे में साफ है कि इसमें कुछ बदलावों को भी स्वीकृति दे दी गई है। तीन नवंबर को न्यायालय ने आईओए की कार्यकारी समिति के चुनाव दस दिसंबर को कराने की अनुमति दे दी थी। न्यायालय ने संविधान के मसौदे को आईओए के सदस्यों में बांटने की भी अनुमति दे दी थी ताकि दस नवंबर को आईओए की एजीएम में इसे अपनाया जा सके। समझा जाता है कि न्यायमूर्ति राव ने सभी पक्षों से बात की थी जिनमें आईओए, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति और राज्य संघ शामिल हैं।

### जयपुर पिंक पैंथर्स की जीत में चमके अर्जुन देशवाल

**पुणे।** अर्जुन देशवाल के दमदार खेल से जयपुर पिंक पैंथर्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के मैच में मंगलवार को यहां यू मुंबा को 32-22 से शिकस्त दी। देशवाल ने इस मुकाबले में 13 अंक जुटाकर बड़ा अंतर पैदा किया। जयपुर की टीम ने मैच के पांचवें मिनट में ही यू मुंबा को ऑल आउट कर 9-2 की बड़ी बढ़त हासिल कर ली। मध्यांतर के समय जयपुर पिंक पैंथर्स के पास 19-11 की बढ़त थी।

### जोकोविच को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए वीजा मिलना तय

**मेलबर्न।** स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को जनवरी में निर्वासित किए जाने के बावजूद अगले साल होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए वीजा मिलना तय है। ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने मंगलवार को कहा कि उसने समाचार पत्रों की रिपोर्टों की पुष्टि की है कि आव्रजन मंत्री ने जोकोविच का संभावित तीन साल के प्रतिबंध के फैसले को पलट दिया है। ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने इससे पहले कहा था कि कुछ परिस्थितियों मे प्रतिबंध अवधि को खत्म किया जा सकता है।

### बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स ग्वांग्जू की बजाय बैंकाक में

**नई दिल्ली।** आगामी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स कोरोना संक्रमण के कारण ग्वांग्जू की बजाय बैंकाक में सात दिसंबर से होगा। यह टूर्नामेंट 14 दिसंबर से होना था लेकिन स्टेडियम की उपलब्धता के मसले के कारण अब एक सप्ताह पहले शुरू होगा। बैडमिंटन विश्व महासंघ ने मंगलवार को यह घोषणा की। बीडब्ल्यूएफ ने कोरोना महामारी से उपजी स्थिति के कारण चीनी बैडमिंटन संघ से मशविरे के बाद एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स 2022 दूसरी जगह कराने का फैसला किया है।

### ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा, एरिगेसी पहले दौर में हारे

**सेन फ्रांसिस्को।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और अर्जुन एरिगेसी मेल्टवाटर चैम्पियंस टूर शतरंज फाइनल्स के पहले दौर मे हार गए। सत्रह वर्ष के प्रज्ञानानंदा को अजरबैजान के शखरियार मामेदियरोव ने 2.5 . 1.5 से हराया जबकि एरिगेसी को पोलैंड के जान क्रिस्टोफ डुडा ने 2.5 . 0.5 से मात दी। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के वेसली सो को 2.5 . 1.5 से हराकर अपने अभियान का आगाज किया। नीदरलैंड के अनीश गिरी ने वियतनाम के लिएम कुआंग ली को मात दी। कार्लसन का सामना अब दूसरे दिन एरिगेसी से होगा जबकि लिएम को सो से खेलना है। मामेदियारोव की टक्कर डुडा से और प्रज्ञानानंदा का सामना गिरी से होगा। आठ खिलाड़ी राउंड रॉबिन टूर्नामेंट खेलेंगे। सर्वाधिक अंक लेने वाला खिलाड़ी विजई होगा। इन आठ खिलाड़ियों का चयन मेल्टवाटर चैम्पियंस टूर के कई टूर्नामेंट खेलने के बाद हुआ है।

### जयपुर पिंक पैंथर्स की जीत में चमके अर्जुन देशवाल

**पुणे।** अर्जुन देशवाल के दमदार खेल से जयपुर पिंक पैंथर्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के मैच में मंगलवार को यहां यू मुंबा को 32-22 से शिकस्त दी। देशवाल ने इस मुकाबले में 13 अंक जुटाकर बड़ा अंतर पैदा किया। जयपुर की टीम ने मैच के पांचवें मिनट में ही यू मुंबा को ऑल आउट कर 9-2 की बड़ी बढ़त हासिल कर ली।

# पोलार्ड ने खिलाड़ी के तौर पर आईपीएल को अलविदा कहा

- मुंबई इंडियन्स के बल्लेबाजी कोच बने



**भाषा।** नई दिल्ली

**टी20 क्रिकेट** में सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक कीरोन पोलार्ड ने मंगलवार को लीग की शीर्ष टीम मुंबई इंडियन्स के साथ 13 सत्र बिताने के बाद खिलाड़ी के तौर पर इंडियन प्रीमियर लीग के करियर को अलविदा कह दिया। वेस्टइंडीज के 35 साल के पोलार्ड आईपीएल में अभी कुछ और साल खेलना चाहते थे लेकिन पांच बार की चैंपियन टीम के साथ चर्चा के बाद उन्होंने आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया। पोलार्ड के नाम आईपीएल में 189 मैचों में 3412 रन है। उन्होंने 2010 में इस टीम के लिए पदार्पण किया था। वह हालांकि फ्रेंचाइजी के साथ जुड़े रहेंगे और टीम के नए बल्लेबाजी कोच होंगे। फ्रेंचाइजी से जारी बयान में पोलार्ड ने कहा, मेरे लिए यह फैसला करना आसान नहीं था क्योंकि मैं कुछ और साल खेलना चाहता था, लेकिन मुंबई इंडियंस के साथ चर्चा के बाद मैंने आईपीएल करियर को खत्म करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, इस अविश्वसनीय फ्रेंचाइजी ने इतना कुछ हासिल किया है और मैं समझता हूं कि अब उस में कुछ बदलाव की जरूरत है। अगर मैं अब मुंबई की टीम के लिए नहीं खेलता हूं तो खुद को इस टीम के खिलाफ खेलते हुए नहीं देख सकता हूं। एक बार आप मुंबई इंडियन्स का हिस्सा बन जाते है तो हमेशा इसी के साथ रहते है। पोलार्ड हालांकि यूएई में होने वाले इंटरनेशनल लीग टी20 में मुंबई की स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी के लिए खेलेंगे। यह मुंबई इंडियन्स के लिए भावनात्मक अलविदा नहीं है, हालांकि में आईपीएल में बल्लेबाजी कोच की भूमिका निभाने के साथ-साथ मुंबई इंडियन्स अमीरात के साथ खेलने के लिए तैयार हूं। मेरी करियर का यह अगला अध्याय वास्तव में रोमांचक है और मुझे खुद को खिलाड़ी से कोचिंग की भूमिका में आने की अनुमति देता है। मैं पिछले 13 सत्र से आईपीएल में सबसे बड़ी और सबसे सफल टीम का प्रतिनिधित्व करने पर बेहद गर्व, सम्मानित महसूस करता हूं। इंडियन प्रीमियर लीग के पांच खिताब के अलावा पोलार्ड ने मुंबई इंडियन्स को 2011 और 2013 में चैम्पियन्स लीग का विजेता बनाने में भी मदद की। वह टीम में बल्लेबाजी को रोबिन सिंह की जगह लेंगे। मुझे मुंबई इंडियन्स में हमारे पास मौजूद कोचों, प्रबंधकों और अन्य सहयोगी स्टाफ को धन्यवाद देना चाहिए। अब मैं भी इसमें (सहयोगी स्टाफ) शामिल हो गया हूं। हम वर्षो तक उनकी (सहयोगी स्टाफ) निरंतर कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता के बिना सफलता हासिल नहीं कर सकते थे। विशेष रूप से मैं अपने करीबी दोस्त रोबिन सिंह को उनकी अच्छी सलाह और मार्गदर्शन के लिए विशेष शुक्रिया करना चाहता हूं।

## व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के कारण आईपीएल नहीं खेलेंगे कमिंस

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस ने व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के कारण मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र में नही खेलने का फैसला किया। वर्ष 2015 मे आईपीएल मे पदार्पण करने वाले कमिंस दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग में 42 मैच खेल चुके है। उन्होने पिछले सत्र मे पांच मैचों मे 10 . 69 की इकॉनामी रेट से सात विकेट लिए। कमिंस ने ट्वीट किया , मैने अगले साल आईपीएल नही खेलने का कठिन फैसला लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम काफी व्यस्त है और अगले 12 महीने में काफी टेस्ट और वनडे खेलने है। मै विश्व कप और एशेज श्रृंखला से पहले आराम करूंगा। हालात को समझने के लिए केकेआर का धन्यवाद। इतनी शानदार टीम है और उम्मीद है कि जल्दी ही लौटूंगा। हाल ही में संपन्न विश्व कप में कमिंस अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नही कर सके और चार मैचों में नौ के करीब इकॉनामी रेट से तीन ही विकेट लिए। आस्ट्रेलिया को 2023 मे भारत मे बॉर्डर . गावस्कर ट्रॉफी (फरवरी और मार्च) खेलनी है जबकि 16 जून से 30 जुलाई तक एशेज श्रृंखला खेली जाएगी। भारत में वनडे विश्व कप अगले साल अक्टूबर नवंबर में होगा। इंग्लैंड के बल्लेबाज सैम बिलिंग्स ने भी टेस्ट क्रिकेट पर फोकस करने के लिए आईपीएल 2023 नही खेलने का फैसला किया है।

## ब्रावो, विलियमसन, पूरन को आईपीएल नीलामी से पहले रिलीज किया गया

**भाषा।** नई दिल्ली



**आईपीएल** की शीर्ष टीम चेन्नई सुपरकिंग्स ने मंगलवार को दिग्गज ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो के साथ अपना 11 साल से चला आ रहा संबंध समाप्त कर दिया जबकि सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग की मिनी नीलामी से पहले स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन को रिलीज कर दिया। कोच्चि में 23 दिसंबर को होने वाली मिनी नीलामी से पहले खिलाड़ियों को रिटेन और रिलीज करने का आखिरी दिन मंगलवार था। दिन की शुरुआत मुंबई इंडियंस के वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर कीरेन पोलार्ड के आईपीएल से संन्यास की घोषणा के साथ हुई। इसके अलावा पंजाब किंग्स ने अपने पिछले सत्र के कप्तान मयंक अग्रवाल को जबकि सनराइजर्स ने वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन को रिलीज किया। मुंबई इंडियंस ने पोलार्ड सहित कुल 13 खिलाड़ियों को रिलीज किया। चेन्नई ने ब्रावो के अलावा इंग्लैंड के डेथ ओवरों के विशेषज्ञ क्रिस जॉर्डन को भी टीम में नहीं रखा है, जो कि हैरानी भरा फैसला लग रहा है। सुपर किंग्स के सीईओ कासी ने कहा कि जहां तक खिलाड़ियों को बनाए रखने और उन्हें बाहर करने का सवाल है तो यह कड़ा फैसला था क्योंकि चेन्नई अपने खिलाड़ियों के प्रति काफी लगाव रखता है और उन्होंने भी फ्रेंचाइजी के लिए योगदान दिया। खिलाड़ियों को रिलीज करना हमारे लिए काफी मुश्किल फैसला था। कासी ने इसके साथ ही कहा कि जहां तक कप्तानी का सवाल है तो उनके करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ही टीम की अगुवाई करेंगे। इस बीच, दिल्ली कैपिटल्स ने चार खिलाड़ियों को रिलीज़ किया है जिसमें भारत के मंदीप सिंह, केएस भरत और अश्विन हेब्बार और न्यूजीलैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सीफर्ट शामिल हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने ऑलराउंडर शार्दुल को केकेआर को दिया और उससे ऑलराउंडर अमन खान को लिया। पहले आईपीएल के विजेता राजस्थान रॉयल्स ने चार भारतीयों सहित कुल नौ खिलाड़ियों को रिलीज किया। इससे उनके पास 13.2 करोड रुपए की राशि बच गई। जिन खिलाड़ियों को रिलीज किया गया उनमें जेम्स नीशम, नाथन कूल्टर नाइल और रासी वैन डेर डूसन शामिल हैं। नीलामी के लिए सबसे ज्यादा 42.25 करोड़ रुपए सनराइजर्स हैदराबाद के पास होंगे, जबकि पंजाब किंग्स और लखनऊसुपर जायंट्स के पास क्रमश: 32.2 करोड़ और 23.35 करोड़ रुपए होंगे।

## आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की 23 सदस्ईय पुरूष हॉकी टीम की घोषणा

**भाषा।** नई दिल्ली

**अनुभवी ड्रैग** फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह आगामी आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की 23 सदस्ईय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान होंगे। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को टीम की घोषणा की। भारतीय टीम 26 नवंबर से एडीलेड में शुरू हो रहे दौरे पर पांच मैच खेलेगी जो अगले साल होने वाले विश्व कप की तैयारी के लिए अहम है। एफआईएच विश्व कप 13 से 29 जनवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला में खेला जाएगा। अमित रोहिदास को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने एक विज्ञप्ति में कहा , आगामी आस्ट्रेलिया दौरा एफआईएच हॉकी विश्व कप 2023 के प्रबल दावेदारों में से एक के खिलाफ खुद को जांचने का सुनहरा मौका है। हमने अनुभवी खिलाड़ियों के साथ युवाओं को भी चुना है ताकि अपनी टीम की गहराई का आकलन कर सकें। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, अभिषेक और सुखजीत सिंह होंगे जबकि मध्यक्रम की कमान गुरजंत सिंह, आकाशदीप सिंह, मोहम्मद रहील मौसीन, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह और सुमित संभालेंगे।

### विश्वनाथ ने विश्व युवा मुक्केबाजी में जीत से शुरू किया अभियान

**नई दिल्ली।** एशियाई युवा चैंपियन विश्वनाथ सुरेश ने मंगलवार को स्पेन के ला नुसिया में आईबीए युवा पुरुषों और महिलाओं विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के अभियान की शुरुआत आयरलैंड के पटसी जॉयस थाडी पर रोमांचक जीत के साथ की। चेन्नई के 17 वर्षीय मुक्केबाज ने पुरुषों के 48 किग्रा वर्ग के शुरुआती दो चरण में बराबरी के मुकाबले के बाद तीसरे दौर में खेल का स्तर ऊंचा किया और 3-2 के खंडित फैसले से विजेता बने।

### भारत को एशियाई निशानेबाजी में चार स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** भारत ने कोरिया के डेगू में चल रही 15वीं एशियाई एयरगन चैंपियनशिप की एयर पिस्टल प्रतियोगिताओं में अपना परचम लहराते हुए मंगलवार को चार और स्वर्ण पदक जीते। शिव नारवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में सोने का तमगा हासिल किया जबकि इसी स्पर्धा के जूनियर वर्ग में सागर डांगी ने स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा पुरुष और महिला युवा टीमों ने भी अपनी संबंधित स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर इसे भारत के लिए एक और सफल दिन बना लिया। भारत अभी तक इस प्रतियोगिता में 17 स्वर्ण पदक जीत चुका है। नारवाल ने पुरुषों की एयर पिस्टल के फाइनल में कोरिया के अनुभवी पार्क दाहुन को करीबी मुकाबले में 17-13 से हराया।

# अंकित का कहर, उप्र ने गुजरात को हराया



**भाषा।** नई दिल्ली

**विजय हजारे** ट्राफी के मैच में उत्तर प्रदेश ने गुजरात को छह विकेट से हराया। अंकित राजपूत ने 30 रन देकर चार विकेट लिए जिससे उत्तर प्रदेश ने गुजरात को नौ विकेट पर 195 रन ही बनाने दिए। उत्तर प्रदेश में 47 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से रिंकू सिंह ने नाबाद 68, अक्षदीप नाथ ने नाबाद 47 और प्रियम ने 47 रन बनाए। हिमाचल में एक अन्य मैच में शुभम (133) और अमित (120) के शतकों की मदद से चार विकेट पर 362 रन बनाने के बाद मणिपुर को आठ विकेट पर 163 रन पर रोककर 199 रन से बड़ी जीत हासिल की। एक अन्य मैच में चंडीगढ़ ने रिद्धिमान के 101 रन के बावजूद त्रिपुरा को एक करीबी मुकाबले में चार रन से हराया।

### हैदराबाद में सौराष्ट्र को हराया

कप्तान तन्मय अग्रवाल की 119 गेंद में 124 रन की पारी की मदद से हैदराबाद ने मंगलवार को यहां विजय हजारे ट्राफी ग्रुप ए मैच में सौराष्ट्र को पांच विकेट से पराजित किया। सौराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर विकेटकीपर बल्लेबाज हार्विक देसाई के 102 रन की मदद से नौ विकेट पर 312 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद ने इसके जवाब में शानदार शुरुआत की तथा अग्रवाल और रोहित रायुडु (83) ने पहले विकेट के लिए 214 रन की साझेदारी की। इसके बाद रवि तेजा ने 34 और तिलक वर्मा ने 45 रन का उपयोगी योगदान दिया।

विजय हजारे ट्राफी

### राजस्थान ने दिल्ली को 52 रन से हराया

**कोलकाता।** कुणाल सिंह राठौड़ की 75 गेंद में 70 रन की पारी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से राजस्थान ने विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के ग्रुप बी मैच में मंगलवार को यहां दिल्ली को 52 रन से शिकस्त दी। कम स्कोर वाले इस मैच में 218 रन पर ऑल आउट होने के बाद राजस्थान ने दिल्ली की पारी को 166 रन पर समेट दिया। टीम के लिए अनिकेत चौधरी और कमलेश नागरकोटी ने तीन-तीन जबकि दीपक चाहर ने दो विकेट लिए। स्पिनर राहुल चाहर और रवि बिश्नोई ने भी एक-एक विकेट चटकाया।

पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर राजस्थान ने सात रन पर दो विकेट गंवा दिए। अभिजीत तोमर (33), महिपाल लोमरोर (35) और कप्तान अशोक मनेरिया (31) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। सातवें क्रम पर बल्लेबाजी करने आए राठौड़ ने 75 गेंद में 70 रन की पारी खेल टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। विदर्भ ने सिक्किम को सात विकेट से हराया। असम ने मेघालय पर 164 रन की प्रभावशाली जीत दर्ज की।

### पुडुचेरी ने सेना को हराया

**रांची।** पारस डोगरा (नाबाद 129) की नाबाद शतकीय पारी के साथ केबी अरुण कार्तिक और अंकित शर्मा की अर्धशतकों की मदद से पुडुचेरी ने विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के ग्रुप ई मुकाबले में मंगलवार को यहां सेना को पांच विकेट से शिकस्त दी।

## रमनदीप की हैट्रिक, पंजाब की बड़ौदा पर बड़ी जीत

**मुंबई।** मध्यम गति के गेंदबाज रमनदीप सिंह की हैट्रिक की मदद से पंजाब मे विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप बी के मैच मे मंगलवार को यहां बड़ौदा को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। बड़ौदा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसकी टीम केवल 20.4 ओवर मे 81 रन पर ढेर हो गई। रमनदीप ने चार ओवर में 17 रन देकर पांच जबकि बाएं हाथ के स्पिनर अभिषेक शर्मा ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 48 गेंदों पर नाबाद 62 रन बनाए। ग्रुप के अन्य मैचों मे मध्यप्रदेश मे ओडिशा को छह विकेट से जबकि जम्मू कश्मीर ने नागालैंड को 99 रन से हराया।

## तमिलनाडु ने छत्तीसगढ़ को 14 रन से हराया

**बेंगलुरू** तमिलनाडु ने मंगलवार को यहां छत्तीसगढ़ को 14 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप सी में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 340 रन बनाए। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज बी साईं सुदर्शन ने 121 और एन जगदीशन ने 107 रन बनाए। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 233 रन की साझेदारी की। इसके जवाब में छत्तीसगढ़ की टीम कप्तान हरप्रीत सिंह (121) और अमनदीप खरे (115) के शतकों के बावजूद आठ विकेट पर 326 रन ही बना पाई। इन दोनों ने सलामी बल्लेबाजों के जल्दी आउट हो जाने के बाद 199 गेंदों पर 214 रन की साझेदारी की। एक अन्य मैच में आंध्र ने अभिषेक रेडी (136) और कप्तान के भरत (100) के शतकों की मदद से अरुणाचल प्रदेश को 261 रन से हराया। इसी ग्रुप के अन्य मैचों मे केरल ने गोवा को पांच विकेट से जबकि हरियाणा ने बिहार को नौ विकेट से हराया।

## कामर्शियल चैलेंजर्स की लगातार दूसरी जीत

**लखनऊ।** कामर्शियल चैलेंजर्स ने एनईआर लखनऊ के इंटर डिपार्टमेंटल फुटसॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन सिक्योरिटी हंटर्स को 2-1 से हराकर अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सक्योरिटी हंटर्स ने एक अन्य मैच में जीत हासिल की। दूसरी ओर ऑपरेटिंग एवेंजर्स व ट्रैक्शन टाइगर्स का मैच 4-4 से बराबरी पर छूटा। कामर्शियल चैलेंजर्स ने टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में सिक्योरिटी हंटर्स को 2-1 से हराया। सिक्योरिटी हंटर्स ने खेल के पांचवें मिनट में प्रवीण मिश्रा द्वारा किए गोल से शुरुआती बढ़त हासिल की। इसके बाद कामर्शियल चैलेंजर्स ने रणनीति बदलकर आक्रामक रूख अपनाया। टीम से अम्बर प्रताप सिंह ने खेल के 20वें मिनट में साथी खिलाड़ी से मिले पास पर बराबरी का गोल दागा। फिर वीबी सोनकर द्वारा 28वें मिनट में दागे गोल से कामर्शियल चैलेंजर्स ने 2.1 से बढ़त हासिल कर ली जो अंत तक कायम रही।

### साइक्लोथॉन व वॉकथॉन में किया प्रतिभाग

**लखनऊ ।** डायबिटीज के क्षेत्र की प्रमुख रिसर्च संस्था की उत्तर प्रदेश शाखा ने लखनऊ के गोमती नगर के रीवर फ्रंट पर विश्व डायबिटीज दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित किया। उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने उत्तर प्रदेश चैप्टर द्वारा आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम के डायबिटीज वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर अनुज माहेश्वरी,प्रोफेसर नरसिंह वर्मा, एम के श्रीवास्तव, संजय,ी सतीश जोशी और सुदीप सरकार ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ यूसुफअंसारी, डॉ अनिल उपाध्याय, डॉ संजय सिंह और डॉ स्मिता सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और भारत में डायबिटीज केयर के महत्व पर चर्चा की। कई फिटनेस शौकीनों ने वॉक फॉर डायबिटीज् में भी हिस्सा लिया और संस्था के प्रयासों की सराहना की। इलाहाबाद के अलावा अन्य शहरों में भी मोटो साइक्लोथॉन और डायबिटीज के लिए निरूशुल्क स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### जोकोविच ने एटीपी फाइनल्स में लगातार नौवीं बार सिटसिपास को हराया



**तूरिन।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने स्टेफानोस सिटसिपास को एटीपी फाइनल्स मे लगातार नौवी बार हराते हुए पहला मैच 6-4, 7 -6 से जीता। 21 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन जोकोविच ने अस्ताना, कजाखस्तान और पेरिस मास्टर्स में सिटसिपास को हराया था। सिटसिपास पिछले तीन साल से अधिक समय से जोकोविच को हरा नही सके है। इससे पहले आंद्रेइ रूबलेव ने रूस के ही दानिल मेदवेदेव को 6-7, 6-3, 7-6 से हराया। इस मैच के बाद रूबलेन ने यूक्रेन मे चल रहे युद्ध का जिक्र करते हुए टीवी कैमरों के सामने शांति, शांति , शांति , हमें यही चाहिए कहा। रूबलेव और मेदवेदेव के साथ रूस और बेलारूस के सभी खिलाड़ी अपने राष्ट्रध्वज के बिना खेल रहे है और उनके नाम के साथ देश का नाम भी नही लिखा है। यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण खेलो मे दोनो देशो पर काफी प्रतिबंध लगाए गए है।